

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

# समाज जागरण

TITLE CODE :UPHIN49919

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 1 अंक: 074 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 28 दिसम्बर 2022 http://samajjagran.in पेज:12 मूल्य 05 रुपया

# यूपी निकाय चुनाव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट का बड़ा फैसला- OBC आरक्षण रद्द, तत्काल चुनाव कराने के निर्देश

उत्तर प्रदेश में होने वाले नगर निकाय चुनाव को लेकर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ बेंच ने अहम फैसला सुनाते हुए ओबीसी आरक्षण को रद्द कर दिया है।

ओबीसी के लिए आरक्षित अब सभी सीटें जनरल मानी जाएंगी। हाई कोर्ट ने चुनाव आयोग को तत्काल निकाय चुनाव कराने का भी निर्देश दिया है।
कोर्ट ने कहा कि जब तक ट्रिपल टेस्ट का अनुपालन न हो, तब तक ओबीसी आरक्षण नहीं होगा और इसलिए सरकार बिना ओबीसी आरक्षण के चुनाव करवाए।



**जस्टिस डी.के. की खंडपीठ उपाध्याय और जस्टिस सौरभ लवानियो की पीठ ने अपना 87 पेज का निर्णय देते हुए निम्नलिखित निदेशों के कई रिट याचिकाओं की अनुमति दी:**

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शहरी विकास विभाग में धारा 9-ए(5)(3) के तहत जारी अधिसूचना दिनांक 05.12.2022 एतद् द्वारा निरस्त की जाती है। राज्य सरकार द्वारा जारी शासनादेश दिनांक 12.12.2022 जो उत्तर प्रदेश पालिका केन्द्रीकृत सेवा (लेखा संवर्ग) में कार्यपालक अधिकारियों एवं वरिष्ठतम अधिकारी के संयुक्त हस्ताक्षर से नगर पालिकाओं के बैंक खातों के संचालन का प्रावधान करता है, को भी निरस्त किया जाता है।

यह भी निर्देश दिया जाता है कि जब तक राज्य सरकार द्वारा के कृष्ण मूर्ति (सुप्रा) और विकास किशनराव गवली (सुप्रा) में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिए गए ट्रिपल टेस्ट/शर्तों को हर तरह से पूरा नहीं किया जाता है, तब तक पिछड़े वर्ग के लिए कोई आरक्षण नागरिकों को प्रदान किया जाएगो और चूंकि नगर पालिकाओं का कार्यकाल या तो समाप्त हो गया है या 31.01.2023 तक समाप्त होने वाला है और ट्रिपल टेस्ट/शर्तों को पूरा करने की प्रक्रिया कठिन होने के कारण इसमें काफी समय लगने की संभावना है, यह निर्देश दिया जाता है कि राज्य सरकार / राज्य चुनाव आयोग चुनावों को तुरंत अधिसूचित करेगा।

निर्वाचनों को अधिसूचित करते समय अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों के लिए आरक्षित सीटों को छोड़कर अध्यक्षों के पदों और कार्यालयों को सामान्य/खुली श्रेणी के लिए अधिसूचित किया जाएगा। चुनाव के लिए जारी होने वाली अधिसूचना में संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार महिलाओं के लिए आरक्षण शामिल होगा।

यदि नगरपालिका निकाय का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, निर्वाचित निकाय के गठन तक ऐसे नगर निकाय के मामलों का संचालन संबंधित जिला मजिस्ट्रेट की अध्यक्षता वाली तीन सदस्यीय समिति द्वारा किया जाएगा, जिसमें से कार्यकारी अधिकारी / मुख्य कार्यकारी अधिकारी/नगर आयुक्त सदस्य होंगे। तीसरा सदस्य एक जिला स्तरीय अधिकारी होगा जिसे जिला मजिस्ट्रेट द्वारा नामित किया जाएगा।

हालांकि, उक्त समिति संबंधित नगर निकाय के केवल दिन-प्रतिदिन के कार्यों का निर्वहन करेगी और कोई बड़ा नीतिगत निर्णय नहीं लेगी। हमने भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-यू के प्रावधानों द्वारा निर्देशित होने वाले चुनावों को तुरंत अधिसूचित करने का निर्देश जारी किया है, जो कि एक नगर पालिका का गठन करने के लिए चुनाव की अवधि समाप्त होने से पहले पूरा किया जाएगा।

हम समझते हैं कि समर्पित आयोग द्वारा सामग्रियों का संग्रह और मिलान एक भारी और समय लेने वाला कार्य है, हालांकि, भारत के संविधान के अनुच्छेद 243-यू में निहित संवैधानिक जनादेश के कारण चुनाव द्वारा निर्वाचित नगर निकायों के गठन में देरी नहीं की जा सकती है। इस प्रकार समाज के शासन के लोकतांत्रिक चरित्र को मजबूत करने के लिए यह आवश्यक है कि चुनाव जल्द से जल्द हों जो इंतजार नहीं कर सकते। हम यह भी निर्देश देते हैं कि एक बार शहरी स्थानीय निकायों के चुनावों के संदर्भ में पिछड़े वर्ग के नागरिकों को आरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से पिछड़ेपन की प्रकृति और निहितार्थ के रूप में अनुभवजन्य अध्ययन करने की कवायद करने के लिए समर्पित आयोग का गठन किया जाता है। नागरिकों के पिछड़े वर्ग में शामिल करने के लिए ट्रांसजेंडरों की संख्या पर भी विचार किया जाएगा।

**विश्लेषण और अवलोकन कोर्ट ने कहा:**

यदि हम राज्य के वकील द्वारा बताए गए राज्य के रुख की जांच करते हैं, तो हम पाते हैं कि के। कृष्ण मूर्ति (सुप्रा) और विकास किशनराव गवली के मामले में माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा विचार किए गए ट्रिपल टेस्ट अभ्यास से बाहर है। सुप्रा), यूपी राज्य ऐसा प्रतीत होता है कि केवल एक शर्त देखी गई है यानी अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / पिछड़े वर्ग के नागरिकों को एक साथ प्रदान किए गए 50% आरक्षण की अधिकतम सीमा के अनुपालन के संबंध में शर्त। शेष दो शर्तों के संबंध में, अर्थात, (1) स्थानीय निकायों के संबंध में पिछड़ेपन की प्रकृति और निहितार्थ की एक अनुभवजन्य जांच करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन और (2) सिफारिश के आलोक में आवश्यक आरक्षण के अनुपात को प्रदान करना। इस तरह के आयोग, ट्रिपल टेस्ट की आवश्यकता/शर्तें इस मामले में पूरी नहीं होती हैं। वास्तव में, ट्रिपल टेस्ट/शर्तों को पूरा करने के लिए पहला कदम स्थानीय निकायों में पिछड़ेपन की प्रकृति और निहितार्थों की समसामयिक कठोर अनुभवजन्य जांच करने के लिए एक समर्पित आयोग का गठन करना है और एक बार ऐसा आयोग गठित हो जाता है और सिफारिश के आधार पर अपेक्षित जांच करता है। पिछड़े वर्ग के नागरिकों को दिए जाने वाले आरक्षण के आयोग के अनुपात को उस हद तक निर्दिष्ट किया जा सकता है, जब तक कि यह अनुपातिक न हो, ताकि ऐसा आरक्षण अति-चौड़ाई के दायरे में न आए।

भूपेन्द्र कुमार पाण्डेय एडवोकेट
हाइकोर्ट इलाहाबाद/लखनऊ खण्डपीठ

## तेज रफ्तार स्कार्पियो के धक्के युवक गंभीर, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण



सिकन्दरपुर (बलिया) : बेल्थरा मार्ग पर मिजार्पुर गांव के समीप तेज रफ्तार स्कॉर्पियो के धक्का से बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है।
प्राप्त जानकारी के अनुसार रसड़ा निवासी अफजल आलम (19) पुत्र सरफराज आलम मंगलवार को अपने रिस्तेदारी सिकंदरपुर आये थे। वापस घर जाते समय अभी वह मिजार्पुर गांव के समीप पहुंचे ही थे की बेल्थरा की तरफ से आ रही तेज रफ्तार स्कार्पियो ने धक्का मार दिया। जिससे सड़क पर गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं मौके का फायदा उठाकर ड्राइवर स्कॉर्पियो लेकर फरार हो गया। घटना के बाद इकठ्ठा स्थानीय लोगों ने तत्काल उसे सीएचसी सिकंदरपुर पहुंचाया जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

## सिंचाई विभाग की लापरवाही, कड़ाके की ठंड में बिन बारिश सड़क हुई जलमग्न

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : सिचाई विभाग के लापरवाही से बिन बारिश जलमग्न हुआ सड़क हो गई है। पहली बार में ही नहर से ओभरफ़्लो होकर सड़क पर आया पानीऔर 100 मीटर एरिया को जलमग्न किया।



हफ्ते दिन पहले सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की साफ सफाई तो कराई गई थी लेकिन यह कहना कही से भी गलत नहीं होगा कि ये आधा अधूरा काम था। मंगलवार की दोपहर को जैसे ही नहर विभाग द्वारा पानी छोड़ा गया , पानी सिकंदरपुर क्षेत्र के नहर में पहुंचा तो सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए आधे अधूरे कार्य की पोल खुल गई। सारा पानी सिकन्दरपुर कस्बा अंतर्गत स्थानीय गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज के समीप सड़क से ओवरफ्लो होकर बहने लगा, जिससे विद्यालय के आसपास का 100 मीटर तक सड़क पर व घरों के आसपास भारी जलजमाव हो गया। अचानक हुए इस जलजमाव से राहगीरों के साथ साथ सबसे अधिक दिक्कत छात्र छात्राओं हुआ। बता दें कि उक्त मार्ग पर 2 दर्जन से अधिक कोचिंग व आधा दर्जन से अधिक विद्यालय स्थित है, जिनको काफी सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने विभिन्न कंपनियों का किया औचक निरीक्षण

## *निरीक्षण के दौरान छात्र व छात्राओं से बातचीत कर लिया फीडबैक ,ट्रेंनिग पार्टनर्स को दिए आवश्यक दिशा निर्देश*

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से युवाओं को हुनरमंद बनाकर रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं

समाज जागरण

प्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कपिल देव अग्रवाल ने लखनऊ में कौशल विकास विभाग के दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना के अंतर्गत विभिन्न कंपनियों वी-मार्ट, अपोलो हॉस्पिटल, अम्मा चैरिटेबल ट्रस्ट का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान छात्र व छात्राओं से बातचीत की और उनसे फीडबैक भी लिया। उन्होंने युवाओं को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार उनके हितों का ध्यान रख रही है और उनके भविष्य के दृष्टिगत योजनाओं को संचालित कर रही है। उन्होंने
निरीक्षण के दौरान ट्रेनिंग पार्टनर्स को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।
कौशल विकास मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से कौशल विकास विभाग अधिक से अधिक युवाओं को स्किल देकर रोजगार उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने बताया कि



प्रदेश सरकार द्वारा बच्चों को स्कूल में शिक्षा के साथ साथ कौशलपरक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। युवाओं को विभिन्न रोजगार मेले आयोजित कर उन्हें रोजगार से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक युवा को हुनरमंद बनाकर उन्हें रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किये जा रहे हैं। निरीक्षण के समय कौशल विकास के मिशन निदेशक आंद्रा वामसी मौजूद रहे।

## बख्शने के मूड में बिल्कुल नहीं है बाबा का बुलडोजर, जरायम पेशे की कमर ऐसे तोड़ रही योगी सरकार!

मेरठ. यूपी की योगी सरकार 2.0 में अपराधी और माफियाओं के खिलाफ जमकर कार्रवाई हो रही है. लेकिन सबसे ज्यादा कार्रवाई की अगर बात करें तो पश्चिम उत्तर प्रदेश के मेरठ रेंज में हुई है. साल 2022 में जहां योगी सरकार 2.0 के दौरान अपराधियों और माफियाओं की करीब एक अरब 63 करोड़ की संपत्ति कुर्क की जा चुकी है. इतना ही नहीं रेंज के तीन बड़े माफियाओं की करीब 7 करोड़ 25 लाख की प्रॉपर्टी को बाबा के बुलडोजर ने ध्वस्त कर दिया है. दिल्ली से सटे एनसीआर का एक बड़ा हिस्सा मेरठ रेंज में आता है जहां अपराध और अपराधियों के खात्मे को लेकर बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया



गया. मेरठ रेंज के आईजी प्रवीण कुमार के अनुसार, मेरठ, बागपत, हापुड़, बुलंदशहर की बात करें तो उत्तर प्रदेश में दोबारा योगी राज कायम होने के बाद अब तक माफियाओं की एक अरब 62 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति कुर्की जा चुकी है.

इसके अलावा पश्चिम उत्तर प्रदेश के बड़े माफियाओं को चिन्हित करके उनकी और उनकी गिरोह से जुड़े दूसरे लोगों की करीब 7.25 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति पर सरकारी बुलडोजर चल चुका है. जिन पर कार्रवाई हुई उनमें सबसे बड़े नाम बदन सिंह बद्दो,

## शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब अभिभावकों की पुत्रियों की शादी के लिए दिया जा रहा अनुदान।

### शादी अनुदान योजना का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन कर सकते है आवेदन।

गौतमबुद्धनगर 27 दिसंबर, 2022 जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गौतमबुद्धनगर लवेश कुमार सिसोदिया ने जनपद के अन्य पिछड़ा वर्ग के व्यक्तियों का आहवान करते हुये उन्हें जानकारी दी है कि शादी अनुदान योजना के तहत अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) के गरीब अभिभावकों की पुत्री की शादी के लिए 20 हजार रुपए की अनुदान राशि दी जायेगी। शादी अनुदान प्राप्त करने के लिए शादी से 90 दिन पूर्व तथा 90 दिन बाद तक http://shadianudan.upsdc.gov.in लिंक पर जाकर अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है।
उन्होंने शादी अनुदान योजना के पात्रता के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी देते हुये बताया कि आवेदक अन्य पिछड़ा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) का होना चाहिए तथा पुत्री की आयु शादी की तिथि को 18 वर्ष व वर की आयु 21 वर्ष या उससे अधिक होनी चाहिये एवं आवेदक की आय गरीबी की सीमा के तहत शहरी क्षेत्र में 56460 रुपए वार्षिक तथा ग्रामीण क्षेत्र में 46080 रुपए वार्षिक होनी अनिवार्य है। उन्होंने यह भी बताया कि उक्त योजना का लाभ उठाने के लिए वृद्धावस्था, विकलांग एवं विधवा पेंशन के लाभार्थियों को आय प्रमाण पत्र लगाने की आवश्यकता नही हैं, ऐसे लाभार्थियों को अपना रजिस्ट्रेशन नम्बर आवेदन करते समय भरना होगा एवं आवेदक का बैंक खाता राष्ट्रीयकृत बैंक में होना चाहिये। जिला सहकारी बैंक का खाता पी0एफ0एम0एस0 पोर्टल पर स्वीकृत नही किया जायेगा। अतः उक्त योजना में इच्छुक व्यक्ति पहचान पत्र, बैंक पास बुक, शादी का कार्ड, पुत्री का आयु प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, आवेदक के पासपोर्ट साइज फोटो के साथ अपना ऑनलाइन आवेदन कर सकतें है। उक्त योजना के सम्बन्ध में अधिक जानकारी के लिए जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी के कार्यालय संख्या 111, विकास भवन सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क करके प्राप्त कर सकतें है।-राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतमबुद्धनगर।

## सारस्वत समाज गाजियाबाद की बैठक संपन्न

सारस्वत ब्राह्मण समाज कल्याण समिति ( रजि.) गाजियाबाद की कार्यकारिणी की बैठक संस्था के अध्यक्ष गिरीश सारस्वत की अध्यक्षता में प्रताप विहार में संपन्न हुई। महासचिव ज्ञानचंद सारस्वत ने कार्यसूची प्रस्तुत की। कार्यसूची पर विचार विमर्श करते हुए समस्त कार्यकारिणी ने सारस्वत भवन निर्माण समिति के गठन के प्रस्ताव को सर्व सम्मति से स्वीकृति प्रदान की तथा गिरीश सारस्वत, ताराचंद सारस्वत, ज्ञानचंद सारस्वत, राजकुमार सारस्वत राजा, देवी शरण सारस्वत, कौशल किशोर सारस्वत, एम सी शर्मा, वीरेंद्र सारस्वत, देव प्रकाश सारस्वत, दिलीप सारस्वत एवं ओम प्रकाश सारस्वत को सम्मिलित करते हुए 11 सदस्यीय सारस्वत भवन निर्माण समिति की घोषणा की। समाज के सदस्यों के सुझाव के अनुसार सारस्वत भवन निर्माण



समिति में आवश्यकतानुसार और भी सदस्यों को जोड़ा जा सकता है। संगठन सचिव पवन सारस्वत एवं कानूनी सलाहकार अधिवक्ता देव प्रकाश सारस्वत ने संयुक्त रूप से बताया कि इस बैठक में सर्व सम्मति से वरिष्ठ पत्रकार क्रियांशु सारस्वत को संस्था का मीडिया प्रभारी तथा प्रीति सारस्वत को लेडीज कॉर्डिनेटर नियुक्त किया गया। इस दौरान बैंक अधिकारी पद से सेवानिवृत हुए समाज के सदस्य दिलीप सारस्वत का सभी पदाधिकारियों ने उनकी उल्लेखनीय सेवाओं हेतु शॉल उढ़ाकर व माल्यार्पण करके अभिनन्दन किया तथा उनके दीघार्यु व उत्तम स्वास्थ्य सहित उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर संरक्षक शिव कुमार शर्मा, उपाध्यक्ष चंद्रभान शर्मा, चेतन राज सारस्वत, सचिव प्रमोद सारस्वत, प्रचार सचिव योगेंद्र सारस्वत, सांस्कृतिक सचिव हेमंत कौशिक, लेडीज कॉर्डिनेटर विजय लक्ष्मी शर्मा, कल्पना सारस्वत सहित कई पदाधिकारी उपस्थिति रहे।

## 5 जनवरी 2023 तक प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे जनपद के समस्त लाभार्थी कृषक eKyc करायें पूर्ण।

### *eKyc पूर्ण नहीं कराया गया तो जनवरी में आने वाली किस्त का नहीं होगा भुगतान।*

जिला अधिकारी गौतम बुद्ध नगर सुहास एल0वाई0 के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशक गौतम बुद्ध नगर ने जनपद के समस्त कृषकों का आह्वान




करते हुए जानकारी दी है कि प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त कर रहे जनपद के समस्त लाभार्थी कृषक स्वयं या जन सुविधा केंद्र जाकर पी0एम0 किसान पोर्टल पर व्यवस्था अनुसार दिनांक 5 जनवरी 2023 तक **eKyc** पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि सभी लाभार्थी कृषकों का आधार validation के लिए नया लिंक eKyc के नाम से pmkisan.gov.in पोर्टल पर खोल दिया है।
उन्होंने बताया कि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे कृषकों द्वारा ड्ध्ट्व दिनांक 5 जनवरी 2023 तक पूर्ण कराना अनिवार्य है। यदि कृषकों द्वारा उक्त अवधि ekyc कार्य को पूर्ण नहीं किया गया तो माह जनवरी में आने वाली किस्त से वंचित होना पड़ेगा। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।



# महाबली मौसम का कोप और दुनिया

**समाज जागरण**

दुनिया में विश्वगुरु कोई भी हो, महाबली कोई हो लेकिन प्रकृति से ज्यादा महाबली कोई नहीं होता। प्रकृति का कोई भी चेहरा हमेशा खूबसूरत नहीं होता ।इन दिनों भारत में ही नहीं अमेरिका, जापान, चीन में प्रकृति मनुष्य से नाराज हैं। अमेरिका में तो एक हिस्से मे प्रकृति की ना-राजगी से कोहराम मच गया। विज्ञान सब कुछ मूक दर्शक बन कर देखता रहा।

इन दिनों मित्र, रिश्तेदार खबर दे रहे हैं कि दिल्ली समेत पूरे उत्तर भारत में सर्दी पूरे शबाब पर है. हरियाणा और दिल्ली के कई हिस्सों में ठंड ने कंपा दिया है. यहां भीषण स्थिति बनी हुई है. कुछ ऐसे ही हाल पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग इलाकों में देखने को मिले हैं. , जिसकी वजह से लोग घरों में कैद होकर रह गए. , पंजाब और उत्तर-पश्चिम राजस्थान के कुछ हिस्सों में तो सर्दी स्थाई भाव है ही।. मौसम विभाग ने घने से बहुत घने कोहरे की स्थिति बने रहने की संभावना जताई है.

अमेरिका के जिस हिस्से में मै हूं वहां दिल्ली जैसी सर्दी है। यहां कोहरा नहीं है। लेकिन उत्तरी अमेरिका में अब तक बर्फीले तूफान में 36 लोगों की जान जा चुकी है.संयोग से मैंने अपनी पांच अमेरिकी यात्राओं में यहां के मौसम के सभी रूप देखे, किंतु बर्फबारी का मौसम नहीं देखा था,

अमेरिका में बर्फबारी के चलते करीब 7 लाख घरों की बिजली गुल हो गई है । जबकि दूसरे देशों के मुकाबले यहां बिजली वितरण की अभूतपूर्व व्यवस्था होने से लोगों को बिना बिजली के रहने की आदत नहीं है।

अबकी. ठंड से सबसे प्रभावित न्यूयॉर्क का बफेलो है. यहां 43 इंच बर्फबारी हुई है. इसके चलते लोगों का सड़क पर चलना मुश्किल हो रहा है. इतना ही नहीं बिजली घरों पर बर्फबारी के चलते बिजली व्यवस्था चरमरा गई है. यहां एक दर्जन से अधिक लोगों की मौत ठंड से हुई है. हमारे भारत में ऐसा प्रायः: बिहार में होता है।

पूरे उत्तरी अमेरिका में सर्दी से हाल बेहाल हैं. यहां क्रिसमस तो बेरौनक हो ही गयी और अब नववर्ष के जश्न में भी सर्दी ने खलल डाल दिया है. यहां करीब 5.5 करोड़ लोग ठंड से प्रभावित हुए हैं. अमरीका की नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, फ्लोरिडा के मियामी, थंपा, ऑरलेंडो और वेस्ट पाल्म बीच में 25 दिसंबर को 1983 के बाद सबसे कम तापमान रहा.

सर्दी की वजह से बफेलो में सभी तरह की परिवहन सुविधाएं प्रभावित रहीं. यहां ट्रेनें और हवाई यात्रा को रद्द करना पड़ा. यहां तक कि भीषण बर्फबारी के चलते सड़क रास्ते भी बंद रहे. शनिवार को करीब 4 हजार फ्लाइट्स में देरी हुई. वहीं, 2 हजार उड़ाने रद्द कर दी गई ।हम भी अपने घर से बाहर नहीं निकले, क्योंकि जहां जाना था वहां बर्फ जमी है।


इस सबके बावजूद मनुष्य प्रकृति से जूझता है ।सैर- सपाटे के आदी अमरीकी परिवार मौसम के मिजाज पर लगातार नजर रखकर अपनी योजनाओं में रद्दोबदल करते देखे जा सकते हैं। विमान बंद हुए तो भाई लोग अपनी कारों से नये ठिकानों की तरफ कूच कर रहे हैं।आम अमरीकियों के पास 03 जनवरी 2023 तक ही छुट्टियां हैं ।बाद में स्कूल, दफ्तर सब खुल जाएंगे।

इस मौसम में भारत की बहुत याद आती है। क्योंकि इन दिनों में ही सड़कों पर आग में भुने भुट्टे,करारी मूंगफली और गर्मागर्म गाजर का हलुआ खाने को मिलता है। भुट्टे यहां भी मिलते हैं लेकिन सड़कों पर किसी ठेले या झोपड़ी में नहीं ।माल में मिलेंगे,वो भी कच्चे। गाजरें और मूंगफली भी उतनी सरस नहीं होती जितनी भारत में होती हैं। यहां न रजाई का मजा है न अलाव का।

भारत में 2800 किमी की भारत जोड़ो यात्रा एक टीशर्ट पहन कर पूरी कर चुके राहुल गांधी से भी सर्दी के मौसम में मेरी पूरी सहानुभूति है ।वे सच कहते हैं कि सर्दी पैदल आदमी से दूर रहती है ।कभी सर्दी में 10 किमी पैदल चलकर देखिए, पानी की एक शीशी लेकर चलना भी मुहाल होता है ।धान के खेत में पानी देकर देखिए, सर्दी भागती नजर आएगी।

**@ राकेश अचल**

# धीरूभाई अंबानी



**धीरजलाल हीराचंद अंबानी** (जन्म- 28 दिसंबर, 1932, जूनागढ़ ज़िले, सौराष्ट्र; मृत्यु- 6 जुलाई, 2002, मुंबई) भारत के प्रसिद्ध उद्योगपति थे, जिन्होंने रिलायंस इंडस्ट्रीज की स्थापना की। उन्होंने मात्र दसवीं तक की शिक्षा ग्रहण की थी, पर अपने दृढ-संकल्प के बूते उन्होंने स्वयं का विशाल व्यापारिक और औद्योगिक साम्राज्य स्थापित किया। सिर्फ तीन दशकों में ही उन्होंने अपने छोटे से कारोबार को एक विशाल औद्योगिक कंपनी में बदल डाला।

**जन्म एवं परिवार**

**मुख्य लेख : धीरूभाई अंबानी का परिचय**

धीरूभाई अंबानी का जन्म सौराष्ट्र के जूनागढ़ ज़िले में हुआ था। इनका पूरा नाम धीरजलाल हीराचंद अंबानी था। भारत की सबसे बड़ी निजी उद्योग कंपनी रिलायंस के, जिसका कारोबार 65,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा, के मालिक धीरूभाई अंबानी का जीवन असाधारण रूप से घटना-प्रधान रहा है। पिता हीराचंद एक प्राइमरी पाठशाला में अध्यापक थे। धीरूभाई अंबानी के परिवार में इनकी पत्नी कोकिला बेन तथा इनकी चार संतान पुत्र मुकेश अंबानी, अनिल अंबानी, पुत्री नीना कोठरी, दीप्ति सल्गाओकर है।

**व्यवसायिक कॅरियर**

**मुख्य लेख : धीरूभाई अंबानी का कॅरियर**

**व्यवसाय का आरंभ**

आर्थिक कठिनाई के कारण छोटे-मोटे काम करते हुए धीरूभाई कक्षा 9 तक की पढ़ाई कर सके। उसके बाद वे मुंबई आए और यहाँ आजीविका के लिए सड़क पर फल बेचने के सहित दुकानों में काम किया। फिर वे अदन चले गए। यहां भी उन्हें एक रिफाइनरी में मजदूरी और पेट्रोल पंप में तेल भरने का काम मिला।

**कोकिला बेन (धीरूभाई अंबानी की पत्नी) द्वारा यमुना पूजन, मथुरा**

फिर एक चक्कर अमेरिका का लगाया और स्वयं अपना व्यवसाय आरंभ करने का निश्चय करके स्वदेश लौटने पर उन्होंने 1958 में ह्यरिलायंसह्य कमर्शियल कॉरपोरेशन नामक कंपनी बनाई। इस कंपनी ने आरंभ में पश्चिमी देशों में अदरक, हल्दी तथा अन्य मसालों का निर्यात किया। बाद में पालियस्टर धागे, वस्त्र उद्योग, पेट्रो रसायन, तेल और गैस, टेलिकॉम आदि क्षेत्रों में असाधारण उन्नति की। अंबानी ने जनता में शेयर बेचकर धन एकत्र किया और शेयरधारकों का विश्वास सदा बनाए रखा।

**दूरदर्शी व्यक्ति**

वे बड़े दूरदर्शी व्यक्ति थे। उद्योग की संभावनाओं का पूर्वानुमान लगा कर वे समय रहते उस क्षेत्र में काम आरंभ कर देते थे। उन्होंने स्वयं अकूत संपत्ति अर्जित की और शेयरधारकों को भी उसमें साझीदार बनाया। आधुनिक भारत में अपनी सूझबूझ से कुछ ही वर्षों में इतना सफल उद्योग-व्यवसाय समूह स्थापित करने वाले वे अद्वितीय व्यक्ति थे।

**निधन**

दिल का दौरा पड़ने के बाद धीरुभाई को मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 24 जून, 2002 को भर्ती कराया गया। इससे पहले भी उन्हें दिल का दौरा एक बार 1986 में पड़ चुका था, जिससे उनके दायें हाँथ में लकवा मार गया था। 6 जुलाई 2002 को सिर की शिरा फट जाने के कारण उनका मुंबई के एक अस्पताल में देहांत हो गया। और स्वामी विवेकानंद के चरित्रों से अवगत कराना ही नही बल्कि उनको जीना सीखाना होगा। अन्यथा ये पूरी दुनिया सर्कस में तब्दील होगा और देखने वाला कोई नही होगा।

# हीरा लाल शास्त्री

**हीरा लाल शास्त्री** (जन्म- 24 नवम्बर, 1899, जयपुर, राजस्थान; मृत्यु- 28 दिसम्बर, 1974) भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। उन्हें देश के प्रसिद्ध राजनेताओं में गिना जाता था। हीरा लाल शास्त्री को राजस्थान के प्रथम मुख्यमंत्री बनने का गौरव प्राप्त हुआ था। वे 30 मार्च, 1949 से 5 जनवरी, 1951 तक राजस्थान के मुख्यमंत्री रहे थे। उनकी यह अभिलाषा थी कि वे किसी गाँव में जाकर दीन-दलितों की सेवा में अपना जीवन लगा दें। हीरा लाल शास्त्री ने 'वनस्थली विद्यापीठ' की स्थापना की थी। इस विद्यापीठ ने आज नारी शिक्षा की एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्था का रूप ग्रहण कर लिया है।

**जन्म तथा शिक्षा**

हीरा लाल शास्त्री का जन्म 24 नवम्बर, 1899 को राजस्थान के जयपुर ज़िले में जोबनेर के एक किसान परिवार में हुआ था। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा जोबनेर में ही हुई थी। 1920 में उन्होंने साहित्य-शास्त्री की डिग्री प्राप्त की। 1921 में जयपुर के 'महाराज कॉलेज' से बी.ए. किया। इस परीक्षा में हीरा लाल शास्त्री को सर्वप्रथम स्थान प्राप्त हुआ था।[1]

**अभिलाषा**

हीरा लाल जी की बचपन से ही यह बड़ी अभिलाषा थी कि वे किसी गाँव में जाकर दीन-दलितों की सेवा में अपना सारा जीवन लगा दें। हालाँकि 1921 में वे जयपुर राज राज्य सेवा में आ गए थे औप बड़ी तेजीसे उन्नति करते हुए गृह और विदेश विभागों में सचिव बने थे, फिर भी 1927 में उन्होंने इस पद से इस्तीफा दे दिया। प्रशासनिक सेवा के दौरान उन्होंने बड़ी मेहनत, कार्यकुशलता और निर्भीकता से काम किया था।

**राजनीति में प्रवेश**

सन 1929 में हीरा लाल शास्त्री ने अपने बचपन का संकल्प पूरा करने के उद्देश्य से जयपुर से 45 मील की दूरी पर स्थित 'वनस्थली' नामक एक दूरवर्ती और पिछड़े गाँव को चुना और वहाँ 'जीवन कुटीर' की स्थापना की। उन्होंने वहाँ निष्ठावान सामाजिक कार्यकताओं के एक दल को प्रशिक्षित किया और गाँवों के पुनर्निर्माण के लिए एक कार्यक्रम के कार्यान्वयन का प्रयास किया। यही कार्यकर्ता बाद में राजपूताना की कई रियासतों में राजनैतिक जागरुकता के अग्रदूत बने। 1937 में उन्हें 'जयपुर राज्य प्रजा मंडल' का पुनर्गठन करने का भार सौंपा गया। वे इस मंडल के दो बार महामंत्री और दो बार अध्यक्ष चुने गए। इस प्रकार उन्हें स्वयं राजनैतिक क्षेत्र में उतरना पड़ा।

**संविधान सभा के सदस्य**

1939 में नागरिक स्वतंत्रता की प्राप्ति के लिए उन्होंने प्रजा मंडल के सत्याग्राह का नेतृत्व किया और उन्हें छह महीने की कैद हुई। 1947 में उन्हें 'अखिल भारतीय देशी राज्य प्रजा परिषद' का महामंत्री बनाया गया। उसी वर्ष उन्हें संविधान सभा के लिए भी चुना गया।

**राजस्थान के मुख्यमंत्री**

1948 में जयपुर रियासत में प्रतिनिधि सरकार बनने पर हीरा लाल शास्त्री ने उसके मुख्यमंत्री का कार्यभार सँभाला और 30 मार्च, 1949 को जब राजस्थान राज्य का निर्माण हुआ तो वे उसके प्रथम मुख्यमंत्री बने। विभिन्न रियासतों को मिलाने और आज के प्रभावशाली प्रशासन का रूप देने के अत्यंत कठिन कार्य की जिम्मेदारी उन्हीं पर आई। उन्होंने यह जटिल कार्य थोड़े ही समय में पूरा कर लिया। 5 जनवरी, 1951 को उन्होंने इस्तीफा दे दिया और बाद में दूसरी लोकसभा के सदस्य बने।

**वनस्थली विद्यापीठ की स्थापना**

हीरा लाल शास्त्री ने 'वनस्थली विद्यापीठ' की स्थापना की थी। इस विद्यापीठ ने आज नारी शिक्षा की एक प्रमुख राष्ट्रीय संस्था का रूप ले लिया है।

**देहावसान**

28 दिसम्बर, 1974 में हीरा लाल शास्त्री जी का देह-ावसान हुआ। पंडित हीरा लाल शास्त्री बड़े दूरदर्शी और जनप्रिय नेता थे। वे अपने विचार व्यक्त करने में स्पष्टवादी और निर्भिक, सच्चे हृदय से भारतीय तथा निःस्वार्थ समाजसेवी थे। शक्तिशाली, सुसंगठित और प्रगतिशील राजस्थान की नींव डालने का अधिकांश श्रेय उन्हीं को है। डाक-तार विभाग ने पंडित हीरा लाल शास्त्री के सम्मान में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया है।

बैठकी

# भुली-बिसरी, भारतीय लोकतांत्रिक न्याय व्यवस्था

1973 के पार्लियामेंट में कांग्रेस का कथन था- ये सरकार का अधिकार है कि वो किसे सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश बनावे, और हम उसे हीं बनायेंगे जो हमारे अनुकूल हो यह बात तब उठी थी जब 1973 में वरिष्ठ न्यायधीशों- ए. एन. ग्रोवर, जे.एम. शेलात, और के. एस. हेगड़े को दरकिनार करते हुए इंदिरा गांधी ने, ए. एन. रे को मुख्य न्यायाधीश बना दिया थो नतिजतन तीनों वरिष्ठ न्यायधीशों ने इस्तिफा दे दिया थो

26 जून 1975 को अचानक पुरे देश में इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लागू कर दी थी जिसमें जबरन 60 लाख हिंदूओं की नसबंदी कर दी गई थोइमरजेंसी लागू करने का कारण था- 1971 के आम चुनाव में राजनारायण बनाम इंदिरा गांधी के मामले में इंदिरा गांधी द्वारा चुनावी भ्रष्टाचार के सिद्ध हो जाने पर, छः बर्षों तक किसी चुनाव या पद पर न रहने का दण्ड! न्यायधीश थे- माननीय जगमोहन सिन्हा` केस का निर्णय सुनाने के पहले उनको फोन आता है-- अगर तुमने इंदिरा गांधी के खिलाफ फैसला सुनाया तो अपनी पत्नी से कह देना-' इस साल करवां चौथ का व्रत न रखे"

इस पर न्यायमूर्ति सिन्हा ने कहा था- किस्मत से मेरी पत्नी का देहांत दो महिने पहले हो चूका है

फिर इंदिरा गांधी ने अपने को बचाने और हिंदुओं की जनसंख्या कंट्रोल करने की नियत से क्रमशः इमरजेंसी और नसबंदी लागू किया `

न्यायधीश एच. आर. खन्ना को भी कांग्रेस की चमचागिरी स्वीकार नहीं था अतः उन्हें दण्डित करते हुए और तुष्टीकरण का नमुना पेश करते हुए,उनसे नीचे के एम. एच. बेग को मुख्य न्यायाधीश बना दिया गयो

फिर रिटायरमेंट के बाद बेग साहब को नेशनल हेराल्ड का डायरेक्टर बना दिया`यह वही अखबार है जिसके घोटाले में आज श्रीमान राहुल गांधीजी और सोनिया गांधीजी जमानत पर हैं

पुनः 1980 में इंदिरा गांधी की सरकार वापस आयी और बेग साहब को अल्पसंख्यक आयोग का चेयरमैन बना दिया गया फिर राजीव गाँधी ने वफादारी से खुश होकर पद्मविभूषण से विभूषित कियो

आइये एक और वाकया देखते हैंः- श्रीमान बेहरुल इस्लाम कांग्रेस के राज्य सभा सांसद थे ये 1962 में लोकसभा का चुनाव हार गये तो पुनः 1968 में राज्य सभा के एमपी बनाये गये1972 में ये इस्तीफा दे दिये और कांग्रेस ने इन्हें गुवाहाटी हाईकोर्ट का न्यायधीश बना दियो 1980 में ये रिटायर्ड हो गये लेकिन ठीक नौ महिने बाद पुनः इंदिरा सत्ता में वापस आयी और रिटायर्ड बेहरुल इस्लाम को सीधे सुप्रीम कोर्ट का न्यायधीश बना दिया गया`

जो कांग्रेस लोकतंत्र के लिये छाती पीट पीट कर मोदी सरकार को गरियाते गरियाते गला खराब कर रही है उसने लोकतंत्र का गला दबाने से उठा नहीं रखा था

लेकिन हमारे डीएनए में तो सब कुछ भुला देने का गुणसूत्र भरा है न!!! भले हजार बर्षों की गुलामी हीं क्यों न हो!!!



**प्रोफेसर राजेन्द्र पाठक ( समाजशास्त्री)**

# सुमित्रानंदन पंत

**सुमित्रानंदन पंत** ( जन्मः 20 मई 1900; मृत्युः 28 दिसंबर, 1977) हिन्दी साहित्य में छायावादी युग के चार स्तंभों में से एक हैं। सुमित्रानंदन पंत नये युग के प्रवर्तक के रूप में आधुनिक हिन्दी साहित्य में उदित हुए। सुमित्रानंदन पंत ऐसे साहित्यकारों में गिने जाते हैं, जिनका प्रकृति चित्रण समकालीन कवियों में सबसे बेहतरीन था। आकर्षक व्यक्तित्व के धनी सुमित्रानंदन पंत के बारे में साहित्यकार राजेन्द्र यादव कहते हैं कि 'पंत अंग्रेजी के रूमानी कवियों जैसी वेशभूषा में रहकर प्रकृति केन्द्रित साहित्य लिखते थे।' जन्म के महज छह घंटे के भीतर उन्होंने अपनी माँ को खो दिया। पंत लोगों से बहुत जल्द प्रभावित हो जाते थे। पंत ने महात्मा गाँधी और कार्ल मार्क्स से प्रभावित होकर उन पर रचनाएँ लिख डालीं। हिंदी साहित्य के विलियम वर्ड्सवर्थ कहे जाने वाले इस कवि ने महानायक अमिताभ बच्चन को ह्यअमिताभह्न नाम दिया था। पद्मभूषण, ज्ञानपीठ पुरस्कार और साहित्य अकादमी पु-रस्कारों से नवाजे जा चुके पंत की रचनाओं में समाज के यथार्थ के साथ-साथ प्रकृति और मनुष्य की सत्ता के बीच टकराव भी होता था। हरिवंश राय ह्यबच्चनह्न और श्री अरविंदो के साथ उनकी ज़िंदगी के अच्छे दिन गुजरे। आधी सदी से भी अधिक लंबे उनके रचनाकाल में आधुनिक हिंदी कविता का एक पूरा युग समाया हुआ है।

**जीवन परिचय**

सुमित्रानंदन पंत का जन्म 20 मई 1900 में कौसानी, उत्तराखण्ड, भारत में हुआ था। जन्म के छह घंटे बाद ही माँ को क्रूर मृत्यु ने छीन लिया। शिशु को उसकी दादी ने पाला पोसा। शिशु का नाम रखा गया गुसाईं दत्त। ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित हिन्दी के सुकुमार कवि पंत की प्रारंभिक शिक्षा कौसानी गांव के स्कूल में हुई, फिर वह वाराणसी आ गए और 'जयनारायण हाईस्कूल' में शिक्षा पाई, इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद में 'म्योर सेंट्रल कॉलेज' में प्रवेश लिया, पर इंटरमीडिएट की परीक्षा में बैठने से पहले ही 1921 में असहयोग आंदोलन में शामिल हो गए।

**कौसानी में महाकवि का दुर्लभ चित्र**

**प्रारम्भिक जीवन**

कवि के बचपन का नाम 'गुसाईं दत्त' था। स्लेटी छतों वाले पहाड़ी घर, आंगन के सामने आड़ू, खुबानी के पेड़, पक्षियों का कलरव, सर्पिल पगडण्डियां, बांज, बुरांश व चीड़ के पेड़ों की बयार व नीचे दूर दूर तक मखमली कालीन सी पसरी कत्यूर घाटी व उसके उपर हिमालय के उत्तंग शिखरों और दादी से सुनी कहानियों व शाम के समय सुनायी देने वाली आरती की स्वर लहरियों ने गुसाईं दत्त को बचपन से ही कवि हृदय बना दिया था। क्योंकि जन्म के छः घण्टे बाद ही इनकी माँ का निधन हो गया था, इसीलिए प्रकृति की यही रमणीयता इनकी माँ बन गयी। प्रकृति के इसी ममतामयी छांव में बालक गुसाईं दत्त धीरे- धीरे यहां के सौन्दर्य को शब्दों के माध्यम से कागज में उकेरने लगा। पिता 'गंगादत्त' उस समय कौसानी चाय बगीचे के मैनेजर थे। उनके भाई संस्कृत व अंग्रेजी के अच्छे जानकार थे, जो हिन्दी व कुमाँऊनी में कविताएं भी लिखा करते थे। यदाकदा जब उनके भाई अपनी पत्नी को मधुर कंठ से कविताएं सुनाया करते तो बालक गुसाईं दत्त किवाड़ की ओट में चुपचाप सुनता रहता और उसी तरह के शब्दों की तुकबन्दी कर कविता लिखने का प्रयास करता। बालक गुसाईं दत्त की प्राइमरी तक की शिक्षा कौसानी के 'वर्नाक्यूलर स्कूल' में हुई। इनके कविता पाठ से मुग्ध होकर स्कूल इंसपैक्टर ने इन्हें उपहार में एक पुस्तक दी थी। ग्यारह साल की उम्र में इन्हें पढाई के लिये अल्मोडा.के 'गवर्नमेंट हा-ईस्कूल' में भेज दिया गया। कौसानी के सौन्दर्य व एकान्तता के अभाव की पूर्ति अब नगरीय सुख वैभव से होने लगी। अल्मोडा.की खास संस्कृति व वहां के समाज ने गुसाईं दत्त को अन्दर तक प्रभावित कर दिया। सबसे पहले उनका ध्यान अपने नाम पर गया। और उन्होंने लक्ष्मण के चरित्र को आदर्श मानकर अपना नाम गुसाईं दत्त से बदल कर 'सुमित्रानंदन' कर लिया। कुछ समय बाद नेपोलियन के युवावस्था के चित्र से प्रभावित होकर अपने लम्बे व घुंघराले बाल रख लिये।

**साहित्यिक परिचय**

अल्मोड़ा में तब कई साहित्यिक व सांस्कृतिक गतिविधियां होती रहती थीं जिसमें पंत अक्सर भाग लेते रहते। स्वामी सत्यदेव जी के प्रयासों से नगर में ह्यशुद्ध साहित्य समितिह्य नाम से एक पुस्तकालय चलता था। इस पुस्तकालय से पंत जी को उच्च कोटि के विद्वानों का साहित्य पढ़ने को मिलता था। कौसानी में साहित्य के प्रति पंत जी में जो अनुराग पैदा हुआ वह यहां के साहित्यिक वातावरण में अब अंकुरित होने लगा। कविता का प्रयोग वे सगे सम्बन्धियों को पत्र लिखने में करने लगे। श-ुरूआती दौर में उन्होंने 'बागेश्वर के मेले', 'वकीलों के धनलोलुप स्वभाव' व 'तम्बाकू का धुंआ' जैसी कुछ छुटपुट कविताएं लिखी। आठवीं कक्षा के दौरान ही उनका परिचय प्रख्यात नाटककार गोविन्द बल्लभ पंत, श्यामाचरण दत्त पंत, इलाचन्द्र जोशी व हेमचन्द्र जोशी से हो गया था। अल्मोड़ा से तब हस्तलिखित पत्रिका ह्यसुधाकरह्य व ह्यअल्मोड़ा अखबारह्य नामक पत्र निकलता था जिसमें वे कविताएं लिखते रहते। अल्मोड़ा में पंत जी के घर के ठीक उपर स्थित गिरजाघर की घण्टियों की आवाज उन्हें अत्यधिक सम्मोहित करती थीं। अक़्सर प्रत्येक रविवार को वे इस पर एक कविता लिखते। ह्यगिरजे का घण्टाह्य शीर्षक से उनकी यह कविता सम्भवतः पहली रचना है-

**सुमित्रानंदन पंत कविता पढ़ते हुए**

**नभ की उस नीली चुप्पी पर घण्टा है एक टंगा सुन्दर**

**जो घड़ी घड़ी मन के भीतर कुछ कहता रहता बज बज कर**

दुबले पतले व सुन्दर काया के कारण पंत जी को स्कूल के नाटकों में अधिकतर स्त्री पात्रों का अभिनय करने को मिलता। 1916 में जब वे जाड़ों की छुट्टियों में कौसानी गये तो उन्होंने ह्यहारह्य शीर्षक से 200 पृष्ठों का 'एक खिलौना' उपन्यास लिख डाला। जिसमें उनके किशोर मन की कल्पना के नायक नायिकाओं व अन्य पात्रों की मौजूदगी थी। कवि पंत का किशोर कवि जीवन कौसानी व अल्मोड़ा में ही बीता था। इन दोनों जगहों का वर्णन भी उनकी कविताओं में मिलता है।





**स्वतंत्रता संग्राम में योगदान**

**हरिवंशराय बच्चन, सुमित्रानंदन पंत और रामधारी सिंह 'दिनकर'**

1921 के असहयोग आंदोलन में उन्होंने कॉलेज छोड़ दिया था, पर देश के स्वतंत्रता संग्राम की गंभीरता के प्रति उनका ध्यान 1930 के नमक सत्याग्रह के समय से अधिक केंद्रित होने लगा, इन्हीं दिनों संयोगवश उन्हें कालाकांकर में ग्राम जीवन के अधिक निकट संपर्क में आने का अवसर मिला। उस ग्राम जीवन की पृष्ठभूमि में जो संवेदन उनके हृदय में अंकित होने लगे, उन्हें वाणी देने का प्रयत्न उन्होंने युगवाणी (1938) और ग्राम्या (1940) में किया। यहाँ से उनका काव्य, युग का जीवन-संघर्ष तथा नई चेतना का दर्पण बन जाता है। स्वर्णकिरण तथा उसके बाद की रचनाओं में उन्होंने किसी आध्यात्मिक या दार्शनिक सत्य को वाणी न देकर व्यापक मानवीय सांस्कृतिक तत्त्व को अभिव्यक्ति दी, जिसमें अन्न प्राण, मन आत्मा, आदि मानव-जीवन के सभी स्वरों की चेतना को संयोजित करने का प्रयत्न किया गया।

**काव्य एवं साहित्य की साधना**

पंतजी संघर्षों के एक लंबे दौर से गुजरे, जिसके दौरान स्वयं को काव्य एवं साहित्य की साधना में लगाने के लिए उन्होंने अपनी आजीविका सुनिश्चित करने का प्रयास किया। बहुत पहले ही उन्होंने यह समझ लिया था कि उनके जीवन का लक्ष्य और कार्य यदि कोई है, तो वह काव्य साधना ही है। पंत की भाव-चेतना महाकवि रबींद्रनाथ ठाकुर, महात्मा गांधी और श्री अरबिंदो घोष की रचनाओं से प्रभावित हुई। साथ ही कुछ मित्रों ने मार्क्सवाद के अध्ययन की ओर भी उन्हें प्रवृत किया और उसके विभिन्न सामाजिक-आर्थिक पक्षों को उन्होंने गहराई से देखा व समझा। 1950 में रेडियो विभाग से जुड़ने से उनके जीवन में एक ओर मोड़ आया। सात वर्ष उन्होंने 'हिन्दी चीफ प्रोड्यूसर' के पद पर कार्य किया और उसके बाद साहित्य सलाहकार के रूप में कार्यरत रहे।

**युग प्रवर्तक कवि**

हरिवंशराय बच्चन और सदी के महानायक अमिताभ बच्चन के साथ महाकवि सुमित्रानंदन पंत

सुमित्रानंदन पंत आधुनिक हिन्दी साहित्य के एक युग प्रवर्तक कवि हैं। उन्होंने भाषा को निखार और संस्कार देने, उसकी सामर्थ्य को उद्घाटित करने के अतिरिक्त नवीन विचार व भावों की समृद्धि दी। पंत सदा ही अत्यंत सशक्त और ऊजार्वान कवि रहे हैं। सुमित्रानंदन पंत को मुख्यतः प्रकृति का कवि माना जाने लगा। लेकिन पंत वास्तव में मानव-सौंदर्य और आध्यात्मिक चेतना के भी कुशल कवि थे।

**रचनाकाल**

पंत का पल्लव, ज्योत्सना तथा गुंजन का रचनाकाल काल (1926-33) उनकी सौंदर्य एवं कला-साधना का काल रहा है। वह मुख्यतः भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण की आदर्शवादिता से अनुप्राणिक थे। किंतु युगांत (1937) तक आते-आते बहिर्जीवन के खिंचाव से उनके भावात्मक दृष्टिकोण में परिवर्तन आए। पन्तजी की रचनाओं का क्षेत्र बहुविध और बहुआयामी है। आपकी रचनाओं सा संक्षिप्त परिचय इस प्रकार है-

**महाकाव्य**

**सुमित्रानन्दन पंत हस्तलिपि 'याद'**

'लोकायतन' कवि सुमित्रानन्दन पन्त का मह-ाकाव्य है। कवि की विचारधारा और लोक-जीवन के प्रति उसकी प्रतिबद्धता इस रचना में अभिव्यक्त हुई है। इस पर कवि को 'सोवियत रूस' तथा उत्तर प्रदेश शासन से पुरस्कार प्राप्त हुआ है। पंत जी को अपने माता-पिता के प्रति असीम-सम्मान था। इसलिए उन्होंने अपने दो महाकाव्यों में से एक महाकाव्य 'लोकायतन' अपने पूज्य पिता को और दूसरा महाकाव्य 'सत्यकाम' अपनी स्नेहमयी माता को, जो इन्हें जन्म देते ही स्वर्ग सिधार गईं, समर्पित किया है। अपनी माँ सरस्वती देवी को स्मरण करते हुए इन्होंने अपना दूसरा महाकाव्य 'सत्यकाम' जिन शब्दों के साथ उन्हें समर्पित किया है, वे द्रष्टव्य हैं-

**मुझे छोड़ अनगढ़ जग में तुम हुई अगोचर,**
**भाव-देह धर लौटीं माँ की ममता से भर !**
**वीणा ले कर में, शोभित प्रेरणा-हंस पर,**
**साध चेतना-तंत्रि रसौ वै सः झंकृत कर**
**खोल हृदय में भावी के सौन्दर्य दिगंतर !**

**काव्य-संग्रह**

'वीणा', 'पल्लव' तथा 'गुंजन' छायावादी शैली में सौन्दर्य और प्रेम की प्रस्तुति है। 'युगान्त', युगवाणी' तथा 'ग्राम्या' में पन्तजी के प्रगतिवादी और यथार्थपरक भावों का प्रकाशन हुआ है। 'स्वर्ण-किरण', 'स्वर्ण-धूलि', 'युगपथ', 'उत्त-रा', 'अतिमा', तथा 'रजत-रश्मि' संग्रहों में अरविन्द-दर्शन का प्रभाव परिलक्षित होता है। इनके अतिरिक्त 'कला और बूढ़ा चाँद' तथा 'चिदम्बरा' भी आपकी सम्मानित रचनाएँ हैं। पन्तजी की अन्तर्दृष्टि तथा संवेदनशीलता ने जहाँ उनके भाव-पक्ष को गहराई और विविधता प्रदान की हैं, वहीं उनकी कल्पना-प्रबलता और अभिव्यक्ति-कौशल ने उनके कला-पक्ष को सँवारा है।

**सुमित्रानंदन पंत**

चिदंबरा 1958 का प्रकाशन है। इसमें युगवाणी (1937-38) से अतिमा (1948) तक कवि की 10 कृतियों से चुनी हुई 196 कविताएं संकलित हैं। एक लंबी आत्मकथात्मक कविता आत्मिका भी इसमें सम्मिलित है, जो वाणी (1957) से ली गई है। चिदंबरा पंत की काव्य चेतना के द्वितीय उत्थान की परिचायक है। प्रमुख रचनाएं इस प्रकार हैः-

**साहित्यिक विशेषताएँ**

छायावाद को मुख्यतः ह्यप्रेरणा का काव्यह्न मानने वाले इस कोमल-प्राण कवि ने 'हार' नामक उपन्यास के लेखन से अपनी रचना-यात्रा आरंभ की थी, जो ह्यमुक्ताभह्न के प्रणयन तक जारी रही। मुख्यतः कवि-रूप में प्रसिद्ध होने के अलावा ये 'प्रथम कोटि के आलोचक, विचारक और गद्यकार' थे। इन्होंने मुक्तक, लंबी कविता, गद्य-नाटिका, पद्य-नाटिका, रे-डियो-रूपक, एकांकी, उपन्यास, कहानी इत्यादि जैसी विभिन्न विधाओं में अपनी रचनाएँ प्रस्तुत की हैं और लोकायतन तथा सत्यकाम जैसे वृहद महाकाव्य भी लिखे हैं। विधाओं की विविधता की दृष्टि से इनके द्वारा संपादित 'रूपाभ पत्रिका' (सन 1938 ईस्वी) की संपादकीय टिप्पणियाँ और मधुज्वाल की भावानुवादाश्रित कविताएँ भी कम महत्त्वपूर्ण नहीं हैं। आशय यह कि विभिन्न विधाओं में उपलब्ध इनके विपुल साहित्य को एक नातिदीर्घ रचना-संचयन में प्रस्तुत करना कठिन कार्य है। रचनाओं की विपुलता के साथ ही यह भी लक्ष्य करने योग्य है कि प्रकृति और नारीझसौंदर्य से रचनारंभ करनेवाले पंत जी मानव, सामान्य जन और समग्र मानवता की कल्याण-कामना से सदैव जुड़े रहे। इनकी मान्यता थी कि ह्यआने वाला मानव निश्चिय ही न पूर्व का होगा, न पश्चिम काह्न ये सार्वभौम मनुष्यता के विश्वासी थे। अध्यात्म, अंतश्चेतना, प्रेम, समदिक संचरण इत्यादि जैसा संकल्पनाओं से भावाकुल पंत के लेखन-चिन्तन का केन्द्र-बिन्दु हमेशा ह्यलोकह्न पक्ष ही रहा, जो लोकायतन के नामकरण से भी संकेतित होता है। पंत-काव्य का तृतीय चरण, जो ह्यनवीन सगुणह्न के नाम से चर्चित है और जिसे हम शुभैषणा-सदिच्छा का स्वस्ति-काव्य कह सकते हैं, इसी ह्यलोकह्न के मंगल पर केन्द्रित है।[3]

**सुमित्रानन्दन पंत हस्तलिपि 'नक्षत्र'**

**प्रकृति-प्रेमी कवि**

'उच्छास' से लेकर 'गुंजन' तक की कविता का सम्पूर्ण भावपट कवि की सौन्दर्य-चेतना का काल है। सौन्दर्य-सृष्टि के उनके प्रयत्न के मुख्य उपादान हैं- प्रकृति, प्रेम और आत्म-उद्बोधन। अल्मोड़ा की प्राकृतिक सुषमा ने उन्हें बचपन से ही अपनी ओर आकृष्ट किया। ऐसा प्रतीत होता है जैसे माँ की ममता से रहित उनके जीवन में मानो प्रकृति ही उनकी माँ हो। उत्तर प्रदेश के अल्मोड़ा के पर्वतीय अंचल की गोद में पले बढ़े पंत जी स्वयं यह स्वीकार करते हैं कि उस मनोरम वातावरण का इनके व्यक्तित्व पर गंभीर प्रभाव पड़ा। कवि या कलाकार कहां से प्रेरणा ग्रहण करता है इस बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए पंत जी कहते हैं, संभवतः प्रेरणा के स्त्रोत भीतर न होकर अधिकतर बाहर ही रहते हैं। अपनी काव्य यात्रा में पन्त जी सदैव सौन्दर्य को खोजते नजर आते हैं। शब्द, शिल्प, भाव और भाषा के द्वारा कवि पंत प्रकृति और प्रेम के उपादानों से एक अत्यंत सूक्ष्य और हृदयकारी सौन्दर्य की सृष्टि करते हैं, किंतु उनके शब्द केवल प्रकृति-वर्णन के अंग न होकर एक दूसरे अर्थ की गहरी व्यंजना से संयोजित हैं। उनकी रचनाओं में छायावाद एवं रहस्यवाद का समावेश भी है। साथ ही शेली, कीट्स, टेनिसन आदि अंग्रेजी कवियों का प्रभाव भी है। मेरे मूक कवि को बाहर लाने का सर्वाधिक श्रेय मेरी जन्मभूमि के उस नैसर्गिक सौन्दर्य को है जिसकी गोद में पलकर मैं बड़ा हुआ जिसने छुटपन से ही मुझे अपने रूपहले एकांत में एकाग्र तन्मयता के रश्मिदोलन में झुलाया, रिझाया तथा कोमल कण्ठ वन-पखियों ने साथ बोलना कुहुकना सिखाया। पंतजी को जन्म के उपरांत ही मातृ-वियोग सहना पड़ा।

**भाव पक्ष**

पन्तजी के भाव-पक्ष का एक प्रमुख तत्त्व उनका मनोहारी प्रकृति चित्रण है। कौसानी की सौन्दर्यमयी प्राकृतिक छटा के बीच पन्तजी ने अपनी बाल-कल्पनाओं को रूपायित किया था। प्रकृति के प्रति उनका सहज आकर्षण उनकी रचनाओं के बहुत बड़े भाग को प्रभावित किए हुए है। प्रकृति के विविध आयामों और भंगिमाओं को हम पन्त के काव्य में रूपांकित देखते हैं। वह मानवी-कृता सहेली है, भावोद्दीपिका है, अभिव्यक्ति का आलम्बन है और अलंकृता प्रकृति-वधू भी है। इसके अति-रिक्त प्रकृति कवि पन्त के लिए उपदेशिका और

स्वामी मुद्रक एंव प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी, 42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कुल श्याम लाल कालोनी बरोला सेक्टर 49 नोएडा 201301 गौतमबुध्द नगर ,उ.प्र. से प्रकाशित, फोन 9891706853
संपादक– रमन कुमार झा , समस्त विवाद का निपटारा गौतमबुध्द नगर न्यायालय में होगा, वेबसाइट: www-vatankiawaz-com , Email: vatankiawaz@gmail-com TITLE CODE UPHIN49919\2021

# स्टार्टअप इंडिया बनाम 80 महीने।

## स्टार्टअप इंडिया के तहत बिहार की स्थिति बहुत खराब है ।

समाज जागरण, सत्य प्रकाश नारायण जिला संवाददाता /धनंजय कुमार विधि संवाददाता

औरंगाबाद ( बिहार ) 27 दिसंबर 2022 :- छोटे उद्योगों पर महिलाओं का राज कायम हो गया है। बिहार को छोड़कर अन्य पांच राज्यों में स्टार्टअप इंडिया स्कीम के तहत 80 महीने में 80% से ज्यादा लोन लेकर महिला उद्यमियों के रूप में उभर कर सामने आए हैं । अप्रैल 2016 में शुरुआत से दिसंबर 2022 की शुरुआत तक इस स्कीम में लगभग 80 .2 प्रतिशत लोन महिला स्वामित्व वाली बिजनेस यूनिट्स को मंजूर किए गए हैं। वित्त राज्यमंत्री भागवत कराड ने हाल में राज्य सभा में यह जानकारी साझा की। इनमें से 5 टॉप राज्य( महाराष्ट्र, तमिलनाडु , उत्तर प्रदेश, कर्नाटक और गुजरात ) मुख्य रूप से उभर कर सामने आए हैं। स्टार्टअप इंडिया के तहत बिहार की स्थिति बहुत



खराब है । इमरजेंसी क्रेडिट लाइन गारंटी स्कीम के तहत पांच लाख करोड़ का कोलेस्ट्रॉल फ्री ऑटोमेटिक लोन , आत्मनिर्भर भारत कोश के जरिए 50,000 करोड़ रुपए की इक्विटी को लगाना , एम एस एम ई के वर्गीकरण के लिए नए संशोधित मापदंड अपनाए गए हैं। महिलाएं बिजनेस में भी ताकत दिखला रही हैं, केंद्रीय एम एस एम आई मंत्री नारायण राणे ने हाल में लोकसभा में बताया कि बीते वर्ष 2122 में 139244 महिलाएं लाभार्थी के रूप में दर्ज किए गए हैं ,जिन्हें 8 02126 करोड़ों रुपए का वित्तीय मदद दी गई है, यह पिछले साल से एक का 51.5 प्रतिशत अधिक है। स्टार्ट ऑफ इंडिया के तरह बिहार में भी महिलाओं को इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की जरूरत है और बैंक तथा संबंधित विभाग को भी इसमें सकारात्मक सोच रखते हुए सहयोग करने की जरूरत है ताकि बिहार भी देश में प्रथम स्थान प्राप्त करें और महिलाएं स्वावलंबी बन सके।

## ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी ने किया शोक सभा का आयोजन

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया( बिहार )- दिनांक 27 दिसंबर 2022- ब्राह्मण जागृति मंच अनुमंडल शाखा टिकारी की एक कोर कमिटी के सदस्यों ने ग्राम -खैरा भट्ट बिगहा पहुंचकर श्री कृष्णनंदन राय के 51वर्षीय पुत्र धर्मेंद्र कुमार राय की आकस्मिक निधन होने पर शोक सभा का आयोजन किया शोक सभा में उपस्थित कोर कमेटी के सदस्यों ने निधन होने पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना किया एवं इस दुख की घड़ी में परिजनों को धैर्य ,शक्ति एवं साहस देने की कामना ईश्वर से किया



' बताया जाता है कि धर्मेंद्र कुमार राय का निधन हृदय गति रुक जाने के कारण हो गया ' परिजनों ने कहा कि धर्मेंद्र कुमार राय सीआईएसएफ में एसीजीडी पद पर कार्यरत थे, जिनकी मृत्यु 24दिसंबर 2022को कलकत्ता स्थित आवास पर ही हृदय गति रुकने के कारण हो गया। शोक सभा में उपस्थित होने वालों में कृष्णनंदन राय, दिलीप राय, योगेंद्र राय, रामनरेश राय, रामकेश्वर राय, रामबली राय, विमलेश राय, सतीश राय, आदित्य राय, विनय विकास, प्रणय प्रकाश, समरेश राय, अनुमंडलीय सचिव शिवबल्लभ मिश्र, योगेंद्र वैध, मुकेश शर्मा,प्रदीप राय, शंभू पाठक का नाम शामिल है

## अगलगी में धान के हजारों बोझे के साथ जले किसान के सपने

समाज जागरण, विजय कुमार सिंह , संवाददाता कुटुंबा प्रखंड,

औरंगाबाद , ( बिहार )27 दिसंबर 2022 :- प्रखंड क्षेत्र के किसानों पर प्रकृति ने बेरुखा का रंग दिखाया है। एक तरफ किसानों को सूखे का सामना करना पड़ा वहीं दूसरी प्राकृतिक आपदाओं ने भी किसानों को जमकर नुकसान पहुंचाया है। जिले के कई जगहों पर अगलगी की घटना में कई किसानों के फसल पूरी तरह बर्बाद हो गए। जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ा है। प्रखंड क्षेत्र के डुमरा गांव में सोमवार की रात्रि लगभग 11:00 बजे अगलगी की घटना में अर्जुन यादव के 2200 धान के बोझे तथा उसी खलिहान में रखे प्रवील पाल के 300 धान के बोझे जलकर खाक हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि अर्जुन



यादव के खलिहान में धान के बोझे रखे हुए थे। अचानक खलिहान में आग की लपटें उठती देख आसपास के लोग घटनास्थल की ओर दौड़ पड़े और आग बुझाने का भरपूर प्रयास किया। लेकिन आज की लफड़े कम होने की बजाय भीषण होती चली गई। प्रतिकूल हालात देखकर ग्रामीणों ने अग्निशमन विभाग को फोन से सूचित किया। लेकिन जब तक अग्निशमन वाहन घटनास्थल पर पहुंचकर बचाव कार्य करता तब तक देर हो चुकी थी। पीड़ित अर्जुन यादव ने बताया कि 14 बीघा जमीन के धान का बोझा खलिहान में रखा हुआ था। प्रशासन को दिए आवेदन में अर्जुन यादव ने सात लाख रुपए तथा प्रवील पाल ने तीन लाख पचास हजार रुपए के नुकसान होने की स्थिति में आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है।

## बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के बोधगया आगमन होने से गया के विभिन्न क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या में हुआ इजाफा- हिमांशु शेखर

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया ( बिहार )- बौद्ध धर्म गुरु दलाई लामा के बोधगया आगमन के पश्चात आसपास के सभी क्षेत्रों में पर्यटकों की संख्या बढ़ चुकी है। आज बड़ी संख्या में तिब्बत और विभिन्न क्षेत्रों के बौद्ध भिक्षु सांसद आदर्श ग्राम केसपा स्थित माँ तारा देवी मंदिर एवं गांव के बीच में स्थित गौतम बुद्ध की आदमकद प्रतिमा का दर्शन किया। खुले आकाश के नीचे भगवान बुद्ध की अद्भुत प्रतिमा को देखकर सभी अचंभित रह गए, एवं गांव के विकास में सहयोग प्रदान करने का भरोसा दिलाया। बौद्ध भिक्षुओं ने गांव में संचालित गंगा पब्लिक स्कूल में बच्चों से मिला एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना किया। इस अवसर पर ग्रामीण सामाजिक कार्यकर्ता हिमांशु शेखर, प्रो अरुण कुमार,डब्लू कुमार ,विक्रम



कुमार, श्याम कृष्णा उर्फ रिंटू सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। हिमांशु शेखर ने मीडिया से भेंट वार्ता के दौरान कहा कि , प्राचीन काल में यह गांव बौद्ध धर्मावलंबियों के आस्था का केंद्र रहा है। गांव में स्थित मां तारा देवी मंदिर की बनावट बौद्ध कलाकृति की झलक मिलती है। भगवान बुद्ध भी मां तारा देवी के उपासक थे। आज बौद्ध धर्म के सबसे बड़े गुरु दलाई लामा भी मां तारा की पूजा करते है, एवं तिब्बत के घर-घर में मॉं तारा देवी की आराधना किया जाता है। इस गांव में बौद्ध धर्म से जुड़े कई साक्ष्य उपलब्ध है ग्रामीणों से बौद्ध भिक्षुओं के द्वारा यह संदेश प्रेषित किया है, कि दलाईलामा स्वयं केसपा गांव का परिभ्रमण करें एवं बौद्ध धर्म से जुड़े साक्ष्यों के अवलोकन करें।

## कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन कराने को लेकर जिला पदाधिकारी डॉ त्यागराजन एसएम ने बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में विभिन्न होटल संचालकों के साथ किया बैठक।

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया ( बिहार ) 27 दिसंबर 2022 -कोरोना के प्रोटोकॉल का पालन कराने को लेकर जिला पदाधिकारी गया डॉ॰ त्यागराजन एसएम ने बोधगया स्थित महाबोधि सांस्कृतिक केंद्र के सभागार में विभिन्न होटल संचालकों के साथ बैठक करते हुए कई दिशा- निर्देश दिया ' जिला पदाधिकारी ने होटल संचालकों को दिशा- निर्देश जारी करते हुए कहा कि आपके होटल में देश- विदेश से आने वाले टूरिस्ट को ध्यान में रखते हुए कोरोना से बचाव हेतु पूरी प्रिकॉशन का पालन कराना सुनिश्चित करें ' उन्होंने कोरोना से बचाव को लेकर कई टिप्स भी जारी किया ' उन्होंने सभी होटल के संचालक को कहा कि होटल के कमरे, बरामदा एवं होटल के पब्लिक प्लेस को लगातार सेनेटाइज करवाते रहें। सभी होटल में अपने स्तर से एडवाइजरी भी जारी करें, ताकि आपके होटल में आने वाले टूरिस्ट उसे पालन कर सकें। सभी होटल संचालक को आगे कहा कि अपने होटल के कम से कम 10 कमरा को अलग सेपरेट रखें, ताकि यदि को कोरोना का मामला आता है, तो उन्हें वहां आइसोलेट किया सकें। होटल के चिन्हित एरिया में एंट्री एग्जिट सेपरेट रखें, ताकि कोई भी टूरिस्ट उस क्षेत्र में ना जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी होटल के संचालक टॉप फ्लोर के रूम चिन्हित करें इसके साथ ही उन्होंने सभी होटल मालिक को कहा कि आपके होटल में कितने कमरे हैं, उसका लिखित रिपोर्ट उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाए 'उन्होंने कार्यपालक पदाधिकारी नगर परिषद बोधगया को निर्देश दिया कि अभी बोधगया में टूरिस्ट सीजन है। काफी अधिक संख्या में विदेशों से पर्यटक बोधगया आ रहे हैं। इसे देखते हुए बोधगया के तमाम होटल के बाहरी परिसर, सभी मोनेस्ट्री एवं भीड़ भाड़ वाली जगह में गुणवत्तापूर्ण अभियान स्तर पर सैनिटाइज करवाएं। इसके साथ उन्होंने यह भी कहा कि छोटी छोटी गलियों में हैंड मशीन के माध्यम से भी सैनिटाइज कराना सुनिश्चित की जाए ' जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थाना अध्यक्ष तथा अनुमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया कि पूरे जिले में अपने स्तर से मास्क चेकिंग अभियान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बोधगया को विशेष निर्देश देते हुए कहा कि विभिन्न चौक चौराहों पर ट्रैफिक के सिपाही भी मास्क चेकिंग अभियान पर जोर दें। जो भी व्यक्ति बिना मास्क के मिलते हैं उन्हें निर्देश दे कि मास्क जरूर पहने।उन्होंने कहा कि ई रिक्शा, टेंपो, रिक्शा के ड्राइवर को मास्क पहनकर गाड़ी चलाने हेतु प्रेरित करें तथा ड्राइवर को यह भी निर्देशित करें कि अपने वाहन में बैठाने वाले यात्रियों को मास्क पहनाकर ही अपने वाहन में बैठाएं। जिला पदाधिकारी ने कहा कि आज से रोको टोको अभियान चलाते हुए लोगों को मास्क प्रयोग हेतु जागरूक करें। लोग जितना अधिक मास्क का प्रयोग करेंगे, उतना ही ज्यादा संक्रमण को रोकने में कामयाबी प्राप्त होगा 'जिला पदाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन व एयरपोर्ट पर कोविड जांच का दायरा को और बढ़ाएं। एयरपोर्ट पर कमांड योग्य पदाधिकारी कर्मी की प्रतिनियुक्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि डाटा को संधारित गुणवत्तापूर्ण कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि रेलवे स्टेशन पर दूसरे राज्य से आने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रखते हुए सैंपल जांच करावे।इसके उपरांत जिला पदाधिकारी द्वारा तिब्बत मोनेस्ट्री के सामने स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए कोरोना सैंपल जांच काउंटर का निरीक्षण किया। जिला पदाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सक को निर्देश दिया कि लगातार सैंपल जांच करते रहें तथा रजिस्टर संधारित करें। रैपिड एंटीजन एवं आरटीपीसीआर के माध्यम से सैम्पल जांच करवाएं। सैम्पल कलेक्ट के लिये एक अलग से घेरा बनाये, जहां सैम्पल लिया जा सके। बैठक के दौरान उपस्थित होने वालों में वरीय पुलिस अधीक्षक हरप्रीत कौर, अनुमंडल पदाधिकारी सदर इंद्रवीर कुमार, सिविल सर्जन, डीपीएम स्वास्थ्य, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## दो थाना क्षेत्रों में हुई चोरी के मामले का हुआ उद्भेदन,चोरी के समान के साथ चार चोर गिरफ्तार।

**◆ चोर की पहचान छबीला पासवान उर्फ टाइगर उम्र 19 वर्ष, विशाल कुमार उम्र 19 वर्ष गौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष के रूप में की गई है.**

**◆ चोरी के समान बेला गांव निवासी गृजेश कुमार के घर छुपाकर रखी गई , जिसे पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बरामद कर ली और समान के साथ गृजेश कुमार को भी धर दबोचा.**

समाज जागरण सुखेन्द्र कुमार , संवाददाता गोह प्रखंड

औरंगाबाद ( बिहार ) उपहारा थाना की पुलिस ने थाना मोड़ के समीप से दो अलग अलग थाने से हुई चोरी मामले का पटाक्षेप करते हुए चोरी के सामान के साथ चार चोरों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से ताला तोड़ने के उपकरण व चोरी का सामान भी मिला है। थानाध्यक्ष मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि हाल के दिनों में अरण्डा गांव में अज्ञात चोरों के द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी की गई थी। इस संबंध में उपहारा थाने में प्राथमिकी



दर्ज कराई गई थी। तब से पुलिस घटना के पदार्फाश के लिए लगातार छापेमारी कर रही थी. इसी दरम्यान 25 दिसंबर की रात्रि थाना मोड़ पर पुलिस गश्त कर रही थीं. एक मोटरसाइकिल पर तीन युवक सवार होकर कहीं जा रहे थे. शक होने पर थाना लाकर पूछताछ की गई तो बंशी थाना कांड संख्या 98/22 व उपहारा थाना कांड संख्या 98/22 चोरी की घटना में संलिप्तता खुद स्वीकारी. जिसके बाद एक-एक कर चोरों की पहचान की गई। चोर की पहचान गया जिले के टिकारी निवासी छबीला पासवान उर्फ टाइगर उम्र 19 वर्ष, उसी जिले के देवधरपुर निवासी विशाल कुमार उम्र 19 वर्ष व मऊ निवासी गौरभ कुमार उम्र 20 वर्ष के रूप में की गई है. वही उसी के निशानदेही पर पूछताछ के क्रम में पता चला कि चोरी गई समान बेला गांव निवासी गृजेश कुमार के घर छुपाकर रखी गई है जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उसे भी समान के साथ धर दबोचा.

**ये सामान हुआ बरामद**

थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार चोरों के पास से सोना करीब 5 ग्राम, चांदी करीब 90 ग्राम, फूल बर्तन 1.5 किलो, कांसा बर्तन 2 किलो, पितल बर्तन 1.5 किलो, गैस चूल्हा 8, सिलेंडर 1 बरामद किया गया है। वहीं गिरफ्तार चोरों को मंगलवार को जेल भेज दिया गया है।

## विश्व ब्राह्मण संघ व विप्र फाउंडेशन रामगढ झारखंड के तत्वाधान में चार दिवसीय फिजियोथेरेपी कैम्प का दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण के साथ किया गया शुभारंभ- प्रदीप शर्मा

समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया ( बिहार ).27 दिसंबर 2022 -रामगढ झारखंड, विश्व ब्राह्मण संघ एवं विप्र फाउंडेशन के तत्वाधान में चार दिवसीय फिजियोथेरेपी कैम्प का शुभारंभ मंगलवार को श्री राणी सती मन्दिर, बिजुलिया तालाब रोड रामगढ के हॉल में सुबह 10:00 बजे दीप प्रज्वलित कर मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक किया गया ' इस संबंध में प्रदीप शर्मा ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि प्रत्येक दिन सुबह 10 बजे से 1बजे तक एवं शाम 4 बजे से शाम 7 बजे तक लगातार चार दिन 30,12,2022 दिन शुक्रवार तक चलेगा। जिसका सम्पर्क सूत्र नम्बर 99738 44711, 62032 73792 एवं 94319 24240 है जिसपर सम्पर्क कर रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। जिसमे कमर दर्द, साइटिका, घुटने का दर्द, कंधे के दर्द से पीड़ित व्यक्ति शिविर का लाभ ले सकते है। मुख्य अतिथि, रामगढ मारवाड़ी सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष सह समाज सेवी



माननीय बजरंग लाल अग्रवाल एवं विप्र फाउंडेशन व विश्व ब्राह्मण संघ के प्रदेश मुख्य महासचिव प्रदीप कुमार शर्मा ,विशिष्ठ अतिथि छावनी पारिषद नामित सदस्य कीर्ति गौरव ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं आचार्य के द्वारा वैदिक मंत्रो उच्चारण के साथ किया गया। उन्होंने जारी प्रेस विज्ञप्ति में आगे कहा कि मुख्य अथितीथ माननीय बजरंग लाल अग्रवाल एवं विप्र फाउंडेशन व विश्व ब्राह्मण संघ झारखंड प्रदेश मुख्य महासचिव सह सदस्या प्रभारी ने लोगो से कहा कि इस कैम्प का लाभ सभी को उठाना चाहिए, कैम्प में उदयपुर के डाक्टर कैलाश जी एवं चैनन इत्यादी डाक्टरो के द्वारा अपनी सेवाए दी जायेगी। कार्यक्रम का संचालन श्याम शर्मा एवं सचिव सुरेन्द्र पांडे ने संयुक्त रूप से किया, वही धन्यवाद ज्ञापन कमल शर्मा ने किया। कार्यक्रम के दौरान संस्था के जिलाध्यक्ष महेश मिश्रा तथा गोकुल शर्मा उपस्थित थे

## वेद पर आधारित शिक्षा से ही मानवता का कल्याण संभव-डॉक्टर प्रेम कुमार

**पाठक जी ने वेद के साथ विज्ञान की शिक्षा देने का संकल्प लेकर मानवता का कल्याण करने का कार्य किया है**

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया ( बिहार )- गया जिले के स्थानीय विशार तालाब के उत्तरी पूर्वी छोर पर "मंगलम एस्ट्रोलॉजिकल सेंटर" का उद्घाटन बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं नगर विधायक प्रेम कुमार ने फीता काटकर किया ' इस अवसर पर उन्होंने प्रेस को दिए बयान में कहा कि सुरेंद्र कुमार पाठक के द्वारा इस ऐतिहासिक कार्य में हृदय से सराहना करता हूं एवं आभार व्यक्त करता हूं , क्योंकि पाठक जी ने वेद के साथ विज्ञान की शिक्षा देने का संकल्प लेकर मानवता का कल्याण करने का कार्य किया है। मैं हृदय से कामना करता हूं पाठक जी, अपनी लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम होंगे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े कौटिल्य मंच एवं भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने अपनी उदगार में कहा की वेद विज्ञान की जननी तथा समस्त प्राणियों की रक्षा का मार्ग प्रशस्त करने का अमूल्य धरोहर है, जिसे पाठक जी रही विभिन्न विधाओं को पुनर्जीवित करने का निर्णय लिया है। जिसमें युवाओं को संस्कृत की रक्षा के लिए प्रेरित करनेके साथ राष्ट्रीय भावनाओं को जागृत करने संकल्प लिया है।अंत में बिहार के जाने-माने वेद, संस्कृत साहित्य के अधिकारी विद्वान आचार्य राघवेंद्र मिश्रा जी ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ धन्यवाद ज्ञापन किया।



ने आधुनिक वैज्ञानिक शिक्षा के साथ विलुप्त हो रहे हैं विभिन्न विषयों की शिक्षा के माध्यम से शिक्षित करने का प्रयास किया है। जो सराहनीय व प्रशंसनीय है। संस्थान के संस्थापक सुरेंद्र कुमार पाठक ने कहा किसके माध्यम से मैं अपने सहृदय मित्रों अभिभावकों से लंबी-लंबी विचार विमर्श के पश्चात युवाओं को संस्कृत आयुर्वेद ज्योतिष आदि विलुप्त हो उद्घाटन समारोह में उपस्थित होने वालों में प्रमुख कविता कुमारी, शशांक मिश्र, नीतीश कुमार उर्फ पिंटू सिंह, प्रभाकर पाठक, दिवाकर पाठक ,जितेंद्र कुमार, सागर कुमार, संजय कुमार, नीरज कुमार सिंह ,अंशुमान, नागिन ,अमरेश पांडे, रंजीत पाठक ,पवन मिश्र ,कृष्ण मुरारी पाठक ,संजय शर्मा का नाम शामिल है '

## सद्भावना क्रिकेट मैच में अमझरशरीफ ने जलपुरा को 3 विकेट से हराया।

दैनिक समाज जागरण, संवाददाता, सत्यदेव सिंह, हसपुरा औरंगाबाद( बिहार)27 दिसम्बर 2022:- हसपुरा प्रखंड मुख्यालय स्थित हाईस्कूल के छोटी खेल मैदान में खेले जा रहे सद्भावना क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरा क्वार्टर मैच मंगलवार को अमझरशरीफ एवं जलपुरा टीम बीच खेला गया। जिसमें अमझरशरीफ की टीम ने जलपुरा को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में खेलने की जगह बना ली। जलपुरा की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 14 ओवर में रन 9 विकेट खोकर 138 का स्कोर खड़ा किया। जबाबी पारी खेलने उतरी अमझरशरीफ की टीम ने 7 विकेट गंवाकर जीत की लक्ष्य हासिल कर लिया और सेमीफाइनल में खेलने के लिए जगह बना ली। अमझरशरीफ 3 विकेट से जीत दर्ज कर लिया।शानदार खेलने के लिए मुनतजीर को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया।अम्पायर की भूमिका राजवीर भारती उर्फ.रिंकू व मो . अरमान ने निभाई। स्कोरिंग रोहित खत्री ने किया। जबकि खेल प्रेमियों को कमेंट्री शिक्षक आशिफ एकबाल व मनोज कुमार ने सुनाया।

**खेल से शारीरिक स्फूर्ति व बढ़ता है भाईचारा।**

खिलाड़ियों से परिचय के उपरांत



जिला परिषद प्रतिनिधि मो.एकलाख खां , हसपुरा मुखिया प्रतिनिधि सह अमझरशरीफ पैक्स अध्यक्ष राकेश सिंह , डीडीओ राजेश कुमार ने खिलाड़ियों के बीच कहा खेल के आयोजन से शारीरिक स्फूर्ति के साथ आपसी भाईचारा व सौहार्द बढ़ता है। आगुंतकों ने आयोजन समिति के सचिव धर्मेन्द्र कुमार लाला के प्रति आभार जताते हुए सद्भावना क्रिकेट मैच कराये जाने का भूरी -भूरी प्रशंसा की।

**बैटिंग कर बीडीओ ने खेल का किया उद्घाटन।**

बीडीओ अभय कुमार बैटिंग व किपिंग जिप प्रतिनिधि मो.एकलाख खां ने किया। बीडीओ ने कहा सुदूर इलाके में शहर की तरह क्रिकेट मैच कराया जाना एक बेहतर पहल है। खेल के आयोजन से खिलाड़ियों के बीच प्रतिस्पर्धा बढ़ता है। इसमें जाति धर्म नहीं होता है सभी समुदाय के खिलाड़ी एक टीम में खेलते हैं।

मैच के सफल आयोजन पर खेलप्रेमियों के प्रति मिथलेश सिंह यादव, धीरेन्द्र रजक, दीपक कुमार,मनीष रंजन,सुरज कुमार, योगेंद्र कुमार, नीतीश कुमार ने आभार जताया।

## मगध विश्वविद्यालय बोध गया के ठीक सामने डोभि- गया मुख्य मार्ग पर बैठकर अपने मांगों के समर्थन में छात्र छात्राओं ने किया प्रदर्शन।

समाज जागरण ,पारस नाथ पाठक, जिला संवाददाता, गया

गया ( बिहार ) 27 दिसंबर 2022:- मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा स्नातक का परीक्षा तीन वर्षो से नहीं लेने तथा परीक्षा फल को घोषित नहीं करने के विरोध में छात्र- छात्राओं द्वारा मगध विश्वविद्यालय बोध गया के मुख्य द्वार पर धरना व प्रदर्शन किया गया तथा मुख्य द्वार के ठीक सामने डोभि- गया मुख्य मार्ग पर बैठकर माँगों के समर्थन में धरना व प्रदर्शन किया, फलस्वरूप यातायात बाधित रहा। माँगों के समर्थन में डोभि- गया मुख्य सड़क पर बैठे छात्र- छात्राओं का कहना है कि केवल 3 वर्षो से हमें आश्वासन मिल रहा है ,मगध विश्वविद्यालय बोध गया द्वारा स्नातक का तीन वर्ष के पढ़ाई में न तो परीक्षा लिए गए हैं और ना ही परीक्षा फल दिए जा रहे हैं, जिससे हम सभी छात्र -छात्राओं के भविष्य अधर में लटक गया है, आज चाहे जो भी हो जाए, जब तक माँग पूरी नहीं होगी तब तक हम लोग सड़क पर बैठे रहेंगे।

## हसपुरा मे आज जिम का उद्घाटन करेंगे डीपीआरओ।

समाज जागरण, संवाददाता,सत्यदेव सिंह, हसपुरा प्रखंड

औरंगाबाद ( बिहार ) 27 दिसम्बर 2022 :- हसपुरा प्रखंड कार्यालय कैम्पस स्थित बीआरसी के परिसर में अमझरशरीफ पंचायत के कार्ययोजना से बनाया गया जिम का उद्घाटन 28 दिसम्बर बुधवार को होगा। इसकी जानकारी मुखिया पम्मी कुमारी व मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने संयुक्त रूप से दिया है। उन्होंने बताया कि उद्घाटनकर्ता डीपीआरओ मंजु प्रसाद, डीआरडीए बालमुकुंद प्रसाद, विधायक भीम कुमार सिंह करेंगे।



मुखिया प्रतिनिधि ओमप्रकाश चौधरी ने बताया कि पूर्व में कार्यक्रम का उद्घाटन डीएम सौरभ जोरवाल के करकमलों द्वारा होना तय था। डीएम साहब को छुट्टी पर चले जाने से उद्घाटन कार्यक्रम में बदलाव किया गया है। इस उद्घाटन समारोह में हसपुरा बीडीओ अभय कुमार,पीओ शशि कुमारी,सीओ शोभा कुमारी सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे। उद्घाटन के बाद जिम आम जनता के लिए सुपुर्द कर दिया जायेगा। मुखिया पम्मी कुमारी ने बताया कि एक्सरसाइज के लिए 16 तरह का जिम सेट लगाया गया है। इससे खास कर बुजुर्गो को काफी एक्सरसाइज में लाभ मिलेगा। प्रखंड में पहला जिम योजना है। ऐसे में सभी पंचायतों में जिम लगाया जाना है।

## दुलार विगहा के समीप चिकित्सक के कार से मजदूर घायल।

### मानवता का परिचय देते हुए चिकित्सक ने घायल मजदूर को गोह पीएचसी में भर्ती कराया. जहां इलाज जारी है.

समाज जागरण, सुखेन्द्र कुमार , संवाददाता गोह प्रखंड

औरंगाबाद( बिहार) 27 दिसंबर 2022:- देवकुण्ड थाना क्षेत्र के सीमा पर अवस्थित दुलार विगहा के समीप आज सुबह कार की टक्कर से एक मजदूर जख्मी हो गया. घटना के बारे में बताया जाता है कि गोह के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अभिनव रोज की तरह अपने निजी कार से अरवल के तरफ से आ रहे थे जैसे ही दुलार विगहा के समीप पहुँचे की एक साइकिल सवार मजदूर सड़क पार करने लगा इसी दौरान बचाने के क्रम में यह हादसा हुई.



चिकित्सक ने मानवता का परिचय देते हुए घायल मजदूर को गोह पीएचसी में भर्ती कराया. जहां इलाज जारी है. गनीमत रही कि इस हादसे में मजदूर को मामूली चोटें आई है. वहीं इस हादसे में चिकित्सक का कार क्षतिग्रस्त हो गया. घायल मजदूर की पहचान करपी थाना क्षेत्र के आजाद नगर निवासी गिरज राजवंशी के रूप में की गई है.

## तीन शराबियों के साथ एक वारंटी अभियुक्त को भेजा गया जेल।

दैनिक समाज जागरण, वीरेंद्र यादव जिला संवाददाता

औरंगाबाद जिले के देव थाना के पुलिस ने एक और वारंटी अभियुक्त के के साथ तीन शराबियों को जेल भेजा है। शराबियों के पहचान जितेंद्र यादव मनोज यादव दोनों पिता स्वर्गीय लोहरी यादव ग्राम तिलौता बीघा मुकेश यादव पिता वासुदेव यादव, ग्राम धनजइया को बिजली ऑफिस धर्म कांटा के पास से शराब के नशे में हल्ला हंगामा करते हुए पकड़े जाने पर



माननीय न्यायालय के न्यायिक हिरासत में भेजा गया जबकि एक वारंटी अभियुक्त धनंजय भुइयां पिता रामस्वरूप भुइयां ग्राम पाती टोले भुइयां बिगहा गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

## हमारा राष्ट्रगान " जन गण मन " हमारा गौरव है -कांग्रेस

दैनिक समाज जागरण विश्वनाथ आनंद

गया ( बिहार ) 27 दिसंबर 2022:- कांग्रेस पार्टी के तत्वाधान में स्थानीय चौक स्थित इंदिरा गांधी प्रतिमा स्थल प्रांगण में भारत के राष्ट्रगान " जन गण मन " गा कर 111 वीं वर्षगांठ मनाई गई।विदित हो कि भारत का राष्ट्रगान सबसे पहले सन 1911 में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के कलकत्ता अधिवेशन में गाया गया था।इस अवसर पर उपस्थित अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी के सदस्य सह प्रदेश प्रवक्ता



बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी प्रो विजय कुमार मिट्ठू, पूर्व विधायक मो खान अली, जिला उपाध्यक्ष बाबूलाल प्रसाद सिंह, राम प्रमोद सिंह, बिपिन बिहारी सिन्हा, प्रद्युम्न दुबे, राजकिशोर शर्मा, चंद्रभूषण मिश्रा, उदय शंकर पालित, अमित कुमार उर्फ रिंकू सिंह, मो आफताब आलम खा,शिव कुमार चौरसिया, अरुण कुमार पासवान, सुनील कुमार राम आदि ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा कि नोबल पुरस्कार विजेता रविन्द्र नाथ टैगोर द्वारा रचित राष्ट्रगान भारत की राष्ट्रीय विरासत है ' और हमारी मातृभूमि के प्रति देशभक्ति व वफादारी को प्रदर्शित करता है।नेताओ ने आगे कहा कि आज हम कांग्रेस जन आज इस ऐतिहासिक दिवस के अवसर पर देश के राष्ट्रगान, संविधान , के प्रति सम्मान व वफादारी का संकल्प दोहराते है।

## गोह थाना परिसर में कार्यक्रम आयोजित कर थानाध्यक्ष को दी गई विदाई।

**पुलिस कर्मियों एवं थाना क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।**

समाज जागरण, सुखेंद्र कुमार प्रखंड संवाददाता गोह

औरंगाबाद ( बिहार ) 27 दिसंबर 2022:- गोह थानाध्यक्ष शमीम अहमद को विदाई को लेकर गोह थाना परिसर में सोमवार को देर शाम एक सादे समारोह का आयोजन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष शमीम अहमद को विदाई दी गयी। गौरतलब हो कि उनका स्थानांतरण बारुण थाना में कर दी गई है। पुलिस कर्मियों एवं थाना क्षेत्र के गणमान्य लोगों की उपस्थिति में वक्ताओं ने उनके कार्यकाल की भूरि-भूरि प्रशंसा की।



मुन्ना मोबाइल की अध्यक्षता में आयोजित समारोह में पत्रकार सह समाजसेवी दिलीप विश्वकर्मा ने शमीम अहमद को एक कर्तव्यनिष्ठ पुलिस अधिकारी बताया। वहीं गोह पत्रकार यूनियन के तरफ से सम्मानित भी किया गया. पूर्व जिप प्रतिनिधि मंटू सिंह ने कहा कि अपने दो वर्षों के कार्यकाल में थानाध्यक्ष ने अपराध नियंत्रण से लेकर थाना परिसर के सौंदर्यीकरण से अपनी अमिट छाप छोड़ी है, इसे गोह वासी सदा याद रखेंगे। अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कुमार ऋषि राज ने थानाध्यक्ष को विदाई देते हुए उन्हें प्रशासन का सफल सहयोगी बताया. कहा कि गोह के चारो थाना में कही भी अप्रिय घटना पर बड़े धैर्य के साथ मामले का निपटाने में माहिर थें, मौके पर अंचलाधिकारी मुकेश कुमार, शिक्षक बिट्टू सिंह, डॉ आर यू कुमार, केडी यादव, एमपी सिंह, बृजमोहन राम, बन्देश थानाध्यक्ष रामायण कुमार, एएआई अजित कुमार सहित कई पुलिसकर्मी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गायत्री परिवार की माताओं-बहनों द्वारा बांटा जा रहा भाव भरा आमंत्रण

-गायत्री परिवार बलिया
-होना है 108 कुंडीय महायज्ञ और गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा का वार्षिकोत्सव
-एक जनवरी से चार जनवरी तक होना है यह भव्य और दिव्य आयोजन
-झांकियों के साथ एक जनवरी को सुबह नौ बजे से निकलेगी कलश यात्रा

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण



बलिया : गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव और 108 कुंडीय महायज्ञ का भाव भरा आमंत्रण गायत्री परिवार की माताओं-बहनों द्वारा घर-घर वितरित किया जा रहा है। माताएं-बहनें सभी से आग्रह कर रही हैं कि युग चेतना के महाकार्य में परिवार सहित अवश्य सहभाग करें।
गायत्री परिवार की माताओं-बहनों की कई टोलियां प्रतिदिन सुबह ही शहरी और ग्रामीण इलाकों में निकल जा रही हैं। बाजार में दुकान-दुकान और नगर तथा गांव में घर दर जाकर गायत्री शक्तिपीठ में एक जनवरी से चार जनवरी तक आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठान का आमंत्रण पत्र सभी को दे महायज्ञ में सहभाग का निमंत्रण दे रहीं हैं। गायत्री शक्तिपीठ महाबीर घाट गंगा जी मार्ग बलिया में एक जनवरी से चार जनवरी तक भव्य और दिव्य आयोजन होना है। गायत्री माता प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव और 108 कुंडीय महायज्ञ का आयोजन होना है। एक जनवरी को झांकी के साथ भव्य कलश यात्रा का आयोजन होना है। गायत्री शक्तिपीठ प्रभारी विजेंद्र नाथ चौबे परिसर में तैयारियों को मूर्त रूप दे रहे हैं।

# सनबीम में खेल प्रतियोगिता 'उड़ान' में धावकों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

तीन दिवसीय क्रीड़ा प्रतियोगिता
-निदेशक डा. अरुण सिंह डामा और प्रधानाचार्य डा. अर्पिता सिंह ने दिया विजेताओं को मेडल

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण



बलिया : खेल जहां एक ओर बच्चों को स्वस्थ, चुस्त, योग्य व फुतीर्ला रखता है वहीं खिलाड़ियों को राज्य, देश व अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी छवि प्रतिष्ठापित करने का अवसर मिलता है। विभिन्न देश एक दूसरे के समीप आते हैं। एक दूसरे की संस्कृति साझा करते हैं। अध्ययन के साथ-साथ



बच्चों में बहुमुखी प्रतिभा को उभारने के निमित्त शहर के अगरसंडा स्थित सनबीम स्कूल में तीन दिवसीय क्रीडा प्रतियोगिता 'उड़ान' का शुभारंभ संयुक्त रूप से विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह व प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह के कर कमलों से हुआ।
बताते चलें कि यह विद्यालय का सातवां वार्षिक खेल आयोजन है। प्रथम दिवस में एथलेटिक्स का आयोजन था जिसमें कक्षा छठवीं से नौवीं एवं ग्यारवीं के बच्चों ने प्रतिभाग किया। 120 मीटर की दौड़ में प्रियांशु पाठक, स्वाति तिवारी, प्रशांत कुमार, शिवम उपाध्याय, शौर्य प्रताप सिंह व दीपशिखा प्रथम रहे। द्वितीय स्थान पर अंशिका सिंह, सनी यादव, आमना मेराज, अनीश यादव, अर्पिता यादव रहे। तृतीय स्थान पर आस्था यादव, शुभम कुमार,जान्हवी सिंह,श्रुति सिंह रहीं। 60 मीटर की दौड़ में शिवांगी उपाध्याय, दिव्य ज्योति पांडेय, हनी सोनी, अनीश यादव, दीपशिखा, प्रियांशु कुमार, आशीष यादव , अनुज यादव , श्यामली केसरी प्रथम स्थान प्राप्त किए। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वालों में प्रशांत कुमार , आमना मेराज, अदिति यादव, वैभव गुप्ता, शौर्य प्रताप, प्रगति सिंह, अंशिका सिंह, मेराज आलम, आरुषि सिंह रहे जबकि अंकित कुमार यादव, बेबी राय, अर्पित यादव, निशांत यादव,आयुष, श्रुति सिंह, वैभव यादव,स्वाति तिवारी, शिवम यादव,सलोनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विजेताओं को प्रधानाचार्या ने मेडल पहनाकर प्रमाण पत्र के साथ सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक डॉ कुंवर अरुण सिंह ने बच्चों की हौसला अफजाई कर प्रशंसा करते हुए उनकी सफलता पर उन्हें बधाई दी। कहा कि सीबीएसई की ओर से विद्यालय में विभिन्न प्रकार के खेलों को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसमें सनबीम सदैव अग्रणी रहने का प्रयास करता है। यहां के बच्चे प्रदेश व राष्ट्र स्तरीय प्रतिस्पर्धा हेतु चयनित किए जाते हैं। प्रधानाचार्या डॉ अर्पिता सिंह ने बच्चों को विभिन्न खेलों में उनकी रूचि के अनुसार अधिकाधिक भाग लेने हेतु प्रेरित कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर प्रशासक एसके चतुर्वेदी, खेल प्रशिक्षक पंकज सिंह, तरुण सक्सेना , राजेश सिंह, अबू शाहिद, प्रीति , पूनम, कमल निखिल, मुकेश, ओमप्रकाश यादव आदि रहे। संचालन सर्वकृतिका सिंह व रिद्धिमा मिश्रा ने किया।

# पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सिकंदरपुर कस्बे में निकाला गया रूट मार्च

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण

सिकन्दरपुर (बलिया) : पुलिस अधीक्षक राजकरण नय्यर ने मंगलवार की शाम को स्थानीय सिकंदरपुर कस्बे का औचक निरीक्षण



किया।
बाजार मोड़ से पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में रूट मार्च निकाला गया जो हॉस्पिटल रोड सोनार गली, जलपा चौक, न्यू मार्केट होते हुए बस स्टेशन चौराहे पर स्थित पुलिस पिकेट के समीप पहुंचकर समाप्त हुआ। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सिकंदरपुर भूषण वर्मा थानाध्यक्ष सिकंदरपुर दिनेश पाठक चौकी प्रभारी सिकंदरपुर वंश बहादुर सिंह समेत मय थाने व चौकी के हमराही मौजूद रहे।

# बेहतरीन शिक्षा के माध्यम से क्षेत्र में अपना परचम लहराया है मदर टेरेसा स्कूल

अमित सिंह, समाज जागरण



रामगढ़ (बलिया ) : बच्चों में अनुशासन के साथ संस्कार युक्त बेहतरीन शिक्षा देना विद्यालयों का मूल उद्देश्य है। क्षेत्र का मदर टरेसा कान्वेंट स्कूल पचरुखिया इस क्षेत्र में अपना परचम लहराने में पूरी तरह कामयाब है। विद्यालय में प्रवेश नहीं का बोर्ड इस बात को प्रमाणिक कर रहा है।
ग्रामीण क्षेत्रों में जहां स्कूलों की भरमार है । क्षेत्र के मझौवा, पचरुखिया, गंगापुर, रामगढ़, सुघर छपरा, दुबे छपरा तक मात्र चार किमी की दूरी में दर्जनों प्राइवेट और सरकारी स्कूल है। सबकी अपनी अपनी सुविधा और मान्यताएं हैं। बावजूद इसके पचरुखिया ढाले के पास एक स्कूल ऐसा भी जो अपर केजी से 10वीं तक क्लास चलता है। इस पूरे विद्यालय में 1349 बच्चों का एडमिशन है। फिर भी अभिवावकों द्वारा अपने बच्चों का एडमिशन कराने के लिए लिए मदर टरेसा कान्वेंट स्कूल में आना जाना लगा है। और विद्यालय परिवार के तरफ नो एडमिशन का बोर्ड लगाना एक अजीब सा लगता है। आज के बदलते परिवेश में समय के साथ साथ आधुनिकता के दौर में अनुशासन के साथ संस्कार युक्त बच्चों को शिक्षा देना ही बदलते भारत की नींव है। मदर टरेसा कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक प्रेम किशोर बताते हैं कि ग्रामीण क्षेत्र में रहते हुए 150 गरीब परिवार के बच्चों को फ्री में शिक्षा दिया जाता है। हमारे पूरे स्कूल की बिल्डिंग में बच्चों के लिए 25 कमरे बनाए गए है। सभी क्लासों में सीसी कैमरा लगा हुआ है । जिससे डिजिटल इंडिया के तहत कार्य करते हुए स्कूल में पढ़ाने वाले टीचर व पढ़ने वाले बच्चों पर निगरानी रखी जा सके। इस स्कूल में कुल 54 स्टाफ है । जिसमे महिला पुरुष मिलाकर 41 टीचर और 13 स्टाफ बच्चों की सेवा में लगाए गए हैं। स्कूल में बच्चों के लिए पढ़ाई के साथ साथ कम्प्यूटर की शिक्षा, खेलने के सामान के साथ पार्क व पीने के लिए शुद्ध आरओ प्लान्ट का पानी, बच्चे, बच्चियों के लिए अलग अलग अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। दूर दराज से आने जाने वाले बच्चों के लिए भरपूर गाड़ियों का साधन भी मौजूद हैं। विद्यालय में ग्रामीण क्षेत्र के हिसाब से ही शुल्क रखा गया है। इस विद्यालय में लोवर केजी, अपर केजी के बच्चों का 450 रुपए से लेकर हाई स्कूल के बच्चों का 1250 रुपए तक की फीस ली जाती है । विद्यालय की स्थापना सन 2000 में हुई । तब से आज तक सेवा भाव से विद्यालय सुचार रुप से चल रहा। एक तरफ जहा प्राइवेट स्कूलों में शिक्षा को ब्यवसाय की तरह चलाना, दूसरी तरफ सरकार की तमाम सुबिधा व कोशिश के वावजूद ग्रामीण क्षेत्रों के सरकारी स्कूलों में बच्चों की कमी और सरकारी अध्यापकों को स्कूलों में टाइम पास करना आदि कारणों से प्राथमिक विद्यालय का शिक्षा स्तर गिरता चला जा रहा है। यही कारण है की ग्रामीण क्षेत्रों के किसान, मजदूर व आम आदमी भी अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों के बजाय प्राइबेट मदर टैरेसा स्कूल को ज्यादा महत्व दे रहा है।

# सातवीं आल इंडिया कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं को किया सम्मानित

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ, समाज जागरण




बलिया : द होराइजन स्कूल गड़वार बलिया में मंगलवार को सातवीं आल इंडिया ओपेन कराटे चैंपियनशिप के विजेताओं को विद्यालय परिवार के तरफ से सम्मानित किया गया।
विदित है की सातवीं आल इण्डिया ओपेन कराटे चैंपियनशिप 2022 का आयोजन वाराणसी में बीएचयू के इमफिथिएटर इंडोर हाल में किया गया था। इस चैंपियनशिप में द होराइजन स्कूल के छात्रों ने प्रतिभाग किया था और अपने भार वर्ग में 11वर्ष -40 किलो भार वर्ग में सुदीप अधिकारी एक गोल्ड तथा 13 वर्ष भार -50 किलो में रामकृष्ण सिंह एक सिल्वर मेडल जीत कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रिंस गुप्ता, प्रभात रंजन ने भी अपने आयु वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इनको विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्राचार्य ने अपने सम्बोधन में कहा की यह हमारे लिए गर्व की बात है की हमारे छात्र बाहर में जाकर मेडल जीत कर आ रहे है यें सराहनीय बात है जो भी विद्यालय से सहयोग होगा वो हम खिलाड़ियों के लिए प्रदान करेंगे। अंत में विद्यालय के प्रबंधक मनोज सिंह ने इनके उज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान विद्यालय के कराटे कोच एलबी रावत भी मौजूद रहे और उन्हें भी शुभकामना मिली।

# पीएम किसान निधि का दो हजार नहीं आने से किसान हैं परेशान

अमित सिंह, समाज जागरण

रामगढ़ (बलिया) : भारत सरकार द्वारा किसानों को सहयोग में दी जाने वाली पीएम किसान निधि योजना के तहत 2000 रुपए का नहीं आने से क्षेत्र के अनेक स्थानीय किसान परेशान हैं। स्थानीय किसानों का कहना है कि हम लोग पहले पोस्ट ऑफिस में जाकर आधार कार्ड का मोबाइल से नम्बर लिंक कराया, फिर आनलाइन आवेदन कराया। फिर भी नहीं आया नवंबरर माह में पीएम किसान निधि योजना का पैसा।
कई किसानों का कहना है कि किसान निधि के 2000 रुपया के लिए स्थानीय अनेकों किसान बैंक के चक्करर लगाकर थक-हार घर बैठे गए। छोटे किसानों को खेती के सीजन में पीएम किसान निधि के एक वर्ष में 6000 हजार रुपए से बहुत सहयोग मिल जाता था। वह भी समय पर नही मिलने से किसानों की परेशानिया बढ़ गयी है । क्षेत्र के कई स्थानीय गरीब किसानो का कहना है की पहले तो समय समय पर खाते में दो हजार रुपए आ जाया करता था । लेकिन इस बार नवम्बर माह में कई किसानों के खाते में दो हजार रुपया आया तो कई किसानों के खाते में एक भी रुपया नहीं आया।
बंचित किसानों का कहना है कि जब हम किसान बैंक में जाते है तो बैंक वाले बोलते है। जहाँ आनलाइन कराया है वहा पता करो। आनलाइन वाले कहते हैं जिला पर जाकर कृषि विभाग से पता करिए। निराश किसानों का कहना है।....... अब आस हमारा टूट रहा, किसान निधी का पैसा रुक रहा।

# असंवैधानिक कार्यो में सत्ता संलिप्त, जनता को उलझना सरकार की फिदरत

-बोले रामशंकर राजभर विद्यार्थी
-समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव ने सत्ताधारी भाजपा पर लगाया गंभीर आरोप

कृष्ण कुमार पांडेय, समाज जागरण



बांसडीह (बांसडीह) : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव पूर्व सांसद रमाशंकर राजभर 'विद्यार्थी' ने बांसडीह नगर के गढ़ पर आयोजित कार्यक्रम में कहा की सत्ता को कानून पर भरोसा नहीं।
कहा कि जिस तरह परीक्षा को कोर्ट में लटकाने का काम कर बच्चो के भविष्य बिगाड़ रही, जिस तरह अपराधियों की आड़ में गरीबों पर बुलडोजर चला रही उसी तरह नगर पंचायत चुनाव का आरक्षण में अनियमितता कर ओबीसी के आरक्षण को विवाद में डाल दिया। मंहगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार और जीएसटी से जनता में बहुत गुस्सा है। जिससे सरकार समझ चुकी है नगर पंचायत चुनाव में सपा मजबूती से उतरेगी। सभा का संचालन सुनील सिंह,अध्यक्षता ओमप्रकाश राजभर ने किया। सभा को गुरुजी लाल राजभर, पवन साहनी, छोटेलाल यादव, दलीप राजभर, बीरबल राजभर कामेश्वर राजभर आदि ने संबोधित किया।

# 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' हेतु विशेष अभियान 28 दिसंबर को

-डाक विभाग की तैयारी
-किसान अब डाकघरों से भी करा सकेंगे 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' : पीएमजी

शशिकांत ओझा, ब्यूरो चीफ/संतोष कुमार सिंह



समाज जागरण बलिया : प्रधानमंत्री की किसानों के लाभ के लिए महत्वाकांक्षी 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' से लोगों को जोड़ने की जिम्मेदारी डाक विभाग ने उठायी है। अब डाकघरों के माध्यम से भी इस योजना का लाभ उठाया जा सकता है। ग्रामीण क्षेत्रों में डाक विभाग की पहुँच को देखते हुए इससे किसानों को काफी सहूलियत होगी।
उक्त जानकारी देते हुए वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इसी क्रम में वाराणसी परिक्षेत्र के अंतर्गत सभी 6 जनपदों वाराणसी, भदोही, चन्दौली, गाजीपुर, जौनपुर और बलिया के अधीन डाकघरों में 28 दिसंबर को विशेष अभियान चलाया जायेगा ताकि इसका फायदा अधिकाधिक किसानों तक पहुँच सके। ज्यादा से ज्यादा किसानों को इस योजना में कवर करना भी उद्देश्य है। पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि डाकघरों के माध्यम से 'प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना' के ऑनलाइन आवेदन हेतु किसान की खतौनी, आईडी कार्ड (आधार कार्ड, पैन कार्ड , वोटर आईडी कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस) व बैंक पासबुक साथ लाना होगा। खरीफ व रबी फसलों के लिए क्रमशः 2% व 1.5% का प्रीमियम अदा करना होगा। फिलहाल, रबी फसलों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कवर करने हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि 31 दिसंबर, 2022 नियत है।
पोस्टमास्टर जनरल कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि डाक विभाग जन सरोकारों से जुड़ा विभाग है। नवीनतम टेक्नोलॉजी और व्यापक पहुँच होने के कारण डाकघर ग्रामीण अंचलों में अपने सेवाएँ बखूबी प्रदान कर रहे हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण किसानों और उनके परिवारों को फसल के नुकसान का मुआवजा और साथ ही सुरक्षा प्रदान करना है। इसके तहत बुवाई से पहले से लेकर कटाई के बाद तक फसल को सुरक्षा प्रदान की जाती है। यह योजना किसानों के परिवारों और उनके आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में भी मददगार है।

# कोतवाल ने फिती लगाकर आरक्षियों को दी पदोन्नति

ऋचा वर्मा, समाज जागरण



रसड़ा (बलिया) : रसड़ा कोतवाल हिमेन्द्र सिंह व उत्तरी पुलिस चौकी इंचार्ज द्वारा थाना कोतवाली रसड़ा परिसर में नियुक्त आरक्षियों को पदोन्नति के बाद पद चिन्ह लगाकर मुख्य आरक्षी पद पर पदोन्नति देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। आरक्षी से मुख्य आरक्षी पद पदोन्नति पाने वाले कर्मचारियों में काफी उत्साह देखा गया। बताते चलें कि कोतवाल हिमेन्द्र सिंह ने आरक्षी से पदोन्नति पाकर मुख्य आरक्षी बने बृजेश मौर्य, अजीत यादव, गोरखनाथ यादव व लक्ष्मीपाल के साथ साथ अन्य पदोन्नत हुए पुलिसकर्मियों को फिती लगाकर सम्मानित किया। कोतवाल ने कहा कि हेड कांस्टेबल का पद एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी का पद होता है।
उन्होंने पुलिस रेगुलेशन एक्ट की विस्तार से जानकारी देते हुए पदोन्नत हुए हेड कांस्टेबलों को पद की गरिमा को बनाये रखने की अपील करते हुए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर लवकुश गुप्ता, उदयवीर, अजीत मौर्य के साथ साथ आरक्षी विवेक पाण्डेय भी मौजूद रहे।

# द होराइजन स्कूल में शहीद-ए-आजम भगत.सिंह के जीवन नाटक का मंचन

ब्रजेश दुबे, समाज जागरण गड़वार (बलिया) : द होराइजन स्कूल गड़वार बलिया में आज शहीद-ए-आजम आजम भगत सिंह के जीवन पर आधारित विद्यालय में नाटक का बेहतरीन मंचन हुआ।



आयोजन जिले के प्रसिद्ध रंगकर्मी आशीष त्रिवेदी एवं उनके टीम के द्वारा बहुत ही सुंदर तरीके से दशार्या गया जिसको देख कर हर व्यक्ति को ऐसा लगा की मैं शहीदे आजम भगत सिंह बनूँगा और क्रांतिकारी बन कर देख की सेवा करूंगा। भगत सिंह की कही हर बातें दिलोदीमाग में पैठ बना ली है हर जर्रे जर्रे ने कहा भगत सिंह जिंदाबाद। इस नाटक के मंचन से हमें देश भगक्ति की प्रेरणा मिलती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य संजय सिंह ने आशीष त्रिवेदी और उनकी टीम को सराहना की। नाटक के समय वहां सारे अध्यापक अध्यपिकाएं उपस्थिति रहीं। सभी ने मंचन की खूब. सराहना की।

# नगर पंचायत प्रशासन ने चलाया.प्लास्टिक थैले के प्रति अभियान

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण सिकंदरपुर (बलिया) : नगर पंचायत प्रशासन की ओर से प्लास्टिक के थैले के बाजार में दुकानदारों के द्वारा प्रयोग किए जाने के विरुद्ध जांच अभियान चलाया गया।
सिकंदरपुर.नगर.पंचायत ईओ सीमा राय ने बताया कि नगर पंचायत द्वारा किए गए इस चेकिंग में सब्जी फल खुदरा दुकान के प्लास्टिक की थैलो के उपयोग को लेकर जांच की गई और इस क्रम में दुकानों से 5 किलो प्लास्टिक के



झोले जप्त किए गए। राज्य सरकार के नगर विकास सचिव के तरफ से बार-बार प्लास्टिक के थैलों का उपयोग को शक्ति वह छापेमारी करने का निर्देश प्राप्त हो रहा है इसी कड़ी में पर्यावरण की सुरक्षा तथा मान्यता के रक्षार्थ प्लास्टिक के उपयोग पर रोक लगाने के लिए यह सघन जांच अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि सचिव के द्वारा इन दिनों चल रही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में हर बार इसको लेकर निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में हर सप्ताह अभियान नगर पंचायत सिकंदरपुर में चलाया जाएगा ताकि लोग प्लास्टिक का उपयोग करने से बचें और मानव एवं पशुधन की रक्षा करने की दिशा में सरकार के प्रयास को अमलीजामा पहनाया जा सके। लेकिन सवाल ये उठता है कि आखिर ये प्लास्टिक आता कहा से है अगर सरकार प्लास्टिक बन्द कर चुकी है तो इसका उत्पादन व डिलवरी कैसे हो रही है । अगर इस पर सरकार रोक लगा दे तो इसका बाजार में आना बंद हो जायेगा और पर्यावरण की रक्षा हो सकेगी।

# सिंचाई विभाग की लापरवाही, कड़ाके की ठंड में बिन बारिश सड़क हुई जलमग्न

रजनीश श्रीवास्तव, समाज जागरण सिकन्दरपुर (बलिया) : सिचाई विभाग के लापरवाही से बिन बारिश जलमग्न हुआ सड़क हो गई है। पहली बार में ही नहर से ओभरफ़्लो होकर सड़क पर आया पानीऔर 100 मीटर एरिया को जलमग्न किया। हफ्ते दिन पहले सिंचाई विभाग द्वारा नहरों की साफ सफाई तो कराई गई थी लेकिन यह कहना कही से भी गलत नहीं होगा कि ये आधा अधूरा काम था। मंगलवार की दोपहर को जैसे ही नहर विभाग द्वारा पानी छोड़ा गया , पानी सिकंदरपुर क्षेत्र के नहर में पहुंचा तो सिंचाई विभाग द्वारा कराए गए आधे अधूरे कार्य की पोल खुल गई। सारा पानी सिकन्दरपुर कस्बा अंतर्गत स्थानीय गंगोत्री देवी इंटर कॉलेज के समीप सड़क से ओवरफ्लो होकर बहने लगा, जिससे विद्यालय के आसपास का 100 मीटर तक सड़क पर व घरों के आसपास भारी जलजमाव हो गया। अचानक हुए इस जलजमाव से राहगीरों के साथ साथ सबसे अधिक दिक्कत छात्र छात्राओं हुआ। बता दें कि उक्त मार्ग पर 2 दर्जन से अधिक कोचिंग व आधा दर्जन से अधिक विद्यालय स्थित है, जिनको काफी सारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# आईइएस परीक्षा में बेहतर रिजल्ट पाकर बढ़ाया जिले का मान

शंकर सिंह, समाज जागरण

लक्ष्मणपुर(बलिया) : गडहाचंल के टुटुवारी गांव निवासी शिवांश राय ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित आईइएस परीक्षा में ऑल इंडिया 52वां रैंक प्राप्त कर बलिया का नाम रोशन किया है। शिवांश के पिता नरेन्द्र नाथ राय बलिया सिविल कोर्ट में अधिवक्ता के अलावा प्रगतिशील किसान हैं।




शिवांश राय ने हाईस्कूल व इण्टरमीडिएट नागाजी हायर सेकंडरी स्कूल माल्देपुर, बलिया से टाप करने के बाद बीटेक सिविल से गलगोटिया यूनिवर्सिटी, नोएडा से व एमटेक बीएचयू से करने के साथ प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। शुरू से ही मेधावी शिवांश ने संघ लोक सेवा आयोग द्वारा 23 दिसंबर को घोषित आईइएस की परीक्षा में 52वां रैंक हासिल किया है। शिवांश ने सफलता का श्रेय अपनी मेहनत एवं माता-पिता का सहयोग तथा घर-परिवार वालों के आशीर्वाद को बताया है। शिवांश को सफलता मिलने पर भाजपा नेता नागेंद्र पांडेय, पूर्व विधायक सुधीर राय, सहित अन्य ने सफलता पर बधाई देते हुए उज्वल भविष्य की कामना किया है।

# 153 करोड़ के प्लान्ट का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ने मंगलवार को देवकठियां (जंगीपुर) में बनाये जा रहे एस टी पी प्लांट का स्थलीय निरीक्षण कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होने निमार्णाधीन परियोजना की जॉच करते हुए उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होने बताया कि यह नमामी गंगे परियोजना के अन्तर्गत सीवरेज ट्रिटमेंट प्लान्ट का 153 करोड़ का प्रोजेक्ट है। इसमे 15 साल का कन्ट्रक्शन एवं मेन्टिनेंस आपरेशन सम्मिलित है। यह 21 एम एल टी का एस टी पी है, जो फंग्सलन है। उन्होने बताया कि इस प्लांट के माध्यम से जो भी सीवरेज नगर पालिका क्षेत्र से जनरेट होगा वह इससे शुद्ध होकर गंगा नदी मे छोड़ा जायेगा व सेफ होगा। जिससे गंगा नदी के पानी की क्वालिटि शुद्ध रहे। आज निरीक्षण के दौरान मौके 55 श्रमिक कार्यरत पाये गये। जिस पर उन्होने मजदूरो की संख्या बढाने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कार्य भी मानक के अनुरूप संतोषजनक पाया गया। उन्होने बताया कि परियोजना का 1 माइल स्टोन पूरा हो चुका है। शेष 3 माइल स्टोन 2023 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। यह पूरी परियोजना का निर्माण माह जनवरी 2024 तक पूर्ण हो जायेगी तथा जो भी सीवर लाईन



बिछ रही है उसे इस परियोजना से जोड़ दिया जायेगा। मौके पर मुख्य विकास अधिकारी, डी एस टी ओ, सम्बन्धित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।153 करोड़ के प्लान्ट का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

# प्रभु यीशु मसीह ने दिया मानवता और प्रेम का संदेश- प्रबंधक अभिषेक राय

## बच्चों ने क्रिसमस ट्री, बैल और विभिन्न प्रकार के पोस्टर बनाकर किया अद्भुत रचनात्मकता का प्रदर्शन

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

### ब्रॉडवे ग्लोबल स्कूल मलिकापुरो में धूमधाम से मनाया गया क्रिसमस डे

गाजीपुर जनपद के मुहम्मदाबाद तहसील क्षेत्र के मलिकापुरा चौराहा स्थित ब्रॉडवे ग्लोबल स्कूल में क्रिसमस डे धूमधाम से मनाया गया। बच्चों ने सांताक्लाज की पोशाक पहनीं। इस दौरान बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। बच्चों ने ईसा मसीह के जन्म से संबंधित आकृति कागजों पर उकेर कर अपनी अद्भुत रचनामकता का प्रदर्शन किया।

बच्चों ने क्रिसमस ट्री, बैल और विभिन प्रकार के पोस्टर बनाकर क्रिसमस के त्योहार को सद्भावना पूर्ण तरीके से मनाया। स्कूल के प्रबन्धक अभिषेक राय ने सभी बच्चों को क्रिसमस के त्योहार की हार्दिक बधाई देते हुए सभी धर्मों का सम्मान और सभी त्योहारों को समरसता पूर्ण तरीके से मनाने की प्रेरणा दी।




उन्होंने कहा बलिदान के मार्ग में भी प्रभु यीशु मसीह ने मानवता और प्रेम का संदेश दिया है। यीशु मसीह ईश्वर के प्रेम को कोई अलग तरीके से, आश्चर्यजनक कार्य करके प्रकट कर सकते थे लेकिन उन्होंने तमाम कष्ट सहे। यीशु मसीह ने अपने साथ वचनों में क्षमा, आज्ञा, प्रेम, भक्ति को ही दशार्या है। प्रेम और क्षमा से बड़ा कोई और उद्धार और अनंत जीवन का मार्ग नहीं है। प्रबन्धक ने बताया मसीह ने अपने वचनों में क्षमा, आज्ञा, प्रेम, भक्ति को ही दशार्या है। प्रेम और क्षमा से बड़ा कोई और उद्धार और अनंत जीवन का मार्ग नहीं है।

इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए। हम सबको प्रभु यीशु मसीह के आदर्शों को अपनाने और पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। उनके बताए मार्गों के अनुसरण से समस्त मानव समाज के कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधानाचार्य राजेश गिरी,शाहीन ,चंदन,वैष्णवी ,नागेंद्र,किंशु,सदाफ इत्यादी का योगदान रहा।

# फादर पी विक्टर ने जरूरतमंदों को कम्बल एवं राशन वितरित किया

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर जौनपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर ने जरूरतमंदों को कम्बल एवं राशन वितरित किया।इसके लिए टीडी डिग्री कॉलेज एवं बीआरपी इंटर कॉलेज पास एवं सड़कों के किनारे झुग्गी झोपड़ी में रहनेवाले लोगों को चयनित किया गया।इस अवसर पर फादर पी विक्टर ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा से क्रिसमस और



नववर्ष के त्योहार की खुशी दोगुनी हो जाती है।अपनी खुशी में जरूरतमंदों को शामिल करने से अतीव आनन्द की अनुभूति होती है।इस पुनीत अवसर पर पंडित रामदयाल द्विवेदी,डॉक्टर भारतेंदु मिश्र,प्रेमशंकर यादव एवं डॉक्टर रामजी तिवारी उपस्थित रहे।

# जरुरतमंदों की सेवा प्रभु की सेवा है - फादर पी विक्टर

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

### फादर ने जरूरतमंदों को कम्बल एवं राशन वितरित किया

सेंट जॉन्स स्कूल,सिद्दीकपुर,जौनपुर के प्रधानाचार्य फादर पी विक्टर का जनसेवा का कार्य निरन्तर चल रहा है।जनसेवा के इस अभियान के तहत आज धमार्पुर की धारिकार बस्तियों एवं मलिन बस्तियों को चुना गया।फादर ने इन बस्तियों के जरूरतमंदों को कम्बल एवं राशन



वितरित किया।राशन एवं कम्बल पाकर उनके चेहरे पर अद्भुत खुशी झलक रही थी।इस पुनीत अवसर उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ महामंत्री डॉक्टर भारतेन्दु मिश्र,विद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता प्रेमशंकर यादव एवं डॉक्टर रामजी तिवारी उपस्थित रहे।

# अवधेश राय के नेतृत्व में सीएम योगी से मिला ब्लाक प्रमुख संघ गाजीपुर का प्रतिनिधिमंडल

**बिकास राय ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर। ब्लाक प्रमुख संघ गाजीपुर के अध्यक्ष अवधेश राय के नेतृत्व में ब्लाक प्रमुखो का प्रतिनिधिमंडल सीएम योगी के आवास पर मिला। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधिमंडल ने सीएम योगी को जिले के संदर्भ में छह सूत्रीय मांगो और दस महत्वपूर्ण जर्जर सड़को की सूची सौंपी। इस संदर्भ में ब्लाक प्रमुख संघ के अध्यक्ष अवधेश राय ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से जिले का नाम गांधीपुरम करने, प्रत्येक ब्लाक मुख्यालय में सर्वोच्च बलिदानी राष्ट्रभक्त के नाम सभागार बनाने, अमृत सरोवरो का नाम उस गांव के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद के नाम पर



करने, बंद पड़े चीनी मिल और बहादुरगंज कताई मिल को शुरू करने, ब्लाक में स्थित जर्जर कर्मचारी आवास को पुनः नया आवास बनाने और दस महत्वपूर्ण जर्जर सड़को की सूची सौंपी। इसके अलावा सीएम योगी से ब्लाक प्रमुखो ने अपने ऊपर बीत रही व्यथा की दुख भरी कहानी सुनाई। सीएम योगी ने ब्लाक प्रमुखो की बात बहुत ही ध्यानपूर्वक सुना और कहा कि आप लोग निर्भय होकर कार्य करीये, भाजपा सरकार में किसी का भी उत्पीड़न नही होगा लेकिन गलत कार्य करने वालो को बख्सा नही जायेगा। गाजीपुर का नाम गांधीपुरम करने का प्रस्ताव बहुत ही अच्छा है इसपर शीघ्र विचार होगा। प्रतिनिधिमंडल में संतोष यादव, योगेंद्र सिंह और सीता सिंह आदि ब्लाक प्रमुख शामिल थे।

# गाजीपुर जनपद में अराजक तत्वों ने मंदिर के गुंबद को किया क्षतिग्रस्त

**बिकास राय ब्यूरो चीफ दैनिक समाज जागरण**

गाजीपुर जनपद के बाराचवर ब्लाक के करीमुद्दीनपुर ग्राम सभा में मुहम्मदाबाद चितबड़ागांव मार्ग से सटे प्राचीन मिश्र बाबा के पोखरे पर स्थित भगवान शिव के मंदिर के गुंबद एवं कुछ अन्य भाग के क्षतिग्रस्त करने की सूचना मिलते ही मंगलवार की सुबह पूरे गांव में हड़कंप मच गया। लोगों की भारी भींड मिश्र बाबा के पोखरे पर उमड़ पड़ी।

स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक गांव के ही एक अल्पसंख्यक समुदाय के युवक द्वारा मंदिर को क्षतिग्रस्त किया गया। सूचना मिलने पर मौके पर प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ यादव भारी पुलिस बल और पुलिस क्षेत्राधिकारी मुहम्मदाबाद श्याम बहादुर सिंह और उपजिलाधिकारी मुहम्मदाबाद डाक्टर हर्षिता तिवारी भी पहुंच गयी।



ग्रामीणों द्वारा दी गयी तहरीर के मुताबिक नामजद युवक नसीम पुत्र सलीम निवासी करीमुद्दीनपुर को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# केंद्रीय मंत्री के हाथों प्रशस्ति पत्र पाकर अभिभूत हुए रक्तदाता

**- प्रकाश अस्पताल में मंगलवार को रक्त दाताओं का किया गया सम्मानित**
**- केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा यादव ने रक्तदाताओं को दिया प्रशस्ति पत्र**
**- निदेशक डा. मनीष राय ने कहा समाज हित अस्पताल परिवार हमेशा तत्पर**

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : प्रकाश हास्पिटल एवं ट्रामा सेंटर के सभागार में मंगलवार को रक्त दाताओं का सम्मान किया गया। मुख्य अतिथि केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा यादव ने कई बार रक्तदान करने वाले लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित चिकित्सक एवं समाजसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूल मंत्र ही सेवा है और आप सभी ने रक्तदान करके एक मिसाल कायम की है। निश्चित रूप से आप सभी बधाई के पात्र हैं। कोरोना काल में प्रकाश हास्पिटल ने सैकड़ों मरीजों की जान बचाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। जिसके लिए हास्पिटल परिवार बधाई का पात्र है। केंद्रीय मंत्री ने ओबेदा, हरीश, आबिद आजमी, जमाल अख्तर, बिलाल अहमद, भरत सिंह, सतीश मिश्रा, संजय शर्मा, रवि प्रकाश सिंह, अक्षत उपाध्याय, रफी अंसारी रक्त दाताओं को मुख्य अतिथि ने प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। निदेशक डा. मनीष कुमार राय ने कहा कि रक्तदान महादान है। लोगों के सहयोग से रक्तदान का कार्य अनवरत रूप से चल रहा है। यह विशेष पहल है जो जारी रहेगी। समाज के हित में अस्पताल परिवार हमेशा तत्पर रहेगा। कार्यक्रम में कमलावती सिंह, मनोज राय, सुनील गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, देवेंद्र सिंह, अशोक सिंह, शकुंतला चौहान, नूपूर अग्रवाल, डा. अजय सिंह, डा. नम्रता श्रीवास्तव आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रताप सिंह ने किया।

# सांसद प्रतिनिधि गोपाल राय द्वारा सैकड़ों जरूरतमंदों में कंबल का वितरण

**आशुतोष चतुर्वेदी, ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : घोसी सांसद अतुल राय के प्रतिनिधि गोपाल राय



एवं उनकी टीम लगातार गरीब और असहाय लोगों मे कंबल का वितरण कर रही है। इसी क्रम में मंगलवार को निर्धन विकलांग लोगों,तम्बू लगाकर बंजारा का जिंदगी गुजर बसर करने वाले लोगों रिक्शा चालकों, रोडवेज रेलवे स्टेशन आदि जगहों पर जरूरतमंद लोगों को चिन्हित कर कंबल का वितरण किया गया। गोपाल राय ने कहा कि ठंड की दस्तक शुरू हो गयी है। गरीब, बेसहारा, जरूरतमंदों के लिए यह कठिन समय होता है। ठंड की हल्की शुरूआत में ही गरीबों के समक्ष आने वाली चुनौतियों को ध्यान रखते हुए हजारों लोगों को कंबल वितरण नगर, घोसी, मोहम्दाबाद गोहना सहित विभिन्न गांव में भी किया। बताया कि यह क्रम चलता रहेगा। बताया की टीम द्वारा पिछले कई दिनों से यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। शाम होने के बाद टीम द्वारा प्रमुख नगरों में कंबल का वितरण किया गया है। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में भी ऐसे लोगों को चिन्हित कर कंबल दिया गया है। इस अवसर पर विनीत राय, संजय, राज विजय, डब्बू, नितेश सहित अन्य लोग थे।

# नोडल डा. विनय यादव और सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल ने परखी व्यवस्था

**- परदहा कोविड अस्पताल में तीन चिकित्सक की तैनाती का निर्देश**
**- शासन के निर्देश पर मंगलवार को चार सीएचसी पर माकड्रिल का आयोजन**
**- आक्सीजन प्लांट सही मिलने पर जताया संतोष, दिए आवश्यक दिशा निर्देश**

**आशुतोष चतुर्वेदी चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : कोरोना संक्रमण की संभावित लहर को देखते हुए मंगलवार को जनपद के चार सीएचसी पर मंगलवार को आयोजित माकड्रिल में नोडल डा. विनय यादव और सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल ने सभी अस्पतालों पर कोविड से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाओं का जायजा लिया। नोडल ने परदहा कोविड अस्पताल में संक्रमित मरीजों को बेहतर उपचार के लिए तीन चिकित्सक की तत्काल तैनाती के निर्देश दिए।

नोडल डा. विनय यादव ने बताया कि कोरोना के नए वेरिएंट से निबटने के लिए शासन के आदेश के क्रम में मंगलवार को माकड्रिल का आयोजन



किया गया है। इसमें स्वास्थ्य सुविधाओं की भौगोलिक रूप से प्रतिनिधि उपलब्धता, आइसोलेशन बेड जैसी बिस्तर क्षमता, आक्सीजन समर्थित आइसोलेशन बेड, आइसीयू बेड व वेंटिलेटर सपोर्ट वाले बेड और मानव संसाधन की उपलब्धता को परखा गया है। सभी तैयारियां पूर्ण मिली हैं। परदहां कोविड अस्पताल में एक फिजीशियन, एक बाल रोग विशेषज्ञ और एक एनेस्थेटिक चिकित्सक की तैनाती के निर्देश दिए गए हैं। बताया कि कोरोना की दूसरी लहर के दौरान भी नए आक्सीजन प्लांट लगाए गए थे। उनको भी चालू करा देखा गया है। सभी चालू हालत में है। स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मरीज को एंबुलेंस से बेड तक लाने का समय और उसे उपचार मिलने के तक की अवधि को सबसे अच्छी थी। बताया कि अभी तक कोई कोरोना संक्रमित मरीज नहीं मिला है, लेकिन सरकार की तरफ से पूर्व की सभी व्यवस्था को सुदृढ़ किया जा रहा है। सभी उपकरण क्रियाशील मिले है, मानव संसाधन के सही उपयोग को लेकर आवश्यक निर्देश दिए गए है। सीएमओ डा. नरेश अग्रवाल ने कहा कि सभी तीस बेड पर आक्सीजन की सप्लाई पहले से ही लगी है, संक्रमण कम होने से सिर्फ मानव संसाधन को ही अन्य कार्य में लगाया गया था। बताया कि परदहां के साथ रतनपुरा, घोसी, रानीपुर सीएचसी पर सभी तैयारी को परखा गया है। माकड्रिल के दौरान डा. आरएन सिंह, डा. दिनेश कमार सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# एक्सीडेंट में घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**दैनिक समाज जागरण**

रामकोट (सीतापुर)। राजेश पाल पुत्र राम बेटा उम्र 33 वर्ष निवासी ग्राम बावली पोस्ट गौरा थाना रामकोट बीते 10 दिसंबर 2022 को जवाहरपुर चीनी मिल के निकट पिपरी मोड़ के पास देर रात एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसकी इलाज के दौरान 26 दिसंबर 2022 दिन सोमवार को मृत्यु हो गई। जिसका पुलिस द्वारा पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के उपरांत मंगलवार को अंतिम संस्कार कराया गया।

# विवाहिता की मौत, मायका पक्ष ने लगाया दहेज हत्या का आरोप

**- नगर कोतवाली के क्यारीटोला मोहल्ले का मामला**
**- मायका पक्ष ने हत्या का आरोप लगा दी तहरीर**

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : नगर कोतवाली के क्यारीटोला मोहल्ला निवासी एक विवाहिता की इलाज के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। इस पर मायका पक्ष ने ससुराली जनों पर दहेज उत्पीड़न के लिए हत्या करने का आरोप लगाकर शहर कोतवाली में तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पठानटोला की 25 वर्षीय सबा परवीन की शादी तीन माह पहले क्यारीटोला निवासी मंजर कमाल से हुई थी। मृत विवाहिता के भाई मोहम्मद अजहर ने बताया कि शादी के बाद से ससुराल पक्ष दहेज की मांग को लेकर उसका उत्पीड़न करता था। इसको लेकर कई बार रिश्तेदारों ने मध्यस्थता भी की थी। 22 दिसंबर को पति मंजर कमाल ने फोन पर बताया कि सबा की हालत बेहद खराब है और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर मायका पक्ष जब अस्पताल पहुंचा तो पूछताछ में चिकित्सक ने बताया कि विषाक्त पदार्थ के सेवन से अभी हालत सही नहीं है। इलाज के दौरान ही सोमवार की भोर में करीब चार बजे उसकी मौत हो गई। मृतक के भाई मोहम्मद अजहर ने दहेज के लिए जान से मारने की पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया। वहीं तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुट गई।

# नाली निर्माण में अनियमितता पर ग्रामीणों का फूटा गुस्सा, नारेबाजी

**आशुतोष चतुर्वेदी ब्यूरो चीफ**
**दैनिक समाज जागरण**

मऊ : परदहा विकास खंड के सरवां ग्रामसभा में नाली निर्माण में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने



प्रदर्शन किया। कहा कि नाली के निर्माण में दोयम दर्ज की सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है। इससे निर्माण के दौरान ही नाली टूट रही है। मांग किया कि इसकी जांच किया जाए। गांव में 50 से अधिक घरों का गंदा पानी सड़क पर बहने के कारण लोगों को आवाजाही में परेशानी होती थी। गंदे पानी से निजात के लिए ग्रामीणों ने कई बार उच्चाधिकारियों को अपने परेशानी से अवगत कराया। प्रशासन द्वारा 500 मीटर नाली के निर्माण के लिए अनुमति दी गई। प्रदर्शन करने वालों का कहना है कि नाली में दोयम दर्जे की सामग्री का प्रयोग किया गया है। आलम यह है कि निर्माण के दौरान ही नाली टूट रही है। ग्रामीणों ने कहा कि अभी तक

**- परदहा विकास खंड के सरवां गांव के लोगों ने किया प्रदर्शन**
**- नाली निर्माण में दोयम दर्जे की सामग्री के प्रयोग का आरोप- परदहा विकास खंड के सरवां गांव के लोगों ने किया प्रदर्शन**
**- नाली निर्माण में दोयम दर्जे की सामग्री के प्रयोग का आरोप**

150 मीटर नाली का निर्माण कराया गया है, इसमें कई जगह पर नाली में दरार पड़ गई है। प्रदर्शनकारियों ने बताया कि पूरे नाली के निर्माण में नकली सीमेंट, दोयम दर्जे की ईंट का धड़ल्ले से प्रयोग किया जा रहा है। बताया कि नाली के टूटने पर ठेकेदार से कहने पर गाली देने के साथ धकमी दे रहे हैं। बताया कि कई वर्षो बाद नाली का निर्माण होने से लोगों में आस जगी थी कि लोगों को गंदे पानी से निजात मिलेगा। लेकिन ठेकेदार की उदासीनता से धैर्य जवाब देने लगा है। सभी ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जांच करा दोषी के खिलाफ कार्रवाई की मांग करते हुए पत्र रजिस्ट्री किया। प्रदर्शन करने वालों में मनोज साहनी, विजय गुप्ता, किरन, रविंद्र यादव, सुरेंद्र, पंकज, गोपाल आदि लोग थे।

# अब विंटर में भी लें पेड़ से टूटे फ्रेश मैंगो का मजा, जानिए कौन सी है किस्म और कितनी है कीमत

नई दिल्ली. आम गर्मी के मौसम का फल है, इसलिए जब वे इस मौसम में पोरबंदर के बाजार में पहुंचे तो स्वाभाविक रूप से लोग हैरान रह गए. सोमवार को कुछ किसान एपीएमसी मंडी में आम लेकर आए. इससे व्यापारियों और किसानों में समान रूप से उत्साह पैदा हो गया. जाहिर है कि सर्दी के मौसम में आम देखकर सभी को हैरानी होगी. पोरबंदर में जिन आमों की खेप उतरी उन्हें केसर आम कहा जाता है. ये विशेष रूप से सौराष्ट्र के तलाला और आसपास के क्षेत्रों में उगाए जाते हैं.

गुजरात का ये आम पूरे देश में बहुत प्रसिद्ध हो गया है. इस साल पोरबंदर के बिलेश्वर और खानभला सहित अन्य जिलों में आम के पेड़ों पर सामान्य से लगभग दो-तीन महीने पहले फूल आने की खबरें आ रही हैं. सोमवार को बाजार में केसर आम आ गए और 60 किलोग्राम आम की भी नीलामी हुई.

# पाकिस्तान: अमेरिकी दूतावास ने कर्मचारियों को किया अलर्ट- मैरियट होटल न जाएं, हो सकता है बड़ा हमला

इस्लामाबाद. पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद स्थित अमेरिकी दूतावास ने रविवार को ह्यसंभावित हमलेह्ण को लेकर चिंता जताते हुए अपने कर्मचारियों को शहर के मैरियट होटल में जाने से रोक दिया है. दूतावास की ओर से जारी एक सुरक्षा चेतावनी में कहा गया है कि ह्लअमेरिकी सरकार को इस बात की सूचना थी कि छुट्टियों के दौरान संभवतः अज्ञात व्यक्ति इस्लामाबाद के मैरियट होटल में अमेरिकियों पर हमला करने की साजिश रच रहे हैं.ह्व दूतावास ने अपने सभी कर्मियों से शहर में घोषित रेड अलर्ट और सार्वजनिक समारोहों पर प्रतिबंध के कारण ह्लछुट्टियों के मौसम में इस्लामाबाद में गैर-जरूरी, अनौपचारिक यात्राह्व से बचने का भी आग्रह किया.

दूतावास ने अपने कर्मचारियों को घटनाओं, प्रार्थना स्थलों पर सतर्कता बरतने और ज्यादा भीड़ वाली जगहों से बचने; उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा योजनाओं की समीक्षा करने; पहचान पत्र रखने और कानून प्रवर्तन से अनुरोधों का पालन करने; अपने परिवेश से अवगत रहने और अपडेट के लिए स्थानीय मीडिया की निगरानी करने की सलाह दी है. इस मामले में विदेश कार्यालय और गृह मंत्रालय की ओर से कोई जानकारी नहीं मिली है.

# 25 हजार का इनामिया गैंगेस्टर गिरफ्तार

**पुष्पेंद्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर (यूपी)। सीतापुर पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है।




उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 27.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री एन.पी.सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्री सुशील यादव के नेतृत्व में थाना मिश्रित पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 546/22 धारा 2(ख)(17)/3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25,000/- रुपए के इनामिया अभियुक्त सलमान पुत्र अल्ली नि0 मीरापुर टांडा मजरा आंट थाना मिश्रित सीतापुर को बौधनी तिराहा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिसके विरुद्ध पूर्व में मारपीट/धोखाधड़ी/गोवध अधिनियम आदि से संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं अभियुक्त उक्त अभियोग में करीब दस माह से वांछित चल रहा था जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय द्वारा अभियुक्त पर 25,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।

# अधिकारियों ने टोही सेहत की नब्ज, लिया जायजा

**दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर। जिला अस्पताल का ज्वाइंज डायरेक्टर ने किया निरीक्षण दवाओं को लेकर अस्पताल के सीएमएस को दिये निर्देश

शेखर मिश्रा, दैनिक समाज जागरण सीतापुर (यूपी)। कोरोना संक्रमण की संभावित लहर को देखते हुए सेहत महकमें की नब्ज टोही गई। उच्चाधिकारियों ने सीतापुर आकर जिला अस्पताल सहित अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों का हाल जाना। तमाम सी जानकारियां लेते हुए कुछ आवश्यक निर्देश दिये गए। स्वास्थ्य भवन से आए ज्वाइंट डायरेक्टर का कहना है कि दवाओं की उपलब्धता को लेकर भी निर्देश दिये गए हैं।

मंगलवार को लखनऊ से स्वास्थ्य भवन के ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. रंजीत दीक्षित का आगमन हुआ। सेहत महकमें की नब्ज टोहने सबसे पहले वे जिला अस्पताल पहुंचे। कोरोना वार्ड का हाल जानते हुए ऑक्सीजन प्लॉट के द्वारा दी जा रही सप्लाई का भी आंकलन किया। सीएमएस डॉ. आरके सिंह से जरूरी जानकारी लेते हुए सभी वार्डों का निरीक्षण किया। कोरोना संक्रमण की संभावित स्थिति से निपटने के लिए जरूरी निर्देश देते हुए तमाम से सुझाव भी दिये गए। ज्वाइंट डायरेक्टर डॉ. रंजीत दीक्षित ने बताया कि कोरोना लहर की संभावना को लेकर जिला अस्पताल के अलावा मॉकड्रिल किया गया। सभी स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारियों को निर्देश दिये गए हैं। ऑक्सीजन प्लॉट के सहारे ऑक्सीजन की उपलब्धता का जायजा लिया गया है। दवाओं के वितरण के लिए भी कहा गया है।

इनसेट

सीएचसी और पीएचसी में मॉकड्रिल

जिले की सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का निरीक्षण हुआ। मॉकड्रिल के बीच साफ सफाई को लेकर जरूरी निर्देश दिये गए। इस दौरान स्थानीय स्वास्थ्य विभाग की टीम मौजूद रहे।


# 25 हजार का इनामिया गैंगेस्टर गिरफ्तार

**पुष्पेंद्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर(यूपी)।सीतापुर पुलिस अधीक्षक घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत अपराधियों के विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही एवम् वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु जनपदीय पुलिस को निर्देशित किया गया है उक्त निर्देश के क्रम में दिनांक 27.12.2022 को अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्री एन.पी.सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी मिश्रिख श्री सुशील यादव के नेतृत्व में थाना मिश्रित पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 546/22 धारा 2(ख)(17)/3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 25,000/- रुपए के इनामिया अभियुक्त सलमान पुत्र अल्ली नि0 मीरापुर टांडा मजरा आंट थाना मिश्रित सीतापुर को बौधनी तिराहा से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। अभियुक्त शातिर अपराधी हैं जिसके विरुद्ध पूर्व में मारपीट/धोखाधड़ी/गोवध अधिनियम आदि से संबंधित धाराओं में अभियोग पंजीकृत हैं अभियुक्त उक्त अभियोग में करीब दस माह से वांछित चल रहा था जिसकी शीघ्रातिशीघ्र गिरफ्तारी सुनिश्चित करने हेतु पुलिस अधीक्षक सीतापुर महोदय द्वारा अभियुक्त पर 25,000/- रुपये का इनाम घोषित किया गया था अभियुक्त द्वारा अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाकर जब्तीकरण की कार्यवाही की जायेगी।





# क्षेत्रीय विधायक ने किया संस्कृतिक विकास प्रदर्शनी का फीता काट कर किया शुभारंभ

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ़। नगर स्थित अब्दुल रज्जाक मार्केट के मैदान में सांस्कृतिक विकास प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें भाजपा क्षेत्रीय विधायक ने सांस्कृतिक प्रदर्शनी का फीता काट कर शुभारंभ किया जानकारी अनुसार कोरोना काल दो वर्ष के बाद सांस्कृतिक प्रर्दशनी का आयोजन किया जा रहा है ।जिसका शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक कुँवर सुशांत सिंह ने फीता काटकर किया ।आयोजकों द्वारा उपस्थित मुख्य अतिथियों चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, भाजपा नेता पृथ्वी राज सिंह ,कोतवाल मनोज कुमार व कस्बा इंचार्ज अमित कुमार व अनोखेलाल गंगवार का प्रर्दशनी के आयोजकों ने शाला उढ़ाकर स्वागत किया।वही प्रदर्शनी में मनोरंज के लिए विभिन्न प्रकार के छोटे बड़े झूले, खिलौने,क्रॉकरी की दुकानें सहित हलवे पराठे की दुकानें भी खूब सजी है। मेले में बच्चो के लिए मिक्की माउस ,व हिंडोलों को लागकर मनोरजन का भरपूर इंतजाम किया गया है। विकास प्रर्दशनी करीब एक माह तक



मनोरंजन के लिए लगाई गई है मेले का नगर लोग भरपूर लुप्त उठा सकें इस मोके क्षेत्रीय भाजपा विधायक कूंवर सुशांत सिंह ,नगर चेयरपर्सन पति सलीम अंसारी, पृथ्वी सिंह चौहान,वसीम अंसारी,भीम सिंह रावत,मनीत चोहन नितिन चोहान,मो अकरम, मेहर आलम के सहित भाजपा कार्यकर्ता मौके पर पहुंच कर मेले की शुभा बड़ाई

# उत्कृष्ट कार्य के लिए अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के अधिशासी अभियंता राकेश कुमार किये गये सम्मानित

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण बिजनौर/लखनऊ ।* अफजलगढ सिंचाई खण्ड धामपुर के नियंत्रणाधीन जनपद बिजनौर एवं मुरादाबाद में स्थित नहरों की सिल्ट सफाई कार्य को मानक के अनुरूप गुणवत्तापूर्ण उत्कृष्ट श्रेणी का सम्पादित कराने के लिए अधिशासी अभियंता राकेश कुमार को उत्तर प्रदेश शासन द्वारा मा. जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह के कर कमलों द्वारा परिकल्प भवन लखनऊ में आयोजित भव्य कार्यक्रम में प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया किया। उन्ही के साथ उनकी टीम के सहायक अभियंता नवरत्न सिंह, एवं जूनियर इंजीनियर नवीन शर्मा एवं गजेंद्र सिंह को भी प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया ।विदित हो कि उनके द्वारा कराये गये कार्य का जिलाधिकारी बिजनौर एवं मुरादाबाद द्वारा गठित टास्क फोर्स एवं विभाग द्वारा गठित समिति द्वारा सत्यापन कराया गया। स्थलीय सत्यापन में कार्य उत्कृष्ट श्रेणी का पाया गया , विभाग के मुख्य अभियंता



एवं अधीक्षण अभियंता द्वारा भी कार्य का समय-समय पर निरीक्षण किया गया है ।इसअवसर पर राज्य मंत्री दिनेश खटीक, रामकेश निषाद ,प्रमुख सचिव सिंचाई अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष मुश्ताक अहमद, मुख्य अभियंता आलोक कुमार जैन,राकेश कुमार ,आर. पी. सिंह , उत्तर प्रदेश शासन के उप सचिव, विभाग के मुख्य अभियंतागण,अधीक्षण अभियंतागण ,अधिशासी अभियंतागण , बहुत बड़ी संख्या में अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध शराब बनाते हुए आठ थाना क्षेत्रों से 19 शातिर गिरफ्तार

**पुष्पेंद्र सिंह रैकवार, दैनिक समाज जागरण**

सीतापुर (यूपी)। सीतापुर पुलिस अधीक्षक सीतापुर घुले सुशील चंद्रभान द्वारा जनपद में अवैध शराब निष्कर्षण, बिक्री एवम् परिवहन की रोकथाम के लिये कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है।

उक्त निर्देश के अनुपालन करते हुए आठ थाना क्षेत्रों की पुलिस द्वारा 250 लीटर अवैध शराब वह एक भट्टी सहित 19 अभियुक्त गिरफ्तार किए गए सभी के खिलाफ वैधानिक कार्यवाही करते न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

# *पैदल जा रहे एक वृद्ध व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में मौत।

अजमल हसन दैनिक समाज जागरण अफजलगढ के क्षेत्र गांव मानियावाला राष्ट्रीय राजमार्ग सड़क किनारे एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति गंभीर अवस्था मे घायल पड़ा मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया । जानकारी के अनुसार मंगलवार की मध्य रात्रि राष्ट्रीय राजमार्ग 74 मानियावाला रोड पर पैदल जा रहे एक 65 वर्षीय व्यक्ति किसी वाहन की चपेट में आकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। जिसे विवेकानंद चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी नितिन कुमार व सुरेश कुमार ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ से उसकी गम्भीरवस्था के चलते प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया। घायल को जिला अस्पताल बिजनोर भर्ती कराया गया जहा उसका उपचार चल रहे था सुबह करीब चार उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। वृद्ध की कोई पहचान नही हो पाई है।इस सम्बन्ध में कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने घटना की पुष्टि की है साथ ही बताया कि मृतक के शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया जा रहा हैं।



# आकांक्षात्मक विकास खंडों में विकास के मानकों को लेकर डीएम ने की बैठक।

स्वास्थ्य व पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के विविध मानकों पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के लिए बेहतर प्रयास किए जाए.....डीएम।



**समाज जागरण अभिषेक तिवारी**

अमेठी जिलाधिकारी राकेश कुमार मिश्र ने सोमवार देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में आकांक्षात्मक विकासखंड जामों, जगदीशपुर व बाजार शुकुल में विकास मानकों को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा किया एवं आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में डीएम ने स्वास्थ और पोषण, शिक्षा, कृषि और जल संसाधन, वित्तीय समावेशन, कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना के विविध मानकों एवं निमार्णाधीन परियोजनाओं पर इन आकांक्षात्मक विकासखंडों के समग्र विकास के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आकांक्षात्मक विकास खंडों में कर्मचारियों की तैनाती शत-प्रतिशत सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मा. मुख्यमंत्री जी के निदेर्शानुसार आकांक्षात्मक विकासखंडों की प्रगति का अनुश्रवण अब 75 इंडिकेटर्स के आधार पर किया जाएगा। बैठक में डीएम ने संबंधित अधिकारियों को आकांक्षात्मक विकासखंडों में अपने-अपने विभाग में संचालित योजनाओं/कार्यक्रमों का क्रियान्वयन शत प्रतिशत कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मार्च 2022 को बेसलाइन मानते हुए चयनित इंडिकेटर पर ब्लाकवार अद्यतन सूचना वर्तमान माह के अंत तक एकत्र कर ली जाए। इसके उपरांत हर माह की 15 तारीख तक संबंधित विकासखंडों द्वारा अद्यतन विवरण पोर्टल पर फीड किया जाए तथा इस्की पुष्टि संबंधित विभागों द्वारा कराई जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित उपजिलाधिकारी अपनी तहसील के अंतर्गत चयनित आकांक्षात्मक विकासखंडों के नोडल अधिकारी नामित हैं, जो कि आकांक्षात्मक विकासखंड में होने वाले विकास कार्यों/योजनाओं का सतत अनुश्रवण एवं स्थलीय निरीक्षण, विकासखंड में कार्मिकों की उउपलब्धता आदि का विवरण पोर्टल/डैशबोर्ड पर फीड कराए जा रहे डेटा की शुचिता और वास्तविकता के प्रति जवाबदेह होंगे। इसके अतिरिक्त आकांक्षात्मक विकासखंडों में तैनात खंड विकास अधिकारियों को किसी अन्य विकासखंड का अतिरिक्त प्रभार न दिया जाए तथा विभागों द्वारा महत्वाकांक्षी जनपदों की भाति आकांक्षात्मक विकासखंडों में कार्मिकों की शत-प्रतिशत तैनाती सुनिश्चित की जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा, जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. विमलेंदु शेखर, उपजिलाधिकारी गौरीगंज व मुसाफिरखाना, जिला पंचायत राज अधिकारी श्रीकांत यादव सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# धर्म परिवर्तन की खबर पर हिंदू जागरण मंच के कार्यकताओं का फूटा गुस्सा कार्यवाही की मांग

बढ़ापुर संवादाता मोहम्मद आलम, बढ़ापुरः ईसाई मिशनरी द्वारा इलाके में धर्म परिवर्तन की खबर पर हिन्दू जागरण मंच के पदाधिकारियों ने दर्जनों ग्रामीणों के साथ थाना बढ़ापुर पहुँच कर प्रदर्शन करते हुए आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई साथ ही हिन्दू जागरण मंच द्वारा बढ़ापुर पुलिस से इलाके में लगातार बढ़ रहे धर्म परिवर्तन के मामलों पर पूर्णतः रोक लगाने एवं ईसाई मिशनरी चलाकर धर्म परिवर्तन कराने वाले इस प्रकार के लोगो के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की गई।

बताया जाता है कि धर्म परिवर्तन की सूचना पर हिन्दू जागरण मंच के कार्यकताओं व पदाधिकारीयों में आक्रोश फैल गया जिसके चलते हुए मंगलवार को हिन्दू जागरण मंच के जिले के पदाधिकारियों ने थाना क्षेत्र के ग्राम चंपतपुर चकला, मदपुरी, भोगपुर, वीरभानवाला आदि गांवों के दर्जनों ग्रामीणों के साथ थाना बढ़ापुर पहुँचकर ईसाई मिशनरी के नाम पर लोगो का धर्म परिवर्तन कराने वाले लोगो के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई साथ ही इलाके में हो रहे धर्म परिवर्तन पर पूर्णतः रोक लगाने की मांग भी गई। हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अंशुल आर्य के नेतृत्व में दर्जनों सिख समुदाय के लोगो द्वारा थाने पर प्रदर्शन करते हुए गांव के कुछ लोगो पर जबरन धर्म परिवर्तन का आरोप लगाते हुए थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर को शिकायती प्रार्थना पत्र देकर



आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की गई। महेंद्र सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासी ग्राम चंपतपुर चकला द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि उसका पुत्र गुरप्रीत सिंह गत दिनांक 14 दिसम्बर2022 को जब ग्राम भोगपुर से अपने घर वापस आ रहा था उसी समय बीच रास्ते मे घात लगाए बैठे बलवीर सिंह उर्फ बंगाली पुत्र जोगेंद्र सिंह निवासी ग्राम मदपुरी,मंगल सिंह,छिंदर सिंह,अमरीक सिंह उर्फ विक्की पुत्रगण जोगेंद्र सिंह निवासी ग्राम चंपतपुर चकला ने गुरमीत के साथ मारपीट कर अधमरा कर दिया पता चलने पर मेरे परिवार के लोगो ने जब विरोध किया तो उपरोक्त आरोपियों द्वारा मेरे साथ भी मारपीट की गई साथ ही मेरे सर पर रखी पगड़ी उतारकर मेरे केश(बाल) भी उखाड़ कर जबरन सिख धर्म छोड़कर ईसाई धर्म अपनाने का दबाव बनाया मेरे मना करने पर मेरे साथ भी गाली गलौज व मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी गई। पुलिस ने मामले की गम्भीरता को देखते हुए आरोपियों के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। थाना बढ़ापुर पर प्रदर्शन करने वालो में हिन्दू जागरण मंच के जिला संयोजक अंशुल आर्य,जिला सह संयोजक, सौरभ काकरान,प्रचार प्रमुख सुमित मण्डियाना,संपर्क प्रमुख,जोगेंद्र सिंह,दर्षित चौधरी,सहित सिख समाज के मोहन सिंह,कुलदीप सिंह,सखवंत सिंह,मंगल सिंह,तीरथ सिंह,मनजीत सिंह आदि दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे। इस सम्बंध में जब थाना प्रभारी अनुज कुमार तोमर से बात की गई तो उन्होंने बताया कि महेंद्र सिंह की तहरीर पर सम्बंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# गौ आधारित प्राकृतिक खेती पर जागरूकता कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

कृषि विज्ञान केंद्र, नगीना, बिजनौर द्वारा दिनांक 28 दिसम्बर 2022 को नरावली, स्योहारा मे गो आधारित प्राकृतिक खेती पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाया गया । इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में कृषि विज्ञान के नगीना के वैज्ञानिक डॉ. के के सिंह द्वारा गौ आधारित प्राकृतिक खेती से बासमती धान उत्पादन तकनीकी की विस्तृत जानकारी दी । साथ ही मृदा की उर्वरता सुरक्षित बनाए रखने एवं जीवांश की मात्रा सुरक्षित हो इसके लिए घन जीवामृत आदि के बारे में बताया।



डॉ. शकुनतला गुप्ता उपस्थित कृषको को संबोधित करते हुए कहा कि अब समय आधारित खेती का है। हमारी सरकार गौ आधारित खेती को बढ़ावा देने के लिए कृषकों को दक्ष प्रशिक्षित करती रहेगी।

डा. प्रतिमा गुप्ता ने किसानो को पलवार तकनीकी की विस्तृत जानकरी दी। इस मौके पर काफी संख्या में कृषक मौजूद रहे।

# बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से एक-दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजने

**जितेन्द्र शर्मा समाज जागरण अमेठी**

परिषदीय विद्यालयों में शिक्षा,सहुलियत,नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बेसिक शिक्षा



विभाग निरंतर प्रयत्नशील नजर आ रहा है इसी क्रम में मंगलवार को भी अमेठी जनपद के खंड विकास अधिकारी कार्यालय भेटुआ के सभागार में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया

इस कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में ब्लॉक प्रमुख आकर्ष शुक्ल, विशिष्ट अतिथि बीडीओ हरिश्चन्द्र सिंह के साथ भेटुआ ब्लॉक के परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक और समस्त ग्राम पंचायतों के मुखियाओं ने हिस्सा लिया कार्यशाला के दौरान निपुण भारत के लक्ष्य को हासिल करने,आपरेशन कायाकल्प के तहत सभी मानदंडों पर विद्यालयों को संतृप्त करने के साथ- साथ परिषदीय विद्यालयों और शिक्षा के प्रति समाज जागरण की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया गया

मुख्य अतिथि आकर्ष शुक्ल ने प्रधानों का आह्वान करते हुए कहा कि प्रधान मतलब पंचायत का अभिभावक इसलिए गाँव के बच्चे शिक्षित हों,विद्यालय जायें और विद्यालयों में उनको उचित शिक्षा मिले यह जिम्मेदारी भी प्रधान भाइयों को निभानी ही होगी

बीडीओ हरिश्चन्द्र सिंह ने अपने उद्बोधन में कायाकल्प के जरिये परिषदीय विद्यालयों में सुविधा सुधार को इंगित करते हुए कहा कि बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में असुविधा न हो इसके लिए विकास विभाग अपनी जिम्मेदारियों को बखूबी अंजाम दे रहा है, हमें खुशी है कि हमारे प्रधान भी अपने क्षेत्र के विद्यालयों को संवारने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे अंत में खंड शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार यादव ने कार्यशाला में भाग लेने वाले समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापित कर सम्मिलित प्रयास से बेसिक शिक्षा विभाग के प्रयासों का फलीभूत होने की बात दोहरायी कार्यशाला में आगंतुकों के भोजन,जलपान की बेहतर व्यवस्था देखने को मिली,इस दौरान एडीओ पंचायत फिरदौस आलम,प्रधान प्रतिनिधि शैलेन्द्र सिंह,श्याम बिहारी,पवन सिंह, शीतला प्रसाद तिवारी,प्रधान गोकुल प्रसाद यादव सहित समस्त प्रधान ,परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापक व शिक्षा विभाग के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे

# बालश्रम जन जागरूकता अभियान का आयोजन

**ओंकार नाथ चौधरी समाज जागरण**

जनपद बलरामपुर श्रम विभाग,यूनिसेफ और उद्दमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के सहयोग से चलाये जा रहे बालश्रम जन जागरूकता अभियान जनपद के विकास खंड के ग्राम पंचायत विशुनापुर में कार्यक्रम का आयोजन कर लोगो को बालश्र और बाल विवाह पर जागरूक किया गया `इओस अभियान का क्रियान्वयन कर रही संस्कार संथा के सदस्यों के द्वारा ग्राम पंचायत में बालश्र और बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक का मंचन कर लोगो को बालश्रम और बाल विवाह से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में जागरुक करने का प्रयास किया गया` एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट बलरामपुर से ब्रिज मोहन और रंजना रावत ने भी प्रतिभाग किया` रंजना रावत ने लोगो को बाल विवाह और बाल मजदूरी ना कराने की अपील किया तथा बालश्रम और बाल विवाह से होने वाले



दुष्परिणामों से भी अवगत कराया` उन्होंने कहा की बालश्र और बाल विवाह दोने ही बच्चो को उनके शिक्षा के अधिकार से बंचित करता है और यह दोनों ही कानूनन अपराध है अगर कोई भी ब्यक्ति बालश्रम कराता है या बाल विवाह करता है तो उसे सजा हो सकती है` इसके अलावा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि ने भी ग्राम वासियों से बाल मजदूरी ना करने की बात कही` नया सवेरा टी आर पी ,श्री मनोज तिवारी ने बताया की नए कानून के तहत अगर कोई अभिभावक अपने बच्चो से सिर्फ कार्य करा रहा है और उनको शिक्षा के अधिकार से बंचित रखता है तो उनके ऊपर भी जुमार्ना लगाया जा सकता है` उन्होंने बताया की बालश्रम और बाल विवाह समाज के लिए अभिशाप है हम सभी लोगो को मिलकर इसे समाप्त करने के प्रयास करना होगा इसके लिए पंचायत स्तर से यह प्रयास होना चाहिए को जो भी ब्यक्ति जिस सामाजिक सुरक्षा योजना के लिए पात्र है उसको उस योजना से जरुर जोड़ा जाय` उन्होंने श्रम विभाग द्वारा चलायी जा रही बालश्रमिक विद्या योजना,संत रविदास शिक्षा सहायत योजना तथा महिला व बाल कल्याण विभाग द्वारा चलायी जा रही मुख्य मंत्री बाल सेवा योजना की भी जानकारी दी`

अभियान में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि,पंचायत सहायक, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट से ब्रिज मोहन, रंजना रावत तथा ग्राम पंचायत के अन्य लोगो का भरपूर सहयोग प्राप्त हुआ

# नाले में गिरने से हुई एक बच्ची की मौत, परिवार में मचा कोहराम

**दैनिक समाज जागरण विकास शर्मा**

नगीना तहसील नगीना क्षेत्र के ग्राम तिगरी मनकावाला में एक चार वर्षीय बच्ची की नाले में डूबने के कारण काल के गाल में समां गई । आप को बताते चले कि यह घटना मंगलवार की सुबह लगभग नौ बजे के आसपास की बतायी जा रही है । मृतक बच्ची कृतिका , नेपाल सिंह की पुत्री है । इस घटना से परिवार वालों में कोहराम मचा हुआ है । नेपाल सिंह के भाई आदेश व ग्रामीणों का कहना है कि नव निर्माण नाले से पानी की निकासी सही से न होने के कारण नाले में पानी ठहरा हुआ है जोकि घटना स्थल पर नाले के भीतर लगभग दो ढाई फिट गहरा पानी ठहरा हुआ है, ग्रामीणों का कहना है कि यदि नाले से पानी की निकासी सही से होती तो आज यह घटना देखने को मिलती ।




# ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का संकल्प ग्राम प्रधान सकूर ने लिया।

**ओंकार नाथ चौधरी** /जनपद बहराइच आज श्रम विभाग द्वारा यूनिसेफ और उद्यमिता विकास संस्थान उत्तर प्रदेश के तकनीकी सहयोग से संचालित नया सवेरा योजना के अन्तर्गत बाल संरक्षण जनजागरण कार्यक्रम ब्लॉक चित्तौरा के ग्राम पंचायत कुरवारी माफी में अयोजित किया गया। ग्राम पंचायत कुरवारी माफी में कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य, अध्यापक और पंचायत सहायक द्वारा डोर टू डोर ग्राम वासियों को बाल श्रम, बाल विवाह और बाल तस्करी पर रोकथाम के लिए जागरूक किया गया। कानपुर की संस्कार संस्था के सदस्य महेश वर्मा,दीपक वर्मा, विष्णु, अलका और वैशाली द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बाल श्रम और बाल विवाह के प्रति लोगो के जागरूक किया और अपने ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने के लिए प्रेरित किया।

राकेश चौबे प्रथम संस्था ने बच्चों को बच्चों की हेल्पलाइन 1098 के बारे में बताया और प्रथम संस्था द्वारा बाल श्रम रोकने के लिए बस स्टेशन पर चलाए जा रहे कार्यक्रम की जानकारी दी।

विद्यालय अध्यापक ने ग्राम वासियों को अपने बच्चों से घर और खेत का काम न कराने और बच्चों को स्कूल प्रतिदिन भेजने के लिए प्रेरित किया।






ग्राम प्रधान सकूर ने अपनी ग्राम पंचायत को बाल श्रम और बाल विवाह मुक्त रखने का संकल्प लिया और श्रम विभाग की योजनाओ का लाभ अपनी ग्राम पंचायत के पंजीकृत श्रमिक को दिलाने की बात कही। रेशमा किशोरी सखी एक्शन ऐड ने ग्राम वासियों से बाल विवाह न कराने और ग्राम किशोरी को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में आशा पिंकी देवी, माधुरी ने पूर्ण सहयोग दिया

# चाइल्ड लाइन एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा बाल श्रम उन्मूलन अभियान

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के निर्देश पर सहायक श्रमायुक्त सन्त पाल के नेतृत्व में चाइल्ड लाइन एवं विशेष किशोर पुलिस इकाई की संयुक्त टीम द्वारा बालश्रम उन्मूलन अभियान के तहत 04 प्रतिष्ठानों से 04 बाल श्रमिक अवमुक्त कराये गये, तथा पूर्व में 05 प्रतिष्ठानों में बालश्रम कराते पाये गये नियोजकों को नोटिस जारी किया गया है। सहायक श्रमायुक्त ने बताया है कि शासन के आदेशानुसार जनपद श्रावस्ती को बालश्रम मुक्त कराये जाने हेतु प्रत्येक माह बालश्रम अभियान किया जाना है। बाल श्रम अधिनियम का उल्लंघन पाये जाने पर कड़ी कार्यवाही की जायेगी। इसके साथ ही उन्होने समस्त जनपद वासियों से अनुरोध किया है कि अपने बच्चों को काम पर न लगा कर उन्हें शिक्षा की मुख्य धारा से जोडे एवं शासन का सहयोग करें

# इंडियन रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्ष/जिलाधिकारी ने बाढ़ से प्रभावित परिवारों को वितरित किये तारपोलिन और हाईजीन किट

**ओंकार नाथ चौधरी श्रावस्ती**, इंडियन रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से जनपद में लगातार असहाय लोगों की सहायता के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम चलाये जा रहे है। इसी के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर में इंडियन रेडक्रास सोसायटी की अध्यक्ष/जिलाधिकारी नेहा प्रकाश एवं मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह ने पूर्व में आयी बाढ़ से प्रभावित हुए विभिन्न गांवों से आये परिवारों को तारपोलिन और हाईजीन किट का वितरण किया, तथा उनका कुशल क्षेम भी जाना। ज्ञातब्य हो कि यह तारपोलिन और हाइजीन किट इंडियन रेडक्रास सोसायटी की प्रदेश सचिव डा0 हिमा बिन्दु नायक द्वारा जनपद इकाई को निःशुल्क प्रदान किया गया है, जिसका निःशुल्क वितरण किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिलाधिकारी/अध्यक्षा ने कहा कि बाढ़ के समय जब मैं ग्रामीणों के बीच जाती थी, तो पानी से घिरे मकानों को देखकर उनके जीवन यापन में हो रही दिक्कतों का अनुभव करती थी। बाढ़ प्रभावित गांवों के परिवारों को गृहस्थी के सुचारू संचालन के लिए तारपोलिन व हाइजिन किट की आवश्यकता थी, इसलिए इंडियन रेडक्रास सोसायटी के माध्यम से परिवारों को इसका वितरण किया गया है। संस्था के पदाधिकारी और सहायता सामग्री बंटवाने के लिए प्रयासरत है। इसके अलावा प्रशासन की ओर से भी जरूरतमंदों को कम्बल वितरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जनपद भीषण बाढ़ आपदा से गुजरा है, इसलिए यहां पर प्रभावितों को सहायता की महती आवश्यकता है। जनपद के समाज सेवियों व संस्थाओं को भी बाढ़ पीड़ितों के बीच जाकर दैनिक जीवन से जुड़ी सामग्रियों का वितरण करना चाहिए। जनपद में इंडियन रेडक्रास सोसायटी द्वारा लगातार मानवता की सेवा में यथा सम्भव प्रयास कर रही है। प्रशासन द्वारा सभी प्रमुख स्थानों व चिन्हित स्थलों पर अलाव भी जलवाये जा रहे है। इसके अलावा भीषण ठंडी के मद्देनजर संयुक्त जिला चिकित्सालय भिनगा व गौतम नगर इकौना में रैन बसेरे का संचालन किया जा रहा है। इसमें कोई भी गरीब, असहाय या बेसहारा व्यक्ति रात्रि विश्राम



कर सकता है।

संस्था के सभापति अरूण कुमार मिश्र ने बताया है कि जिलाधिकारी के निर्देश पर रेडक्रास सोसायटी द्वारा हाईजिन किट व तारपोलिन (तिरपाल) का वितरण किया गया है। हाइजिन किट में महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड, वाशिंग पाउडर, नहाने का साबुन, कपड़ा धोने का साबुन, टूथपेस्ट, ब्रश व शेविंग किट दी गई है। सभी ग्रामीणों को उच्च गुणवत्ता का 4ग6 मीटर का वायुरोधी तिरपाल दिया गया है, जो शीत लहर से ग्रामीण परिवारों के बचाव के लिए सहायक होगा। इंडियन रेडक्रास सोसायटी की कोशिश है कि जनपद में बाढ़ से बुरी तरह प्रभावित हुए परिवारों की यथासम्भव मदद हो सके। इसके लिए प्रदेश इकाई को जिलाधिकारी द्वारा पत्र लिखकर और राहत सामग्री मंगवाने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही अन्य कैम्पों का आयोजन कर राहत सामग्रियों का वितरण किया जायेगा।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) डी0पी0 सिंह, उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, संस्था के कोषाध्यक्ष रवि मिश्रा, सदस्य जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ, जिलाधिकारी आशुलिपिक चन्द्रमौली श्रीवास्तव, ईडिस्ट्रिक्ट मैनेजर शरद श्रीवास्तव, नाजिर सदर अनूप तिवारी, आपदा लिपिक विपिन चटर्जी सहित रेडक्रास सोसायटी के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

# सैम-मैम, लाल-पीले बच्चों का वजन कराकर प्रत्येक माह रिपोर्ट की जाए प्रेषित-जिलाधिकारी

**ओंकार नाथ चौधरी**

श्रावस्ती, जिलाधिकारी नेहा प्रकाश की अध्यक्षता में जिला पोषण समिति की बैठक विकास भवन सभागार में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सरकार नवजात शिशुओं/बच्चों/गर्भवती/धात्री महिलाओं को स्वस्थ्य रखने हेतु प्रतिबद्ध है, इसी उद्देश्य से आई0सी0डी0एस0 विभाग द्वारा तमाम योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। उन्होने कहा कि सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों का दायित्व बनता है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों के अन्तर्गत संचालित आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जाएं, और निरन्तर मानिटरिंग करके सरकार द्वारा प्रदत्त सभी सुविधाएं बच्चों एवं महिलाओं को उपलब्ध करायें। यदि किसी भी अधिकारी द्वारा इसमें शिथिलता बरती गई तो निश्चित ही उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। क्यों कि अब किसी भी दशा में बच्चों तथा गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के स्वास्थ्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नही किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया है कि नियमित रूप से बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया जाए, और बच्चों की स्वास्थ्य की स्थिति को देखते हुए उन्हें पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती भी किया जाए। पोषण पुर्नवास केन्द्र में रजिस्टर बनाया जाए, उसमें बच्चों की भर्ती की तिथि, बच्चों के अभिभावक का मोबाईल नम्बर सहित पूरा पता, भर्ती के दौरान दी गई दवाओं का विवरण एवं बच्चे की हिस्ट्री तथा डिस्चार्ज की तिथि की उल्लेख के साथ ही उनका फॉलोअप भी किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की आर0बी0एस0के0 टीम की भी क्रियाशीलता बढ़ाई जाय। जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिया कि समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी बुधवार और शनिवार को आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आयोजित होने वाले ग्रामीण पोषण स्वास्थ्य दिवस (वी0एच0एन0डी0) सत्र की मानिटरिंग करेंगे। उन्होने यह भी निर्देश दिया है कि आंगनवाड़ी केन्द्रों पर पोषण वाटिकाओं का भी बेहतर ढंग से करायें।




इसके साथ ही सैम-मैम, लाल-पीले बच्चों का वजन कराकर उनकी भी हर माह की 07 तारीख को रिपोर्ट प्रेषित करें। उन्होने यह भी निर्देश दिया कि कुपोषित बच्चों को स्वस्थ्य रखने हेतु आयरन की दवा वितरित की जाए, और साथ ही फोटो भी अपलोड की जाए। उन्होने माध्यमिक शिक्षा विभाग, बेसिक शिक्षा एवं बाल विकास विभाग को निर्देश दिया कि किशोरी बालिकाओं को नीली आयरन गोली का वितरण शत-प्रतिशत कराया जाना सुनिश्चित करें।

उन्होने यह भी बताया कि आंगनबाडी केन्द्रों को गोद लेकर ह्यह्यआदर्श आंगनबाडी केन्द्रह्यह्य के रूप में विकसित किये जाने के लिए 06 माह तक लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए जिले के अधिकारियों द्वारा 80 ग्राम पंचायतों के आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लिया गया है। तथा प्रत्येक मा0 जनप्रतिनिधियों द्वारा 03-03 आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लिया गया है। जो अपने-अपने आंगनवाड़ी केन्द्रों पर जाकर निर्धारित बिन्दु के अनुसार सभी सुविधाएं मुहैया करायेंगे और विकास करके आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्र बनायेंगे।

समीक्षा के दौरान ज्ञात हुआ कि वर्ष 2021-22 में 17 आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण किया जाना था, जिनमें से 08 आंगनवाड़ी केन्द्रों का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। माह अक्टूबर में 15 व नवम्बर में 23 बच्चे पोषण पुनर्वास केन्द्र में भर्ती कराये गये है। माह अक्टूबर में 4560 सैम बच्चे एवं 10772 मैम बच्चे चिन्हित किये गये है। माह नवम्बर में 3784 सैम एवं 7678 मैम बच्चों का चिन्हाकन किया गया है। नवीन सुपोषित किये जाने हेतु प्रत्येक विकास खण्डवार 05-05 गांवो को लक्षित किया गया है, जिन्हें सुपोषित किया जाना है। जिसके लिए ग्राम पंचायत वार नोडल अधिकारी नामित किये गये है। जिनमें से अबतक 23 गांवों को सुपोषित किया जा चुका है। जिलाधिकारी ने आंगनवाड़ी केन्द्रों को गोद लिये नोडल अधिकारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने-अपने आदर्श आंगनवाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चुस्त-दुरूस्त रखें।

जनपद में 925 आंगनवाड़ी केन्द्र स्थापित है। जिलाधिकारी द्वारा पोषण ट्रैकर ऐप पर डाटा फीडिंग की स्थित सन्तोष व्यक्त करते हुए निर्देशित किया कि समस्त सीडीपीओ का दायित्व है कि शत-प्रतिशत फीडिंग कराना सुनिश्चित करें।

बैठक का संचालन जिला कार्यक्रम अधिकारी पी0के0 दास ने किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह, जिला विकास अधिकारी राम समुझ, परियोजना निदेशक इन्द्रपाल सिंह, सहायक निदेशक मत्स्य सुरेश कुमार, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय, जिला पूर्ति अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी सुबोध कुमार सिंह, अधिशासी अभियंता विद्युत, जिला समन्वयक अजीत उपाध्याय सहित समस्त खण्ड विकास अधिकारीगण, सभी सी0डी0पी0ओ0 एवं अन्य विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# शराब माफिया ही नहीं; सफेदपोश भी हैं जिम्मेदार, धंधेबाजों के फोन ने खोली कइयों की पोल!

वैशाली. शराबबंदी वाले बिहार में अगर शराब माफिया सक्रिय हैं तो इसके पीछे कहीं न कहीं शराब पीनेवाले भी उतने ही जिम्मेदार हैं. यही नहीं; इनमें कई सफेदपोश लोग भी शामिल हैं. उत्पाद विभाग को शराब के धंधेबाजों के पास से एक ऐसा ही मोबाइल मिला है जिसमें कई सफेदपोश लोगों का नंबर है. इसमें शराब मंगाने वाले लोगों के ज्यादातर नंबर मौजूद हैं. दरअसल, हाजीपुर उत्पाद विभाग ने दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से चार शराब तस्करों को गिरफ्तार किया है जो शराब कि होम डिलीवरी करते थे. इनके पास से एक स्कूटी और विदेशी शराब की 5 बोतल और एक मोबाइल बरामद किए गए हैं. इसके आधार पर उत्पाद पुलिस आगे कार्रवाई करने की योजना बना रही है. इसके लिए नंबरों को ट्रेस किया जा रहा है जिससे उन सफेदपोश लोगों की सच्चाई सामने आ सके और उन्हें रंगे हाथों गिरफ्तार किया जा सके.

# सरधना सेवा भारती जिले की टीम द्वारा गरीबों को कंबल वितरण किए गए

**( प्रवीन कुमार ) संवाददाता**
**दैनिक समाज जागरण**

सेवा भारती सरधना जिले की टीम द्वारा प्रतापगढ़ बस्ती दबथुवा में श्री श्री हनुमान चालीसा का पाठ माननीय मुख्य अतिथि श्रीमान कुलदीप जी प्रांत सेवा प्रचार प्रमुख जी के सानिध्य में किया गया और गरीबों को सर्दियों में कंबल वितरण किए गए इस सेवा के कार्यक्रम में सरधना जिले के मंत्री श्री जितेंद्र जी सह मंत्री श्री अनिल शर्मा जी और जिले के पत्रिका प्रमुख श्री प्रियंक देव शर्मा एडवोकेट जी जिले के उपाध्यक्ष हरिओम वशिष्ट जी राजीव जी एवं सेवा भारती के पंकज जी सतीश चेयरमैन जी वह सेवा भारती नगर सरधना की अध्यक्ष महोदय आदि बहुत से गणमान्य व्यक्तियों ने भाग लिया कार्यक्रम का संचालन जिले के मंत्री श्रीमान जितेंद्र जी द्वारा बहुत ही सुव्यवस्थित ढंग से किया गया कार्यक्रम उपरांत सभी



को हनुमान जी का प्रसाद स्वरूप लड्डू वितरित किए गए और बस्ती के लोगों द्वारा हर्षोल्लास के साथ सेवा भारती जिला सरधना टीम का हृदय की गहराइयों के साथ आभार प्रकट किया

# प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी: मुख्यमंत्री

## इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा

***आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके मा0 सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी***

**लखनऊः 27 दिसम्बर, 2022/** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि प्रदेश सरकार नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन के परिप्रेक्ष्य में आयोग गठित कर ट्रिपल टेस्ट के आधार पर अन्य पिछड़ा वर्ग के नागरिकों को आरक्षण की सुविधा उपलब्ध करायेगी। इसके उपरान्त ही नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन को सम्पन्न कराया जाएगा। यदि आवश्यक हुआ तो राज्य सरकार मा0 उच्च न्यायालय के निर्णय के क्रम में तमाम कानूनी पहलुओं पर विचार करके मा0 सर्वोच्च न्यायालय में अपील भी करेगी।

# आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर एवं जिलाधिकारी के नेतृत्व में आबकारी विभाग की एक और बड़ी कार्यवाही।

## पुस्तिदा रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाये जाने 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर भेजा जेल।

गौतमबुद्धनगर 27 दिसम्बर, 2022 /आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के निदेशों के क्रम में व पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह एवं जिला अधिकारी सुहास एल0वाई0 के नेतृत्व में जनपद में अवैध शराब के निष्कर्षण एवं अवैध शराब के व्यापार के विरूद्ध चलाए जा रहे प्रवर्तन अभियान के तहत जिला आबकारी अधिकारी गौतम बुद्ध नगर राकेश बहादुर सिंह ने जानकारी देते हुये बताया कि विगत दिवस सेक्टर 122 पर्थला में स्थित पुस्तिदा रेस्टोरेंट में अवैध रूप से शराब पिलाये जाने की सूचना के आधार पर दी गयी दविश में तीन अभियुक्तों



मिनेश पुत्र मोहन सिंह, धर्मेन्द्र पुत्र राजबहादुर व खेतराम पुत्र स्वर्गीय रामभरोसे को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि उनके कब्जे से कुल टीचर्स हाईलैंड क्रीम ब्रांड का 1 बोतल धारिता 375 एम0एल0, बकारडी ब्लैक ब्रांड का 1 बोतल धारिता 375 एम0एल0, रॉयल स्टैग ब्रांड के कुल 05 बोतल धारिता 750 एम0एल0 व किंगफिशर ब्रांड के कुल 12 केन बीयर धारिता 500 एम0एल0 बरामद किए गए। बरामद अवैध शराब व अभियुक्तों के विरुद्ध थाना सेक्टर 113 में अभियोग पंजीकृत करते हुए जेल भेजा गया है। जिला आबकारी अधिकारी राकेश बहादुर सिंह ने कहा कि आगे भी जिलाधिकारी के निर्देशन में अवैध शराब की बिक्री को लेकर आगे भी जनपद में निरंतर गहन सर्च अभियान जारी रहेगा। उन्होंने अवैध शराब का कारोबार करने वालों को सचेत करते हुए कहा है कि उनके विरूद्ध आबकारी अधिनियम के तहत सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

# सूर्यवंशी साहिबदयाल वधवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सूर्यवंशी अधिवक्ता ज्योति कमल हांडा राष्ट्रीय महासचिव बनी।

**दैनिक समाज जागरण**

हरियाणा/हिसार (राजेश सलूजा) : आज अखिल भारतीय संगठन ऑल इंडिया अरोड़ा खत्री पंजाबी कम्युनिटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी



कमल हांडा ने राष्ट्रीय कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रमुख समाजसेवी सूर्यवंशी साहिबदयाल वधवा को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रमुख शिक्षाविद एवं अधिवक्ता सूर्यवंशी ज्योति कमल हांडा को राष्ट्रीय महासचिव के रूप में विशेष जिम्मेदारी दी।

ज्ञात हो कि प्रमुख समाजसेवी साहिब दयाल वधवा जी संगठन के साथ काफी समय से जुड़े हुए हैं तथा उन्होंने इससे पूर्व राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में एवं संगठन के राष्ट्रीय प्रकल्प मार्गदर्शक 58+ के राष्ट्रीय संयोजक के रूप में भी कार्य किया है इसके साथ साथ वधवा जी बाबा झूलेलाल जी का मंदिर जो कि फतेहाबाद में स्थित है उसमें पिछले 40 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं और हरियाणा प्रान्त के एक जाने-माने चेहरे हैं। वही शिक्षा के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाली अधिवक्ता ज्योति कमल हांडा जो कि संगठन के निर्माण के पहले दिन से ही जुड़ी हुई हैं और संगठन में ट्रस्टी के रूप में भी सेवाएं दे रही हैं।

नवनियुक्त राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं



राष्ट्रीय महासचिव ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूर्यवंशी कमल हांडा जी का आभार जताया और उनको विश्वास दिलाया कि जो भरोसा उन्होंने हम पर जताया है उस भरोसे को टूटने नहीं देंगे और उम्मीद से अधिक कार्य करके दिखाएंगे।

राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं राष्ट्रीय महासचिव की नियुक्ति का संगठन के राजस्थान प्रभारी सूर्यवंशी सुमित सुखीजा, पंजाब प्रदेश के अरूट सेना के सेनानायक सूर्यवंशी अंकुश फुटेला, वरिष्ठ सदस्य सूर्यवंशी संजय भ्याना, सूर्यवंशी कृष्ण हांडा, सूर्यवंशी रामचंद्र ढींगड़ा, जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी सोनू कुक्कड़, जिला सेनानायक सूर्यवंशी राजन ग्रोवर, जिला प्रभारी सूर्यवंशी अतुल ढींगड़ा, जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी भवनेश ग्रोवर, जिला अध्यक्ष सूर्यवंशी नरेंद्र भटेजा, जिला महिला अध्यक्षा श्रीमती नमिता सेठी, जिला सेनानायक जितेंद्र जसूजा, जिला अध्यक्ष सतीश अरोड़ा, जिला सेनानायक सूर्यवंशी अमन डोडा, जिला महिला अध्यक्षा पार्षद पूजा लूथरा सचदेवा, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी परमजीत कोचर, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी हरबंस लाल खन्ना, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी मनोज नारंग, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी डॉ हरीश रहेजा, सूर्यवंशी हरिओम सहगल, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी राजेश सिडाना, विधानसभा महिला अध्यक्षा श्रीमती शिमला मेहंदीरत्ता, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी कुलदीप कटारिया, , विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी सुनील मेहंदीरत्ता, विधानसभा महिला अध्यक्षा श्रीमती नीलम मैहता, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी मनोहर लाल सचदेवा, विधानसभा प्रभारी सूर्यवंशी अनिल गक्खड़, विधानसभा अरूट सेना सेनानायक सूर्यवंशी अशोक कुक्कड़, विधानसभा अध्यक्ष सूर्यवंशी नरेश खुराना, विधानसभा अध्यक्ष अमित धमीजा, विधानसभा अरूट सेना सेनानायक सचिन धूड़िया, सूर्यवंशी सुभाष मेंहदीरत्ता, सूर्यवंशी अशोक बाघला ने सूर्यवंशी साहिबदयाल वधवा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं सूर्यवंशी अधिवक्ता ज्योति कमल हांडा के राष्ट्रीय महासचिव की नियुक्ति का स्वागत किया और बधाई दी और संगठन के लिये अच्छा कार्य करने की शुभकामनाएं दी।

# चोरी की 06 मोटरसाइकिल व एक तमंचा 315 बोर मय कारतूस के साथ 03 शातिर वाहन चोरो को थाना मड़ियाहूं पुलिस ने किया गिरफ्तार

जौनपुर/ वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, जौनपुर श्री अजय साहनी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ श्री अशोक कुमार सिंह के कुशल पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक मड़ियाहूं श्री ओम नारायण सिंह के नेतृत्व में दिनांक 26/27.12.2022 की रात्रि में थाना मड़ियाहूं की पुलिस टीम द्वारा शिवपुर तिराहे पर चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर तीन वाहन चोर, तीन अलग-अलग मोटरसाइकिल से जौनपुर की ओर से मछलीशहर की तरफ आते समय मईडीह नहर मार्ग पर गाडा बन्दी कर फील्ड क्राफ्ट का प्रयोग करते हुए तीनो बाईक सवार को आवश्यक बल प्रयोग करके चोरी के तीन मोटरसाईकिल तथा एक 315 बोर तमंचा एवं एक कारतुस सहित गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर तीन चोरी की अन्य मोटरसाइकिल केडवारी मोड़ से




बरामद की गयी। अभियुक्तगण से आवश्यक पूछताछ तथा उनके आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है । बरामद मोटरसाइकिल थाना लाईनबाजार, मुगराबदशाहपुर तथा मड़ियाहूँ से संबंधित है । आवश्यक विधिक कार्यवाही प्रचिलत है।

# कोरोना की ठक ठक

-राजेश बैरागी-

लगभग आधा दर्जन वेरिएंट और अनगिनत म्यूटेशन वाला तीन वर्ष का कोरोना इस बार कैसा रहेगा? सरकार ने आज मॉक ड्रिल से देश भर में कोरोना से मुकाबले की तैयारियों को परखा।2020 में कोरोना के आगमन को लेकर हम इतने बेपरवाह थे,जितने अब से चार पांच सौ साल पहले पड़ोसी राज्य पर किसी विदेशी हमले के समय अन्य पड़ोसी राज्य रहा करते थे। फिर कोरोना आया। सबकुछ बंद होने के बावजूद उसने घरों और अस्पतालों में घुसकर न केवल लूट मचाई बल्कि डंके की चोट पर असंख्य नागरिकों की जानें लीं। यह हमारी कमजोर स्मरण शक्ति का प्रभाव है या हम संकटों को तेजी से भूल जाने में भरोसा करते हैं, अक्टूबर 2020 तक कोरोना के ढलने के साथ हम उसे विस्मृत करने लगे।2021 के मार्च में कोरोना ने धमाकेदार वापसी की। अप्रैल में मैंने देखा, द्वितीय विश्वयुद्ध के समान सड़कों पर केवल रोगी वाहन और शव वाहन ही दौड़ते दिखाई दे रहे थे।2022 की उपलब्धि यह है कि इस पूरे साल में कोरोना बेअसर रहा।आज 27 दिसंबर को देशभर में केवल 157 कोरोना रोगी पाए गए,163 ठीक हुए और आज के दिन पूरे देश में कोरोना रोगियों की संख्या तीन हजार के आसपास है। इसके विपरीत चीन में प्रतिदिन आठ हजार लोगों के कोरोना से मरने की सूचना है और एक करोड़ से अधिक लोग रोजाना संक्रमित हो रहे हैं। विशेषज्ञों का अनुमान है कि आने वाले तीन चार महीनों में चीन की एक बड़ी आबादी कोरोना के कारण मृत्यु को प्राप्त हो सकती है। हमें क्या करना चाहिए? क्या हमें भयभीत हो जाना चाहिए या 2020 की शुरूआत के जैसा बेपरवाह रहना चाहिए?कम से कम हमें बेपरवाह तो नहीं रहना चाहिए।कोरोना अभी भी अज्ञात शत्रु जैसा है। व्यापक वैक्सीनेशन,हर्ड और हाइब्रिड इम्यूनिटी विकसित होने के बावजूद इस बीमारी के हमले को लेकर कोई निश्चित जानकारी अभी भी नहीं है। यह जानलेवा तो है ही, इसके कारण जो कार-व्यापार ठप्प हो जाता है, उसके असर से वे भी नहीं बच पाते हैं जिन्हें कोरोना छूकर भी नहीं जाता।(साभारःनेक दृष्टि हिंदी साप्ताहिक नौएडा

# अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती पर उत्तराखंड बीजेपी का बड़ा प्लान, सीएम से लेकर कार्यकर्ता तक करेंगे यह काम

देहरादून. 25 दिसंबर को पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती है. बीजेपी इस दिन को सुसाशन दिवस के रूप में मनाती है. इस बार इसी दिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ह्यमन की बातह्न कार्यक्रम भी है. बीजेपी ने प्रदेश भर में उन तमाम बूथों को चिन्हित किया है, जहां उसकी परफॉर्मेंस अच्छी नहीं रही. इन बूथों पर प्रदेश और जिले के पदाधिकारी तो जाएंगे ही; साथ ही सांसद, मंत्री, विधायकों को भी अलग-अलग बूथ की जिम्मेदारी सौंपी गई है. मुख्यमंत्री और पूर्व मुख्यमंत्रियों की भी डयूटी लगाई गई है. यहां वे पहले मन की बात कार्यक्रम सुनेंगे और उसके बाद सुशासन दिवस के तहत चौपाल लगाएंगे.

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट से मिली जानकारी के अनुसार, केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भटट हल्द्वानी के 147 नंबर बूथ पर रहेंगे. अजय टम्टा अल्मोड़ा के डोलाभखोला बूथ पर रहेंगे तो रमेश पोखरियाल निशंक ज्वालापुर हरिद्वार में रहेंगे. माला राज्य लक्ष्मी शाह मसूरी के बूथ नंबर 21 गोविंदनगर तो नरेश बंसल विकासनगर और कल्पना सैनी ऋषिकेश के तिलक रोड बूथ पर रहेंगे.



बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार के अनुसार, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की भी डयूटी लगाई गई है तो मंत्री और पूर्व सीएम को भी बूथ आवंटित किए गए हैं. सीएम गढ़ी कैंट ढाकरा के बूथ नंबर 151 पर रहेंगे. मंत्री गणेश जोशी राजपुर रोड़, रेखा आर्य भगत सिंह कॉलोनी देहरादून. प्रेम चंद अग्रवाल लच्छीवाला, सुबोध उनियाल आदर्श नगर, ऋषिकेश तो धन सिंह रावत, कोटद्वार. पूर्व सीएम त्रिवेंद रावत ऋषिकेश रहेंगे. बीजेपी महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष आशा नौटियाल राजपुर रोड के 28 नंबर बूथ पर रहेंगी

# ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने चालान काटने के लिए छात्रा को रुकवाया, फिर करने लगा फ्लर्ट, लाइन हाजिर

कोटा. कोचिंग सिटी कोटा (उड्ढ्ँल्ल्ॅ ड्ढ३८ ड्ड्ढ३) से रंगीन मिजाजी के रोज नए-नए किस्से सामने आ रहे हैं. अब एक नया किस्सा ट्रैफिक पुलिसकर्मी (ळ१ग्र्ू ढड्ढ्ँल्ल) का आया है. उसने एक युवती को हेलमेट नहीं पहने देखकर उसका चालान काटने के लिए रुकवाया. लेकिन वह युवती का चालान काटने की बजाय उससे फ्लर्ट करने लग गया. उसने युवती को दोस्ती करने का प्रस्ताव दे डाला. इससे युवती गुस्सा गई और वह पुलिसकर्मी की शिकायत करने अपने परिजनों को लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय जा पहुंची. युवती की शिकायत पर आरोपी पुलिसकर्मी को लाइन हाजिर कर दिया गया है.

जानकारी के अनुसार मामला कोटा शहर के जवाहर नगर थाना इलाके का है. वहां दो दिन पहले सीएडी सर्किल पर



तैनात कैलाश नाम के एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने स्कूटी सवार स्कूली छात्रा को रोका. बताया जा रहा है कि इस छात्रा ने हेलमेट नहीं लगा रखा था. इस पर पुलिसकर्मी ने उसे रुकवाया और कहा कि तुमने हेलमेट नही पहन रखा है. अगर मुझसे फ्रेंडशिप करेगी तो तेरा चालान नहीं बनाऊंगा. छात्रा का आरोप है कि पुलिसकर्मी की बदतमिजी यहीं नहीं रुकी और वह उससे बोला मेरे साथ घर चल नहीं तो मैं तेरा 10 हजार का चालान बनाऊंगा.

**छात्रा के आरोपों पर पुलिसकर्मी बोला सब निराधार है**

छात्रा ने बताया कि वह बड़ी मुश्किल से पुलिसकर्मी कैलाश से पीछा छुड़ाकर अपने घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई. इससे परिजन को भी गुस्सा आ गया और वे सीधे सिटी पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे. वहां उन्होंने एसपी केसर सिंह शेखावत को पुलिसकर्मी की करतूत बताई. इस पर एसपी केसर सिंह शेखावत ने पुलिसकर्मी कैलाश को लाइन हाजिर करने के आदेश जारी कर दिए. दूसरी तरफ पुलिसकर्मी ने इस सभी आरोपों को निराधार बताया है.

## अंतर्रज्जीय दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता धरम भार्गव एवं युवा कांग्रेस उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन, राष्ट्रपति पुरस्कृत राघवेंद्र सिंह,उपसरपंच विश्वजीत अनंत की उपस्तिथि मे हुआ

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । न्यू वालीबॉल क्लब मस्तूरी डे नाइट के तत्वाधान में गौरवशाली 6 वे वर्ष पर अंतराज्रीय दो दिवसीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसका शुभारंभ मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता धरम भार्गव के कर कमलों से किया गया। इस अवसर पर उन्होंने वालीबॉल आयोजन का उद्घाटन किया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि धरम भार्गव के अलावा युवा कांग्रेस विधानसभा मस्तूरी के उपाध्यक्ष देवेंद्र कृष्णन, राष्ट्रपति पुरस्कृत राघवेंद्र सिंह, मोहतरा उपसरपंच विश्वजीत अनंत, हीरो सोनवानी, प्रकाश डहरिया, भूपेंद्र घोसले, गौरव भास्कर, दीपक राय, अमर बंजारे, उमेश टंडन,



रिटायर्ड पुलिस अधिकारी नारायण राठौर, रघुराज गुप्ता, मोनू सोनू राठौर, भगवती शुक्ला, दिलीप यादव, मनीष अवस्थी, गौकरण श्रीवास, राघव शुक्ला, कृष्णा यादव,दीपू बंगाली, नागेश, सनी राठौर,राहुल प्रजापति, सुधीर राठौर, विजय यादव, शिक्षक राज सर, गजानंद विश्वकर्मा, राजू त्रिपाठी, कान्हा गुप्ता, राहुल यादव ,योगेश प्रजापति, ओमी राठौर, अभय निर्णेजक ,ऋषभ निर्णेजक, रवि गुप्ता, सोनू कश्यप, सुखदेव श्रीवास, छोटू गुप्ता, दीपक सिदार, हुकुम मरकाम, अरुण सिंह,बलराम गुप्ता, राजा मानिकपुरी, सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी एवं बाहर से आए हुए वालीवाल के खिलाड़ी मौजूद रहे।

## जलगांव की शिव कॉलोनी में शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ व हरि कीर्तन का चल रहा भव्य आयोजन

जलगांव/ योगेश बाविस्कर : महाराष्ट्र के जलगांव जिले की शिव कॉलोनी स्थित श्री सिद्धि गणेश मंदिर उद्यान में चल रहे शिव महापुराण कथा ज्ञानयज्ञ अखंड हरिनाम कीर्तन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार उक्त कार्यक्रम का आयोजन श्री गुरुदत्त शिव कॉलोनी विकाश बहुउद्देशीय मंडल द्वारा संचालित किया जा रहा है। श्री मंगल बी.पाटिल ने जानकारी देते हुए आज मीडिया को बताया कि भक्तिमय कार्यक्रम का पांचवां दिन हरि भक्त परम पूज्य शालिग्राम शिरसाठ कोली जी महाराज ने अपने प्रवचनों से सभी भक्तों को जीवन में अच्छे और नेक कर्म करने की और प्रेरित कर रहे है। विशाल कार्यक्रम को लेकर सुबह 6 से 7 बजे तक



काकडा आरती,दोपहर में 1 से 5 बजे तक महाशिवपुराण कथा,संध्याकालीन 6 से 7:30 तक हरिपाठ व रात्रि में 8 बजे से लेकर 10 बजे तक नित्य भव्य कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है ।परम पूज्य श्री शालिग्राम जी महाराज ने कहा की हरि नाम में बहुत ही शक्ति होती है। निरंतर राम नाम का जाप करना चाहिए।और जीवन में बुराइयों से दूर रहना चाहिए। कार्यक्रम में महिलाओं की भी काफी तादाद देखने को मिल रही है। जानकारी यह भी है की कार्यक्रम के समापन पर भक्तों को महाप्रसाद व विशाल भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है।भक्तिमय कार्यक्रम में सभी का सहयोग अतुलनीय है।

## आयुष मंत्री आज दुगलई, उमरिया एवं मौरिया में करेंगें भूमिपूजन

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(28दिसंबर)मध्यप्रदेश शासन के आयुष एवं जल संसाधन राज्य मंत्री रामकिशोर नानो कावरे आज परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम दुगलई, उमरिया एवं मौरिया में बनने वाले सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन करेंगें।आयुष मंत्री श्री कावरे के मुख्य आतिथ्य में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद पंचायत बालाघाट के अध्यक्ष फूलचंद सहारे करेंगें।भूमिपूजन कार्यक्रम में जनपद पंचायत उपाध्यक्ष डॉ शंकरलाल बिसेन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगें।

दोपहर 12 बजे समनापुर ग्राम पंचायत के ग्राम दुगलई में तेंदूपत्ता लाभांश की 20 लाख रुपये की राशि से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जायेगा। दोपहर 02 बजे ग्राम पंचायत मोतेगांव के ग्राम उमरिया में 15 लाख रुपये की लागत के सामुदायिक भवन एवं अपरान्ह 04 बजे ग्राम मौरिया में 15 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवन निर्माण के लिए भूमिपूजन किया जायेगा। ग्राम उमरिया एवं मौरिया में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए आयुष मंत्री श्री कावरे के प्रयासों से प्रधानमंत्री क्षेत्र कल्याण योजना के गौण खनिज मद से 15-15 लाख रुपये की राशि मंजूर की गई है।

## रावण वध और राम राज्य अभिषेक के साथ भव्य रामलीला महोत्सव का समापन, धर्म जागरण के बी पी सिंह बोले ऐसे कार्यक्रमों से भारतीय संस्कृति होती है जीवंत

### मंच से धर्मांतरण करने वालों को चेतावनी

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर ।रावण वध के साथ देवरीखुर्द में विंध्यवासिनी रामायण प्रचारक मंडली द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का समापन हो गया। प्रयागराज के रामलीला मंडली के कलाकारों द्वारा रविवार की रात राम-रावण युद्ध, राम-भरत मिलन, सीता की अग्नी परीक्षा, भगवान श्रीराम का अयोध्या आगमन व राज्याभिषेक की प्रस्तुति देख कर लोग मंत्रमुगध हो गये।

भगवान श्रीराम द्वारा रावण के वध किये जाने के साथ ही दूर-दराज के क्षेत्रों से देखने आये सैकड़ों दर्शक जय श्रीराम के जयकारे लगाने लगे। जयकारे से देवरीखुर्द और आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। धर्म जागरण जिला संयोजक बी पी सिंह, राजेश शेंडे, रवि बरगाह ने शॉल, गमछा देकर कलाकारों को सम्मानित किया।

इस दौरान बी पी सिंह ने कहा कि इस तरह के धार्मिक आयोजनों से भारतीय संस्कृति को जीवंत करना है। धर्म जागरण जिला संयोजक ने धर्मान्तरण के मुद्दे को उठाते हुए कहा ये धरती है संत रविदास की ये धरती है कबीर साहब की , बाबा घासीदास जी की , कृष्ण जी की इस धरती की हर कण में भगवान रामचन्द्र विद्यमान



है यहां धर्म परिवर्तन कराने वाले बहुरूपियों के लिए कोई जगह नही है । जल्द ही क्षेत्र के सभी अवैध प्रार्थना भवन बंद करने की चेतावनी भी दी और कहा प्रशासन की मदद से जल्द कार्यवाही करवाई जायेगी।

स्थानीय युवाओं की सहयोग से यहां करीब 9 दिनो तक महोत्सव चला। स्टेज शो के माध्यम से कलाकारों ने भगवान श्रीराम की लीला की बेहतर प्रस्तुती दी।

कार्यक्रम समापन के अंत में धर्म जागरण प्रमूख ने राजेश शेंडे, रवी बरगाह,विजय यादव,आशु शेंडे,पप्पू चक्रधारी,दिनेश मानिकपुरी,पंकज रामपुरिक सहित महिला सदस्य – सर्वश्रीमती सुरेखा बाँधकर ,सुशीला,यादव,भजयारीन केंवट, गीता चक्रधारी,कल्याणी केंवट ,हरबाई लाँझेकर,सुनीता गोंड ,अनीता मटाले का और वार्ड वासियों का विशेष सहयोग हेतु आभार व्यक्त किया।

## संविदा स्वास्थ्य कर्मियों के हड़ताल में शामिल हुई रचना लिल्हारे

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(28 दिसंबर)15 दिसंबर से प्रदेश सहित जिले में संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल निरंतर जारी है। हड़ताल के 13वें दिन महिला कांग्रेस ग्रामीण जिलाध्यक्ष रचना लिल्हारे ने हड़ताली संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों से मुलाकात की, और उनकी मांगों के साथ संघर्ष का वादा किया।

रचना लिल्हारे ने आंदोलन स्थल में हड़ताली संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उनकी मांगे जायज और न्यायोचित है। जिसे सरकार को पूरा कर इनका हक और अधिकार देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोरोना जैसी महामारी पुनः ईश्वर ना दिखाए, लेकिन कोरोना कॉल में जिस तरह से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की साथियों ने परिवार को छोड़कर जीवन की परवाह किये बिना, जान का जोखिम उठाकर जो कार्य किया है, उससे देश और प्रदेश कोरोना से उबर पाया है, अन्यथा आज स्थिति विषम होती और सरकार भी इसे नहीं रोक पाती है।जिन कोरोना योद्धा




भांजे-भांजियों ने सरकार की लाज रखी आज वही भांजे, भांजियां अपने हक और अधिकार के लिए सड़क धरना प्रदर्शन कर रही है। सरकार को शर्म आनी चाहिए कि जिनके कार्य से खुश होकर जिन पर पुष्प वर्षा की गई थी, आज वही हक और अधिकार मांगने पर उन्हें खटक रहे हैं। उन्होंने हड़ताली संविदा साथियों को आश्वस्त करते हुए कहा कि पूरी कांग्रेस आपके आंदोलन में साथ है, और हर परिस्थिति में कंधे से कंधा मिलाकर उनके लिए संघर्ष करेगी। गौरतलब हो कि विगत 13 दिनों से काम बंद हड़ताल पर बैठे संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों की हड़ताल के कारण जिले के ग्रामीण क्षेत्रों की स्वास्थ्य सेवाएं तो पूरी तरह ठप हो ही गई है। वहीं, शहरी क्षेत्र में खासा असर देखने को मिल रहा है। फिलहाल जिस तरह से संविदा स्वास्थ्य कर्मचारियों का रूख अपनी मांगों को लेकर मजबूत दिखाई दे रहा है, उससे नहीं लगता है कि वे बिना किसी नतीजे के हड़ताल से हटेंगे ।वही हड़ताली संविदा स्वास्थ्य कर्मियों ने भी कहा कि जबतक शासन हमारी मांगे नही मान लेती तबतक हम हड़ताल खत्म नही करेंगे।

## कानपुर का स्टेट बैंक चोरी कांड : आधा दर्जन से पूछताछ के बाद भी सुराग नहीं

### घटना में संधिग्ध तीन सगे भाइयों को भी हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही पुलिस

### कानपुर स्थित भौती स्टेट बैंक शाखा में 10 फुट सुरंग खोदकर चोरों ने पार किया था 90 लाख का सोना

सुनील बाजपेई

सीसीटीवी कैमरे की रिकॉर्डिंग डिलीट होने को लेकर बैंक कर्मियों से भी पूछताछ करेगी पुलिस

कानपुर । यहां की बहुचर्चित स्टेट बैंक चोरी मामले में पुलिस को अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है । .

इस बारे में वह अब तक आधा दर्जन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर चुकी है। और अब इसी क्रम में तीन और सभी भाइयों को हिरासत में लेकर भी पूछताछ करने में जुटी है लेकिन समाचार लिखे जाने तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है '

कुल मिलाकर कानपुर में 10 फुट सुरंग खोदकर एसबीआई की भौंती शाखा के स्ट्रांग रूम से 94 लाख का सोना चुराने शातिर पुलिस की पकड़ से अभी भी बाहर हैं।

इस बीच पुलिस ने तीनों सगे भाइयों को भी पुलिस ने हिरासत में लिया है। चोरी के बारे में उनसे भी गहन पूछताछ जारी है लेकिन अभी तक ऐसा कोई सुराग नहीं मिल पाया जिससे चोरों तक पहुंचा जा सके। इस बारे में यह भी अवगत कराते चलें कि बैंक के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखने के बाद पुलिस ने 20 लोगों से पूछताछ की थी, लेकिन उन लोगों से भी चोरों के बारे में कोई सुराग नहीं मिल पाया है`

वही तीन सगे भाइयों से पूछताछ की नौबत तब आई जब खोजी कुत्ता बैंक से कुछ दूर स्थित एक कच्चे मकान के पास जाकर रुक गया था। पुलिस ने मकान में रहने वाले तीन भाइयों को उठाया है। तभी से उनसे पूछताछ है। इस बारे में हाल ही में जेल से छूटे अपराधियों का ब्योरा भी एकत्र किया जा रहा है।

इस मामले में बैंक की भी कर्मचारियों की मिलीभगत प्रतीत हो रही है जिसकी वजह 13 दिसंबर की पहले की रिकॉर्डिंग का डिलीट किया जाना है` पुलिस इस बारे में भी गहराई से छानबीन कर रही है` इसके लिए पुलिस ने एक पूर्व व दो वर्तमान कर्मचारियों को पूछताछ के लिए बुलाया है।

पुलिस के मुताबिक जिस तरह से गहराई से छानबीन की जा रही है। उसके फलस्वरूप घटना का खुलासा जल्द किया जाएगा

## छः अंतरराज्यीय ट्रेक्टर चोरों को मलाजखंड पुलिस ने किया गिरफ्तार

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**

बालाघाट।(28दिसंबर)विगत कई वर्षों से अलग अलग स्थानों से बड़े वाहनों को चोरी करने वाले छः चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है,जिनके कब्जे से 14 लाख 65 हाजर से अधिक का ट्रेक्टर ट्रॉली व चार चक्का वाहन बरामद किया गया। जानकारी अनुसार 22 नवंबर की रात में अज्ञात चोरों द्वारा पौनी मलाजखंड से एक ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर ली गई थी। पुलिस शिकायत के आधार पर अज्ञात चोरो के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कर रही थी। सीसीटीवी फुटेज व अन्य सोर्स से मुख्य आरोपी का पता चला,जो टेमेंद्र उर्फ गोलू पिता रामभरोसा चंद्राकर 38 वर्ष ग्राम भंडेरा थाना देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़ निवासी है। चोर गिरोह के सदस्य तीन साल से चोरी की वारदात को अंजाम दे रहे थे।

आरोपियो ने पूछताछ में बताया कि तीन साल से ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर उनके फर्जी दस्तावेज तैयार करके लोगों को कम कीमत पर बेच रहे थे। वर्ष 2020 में छत्तीसगढ़ राज्य के धमतरी जिले से करीब 12 ट्रैक्टर-ट्राली चोरी कर लोगों को बेचने की बात सामने आई है।

चोर चोरी करने के पहले चोरी करने वाले स्थान पर रैकी कर चोरी की वारदात को अंजाम देते चोरी किये गए वाहन का नंबर व कलर बदलकर कम दामो पर बेच देते



थे।वही इस मामले में मलाजखंड पुलिस थाना प्रभारी ने बताया कि नवंबर में पौनी से चोरी हुए ट्रेक्टर की गुम होने की शिकायत दर्ज हुई थी जिसकी जांच के तहत सभी आरोपियों को पकड़ कर जेल भेज दिया गया है।

इनकी हुई गिरफ्तारी

गिरफ्तार किए गए आरोपियों में टेमेंद्र उर्फ गोलू पिता रामभरोसा चंद्राकर 38 वर्ष ग्राम भंडेरा थाना देवरी जिला बालोद छत्तीसगढ़, विशाल पिता सत्यप्रकाश शाही 44 वर्ष साहू लकड़ी टाल के पास बैकुंड नगर कैंप दो भिलाई छत्तीसगढ़, आशाराम पिता गणेशराम साहू 62 वर्ष परसुली तहसील डोंडी लोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़, भेषकुमार उर्फ बाबूराव पिता बलराम रावते 22 वर्ष ग्राम वार्ड नंबर तीन भंडेरा तहसील डोंडी लोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़, निखिल पिता योगेश कुर्रे 21 वर्ष वार्ड नंबर 11 दुर्गा मंच के पास ग्राम भंडेरा तहसील डोंडी लोहारा जिला बालोद छत्तीसगढ़ व प्रताप सिंह पिता दारासिंह सिक्ख 50 वर्ष बोकारो झारखंड निवासी है।

## बेटी की डांट से पिता ने किया कीटनाशक का सेवन, अस्पताल में भर्ती

**समाज जागरण/शिवशंकर पाण्डेय जिला ब्यूरो**



बालाघाट।(28दिसंबर)आज तक बड़ो के डांट फटकार की वजह से बच्चे गलत कदम उठा लेते थे लेकिन यह मामला इसके एकदम उलट है जो गलत भी है।जानकारी अनुसार बेटी की डांट फटकार पिता को इतनी नागवार गुजरी कि उसने कीटनाशक का सेवन कर लिया जिससे उसकी तबियत बिगड़ने लगी जिस पर परिजनों ने अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसका जीवन खतरे से बाहर है।

जानकारी अनुसार, छोटेलाल बहेश्वर उम्र 45 वर्ष भरवेली थाना अंतर्गत ग्राम धनसुआ निवासी खेती किसानी व मजदूरी कर जीवन यापन करता है। जिसके परिवार में पत्नी और चार बेटी है। जिनमें बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। बाकी लड़कियां पढ़ाई कर रही है। छोटी बेटी कक्षा 9वीं की छात्रा है। छोटेलाल अपने घर में था और घरेलू काम करा था। तभी उसने अपनी छोटी बेटी को पढ़ाई नहीं करती कहकर डांट फटकार लगाई।

छोटेलाल को उल्टे उसकी बेटी ने डांट दिया। उसने अपने पिता छोटेलाल को मर जाने के लिए बोल दिया। बेटी के इस बोल से गुस्साए छोटेलाल ने घर में रखी कीटनाशक दवाई खा ली।कीटनाशक खाने से छोटेलाल की हालत खराब हो गई। जिससे परिजनों ने घरेलू उपाय कर नींबू पानी पिलाया। इससे भी छोटे लाल के सेहत में सुधार नही हुआ तो परिजनों ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उसकी हालत स्थिर है।

## भौतिक वस्तु के पीछे भागने के कारण लोग अपना जीवन दुखी बना दिया, श्री सत श्री महाराज

(श्री शिव महापुराण कथा चौथा दिवस )

(आर एन चौरसिया)

धनबाद। आजकल छोटी उम्र में भी लोग आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए जीवन में सत्संग करना आवश्यक है। युवाओं में बढ़ रही आत्महत्या की प्रवृत्ति को रोकने के लिए युवाओं को अच्छे लोगों के साथ रहना चाहिए। आत्महत्या करने का मूल कारण प्रतिद्वंदिता है। गुजरात में कई युवाओं ने कथा सुनकर आत्महत्या करने का विचार छोड़ दिया , क्योंकि सत्संग से अच्छी समझ मिलती है।

उपरोक्त बातें सत श्री महाराज ने स्वामीनारायण सत्संग समाज द्वारा राजकमल सरस्वती शिशु मंदिर स्कूल में आयोजित शिव महापुराण कथा के चौथे दिन श्रोताओं से कहीं। उन्होंने कहा आज लोग भौतिक वस्तु के पीछे भागते हैं। इस कारण अपना जीवन दुखी बना दिया है। लोगों को आगे बढ़ने का प्रयत्न जरूर करना चाहिए। परंतु किसी की उन्नति देखकर दुखी नहीं होना चाहिए। प्रयत्न से जो कुछ भी मिला है ,उसमें संतुष्ट रहना सीखना पड़ेगा। सभी के पास सब कुछ नहीं होता है।

सत श्री ने कहा कि भारतीय संस्कृति सभी को समान दृष्टि से देखती है। नर नारी में कोई फर्क नहीं समझती। दोनों का समान महत्व है। आगे महाराज जी ने कहा की अमेरिका



के इतिहास में आज तक कोई नारी राष्ट्रपति नहीं बनी। लेकिन भारत में नारी ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री का पद हासिल किया है। यही भारतीय संस्कृति है ,जो नर और नारी को समान अधिकार और समान सम्मान देती है। आगे उन्होंने कहा की जब हम श्री राम की पूजा करते हैं तो साथ में सीता माता को भी पूजते हैं। श्री कृष्ण के साथ राधा और शंकर के साथ पार्वती माता की भी पूजा करते हैं। हमारी संस्कृति ने नारी को सम्मान दिया है। दोनों के कार्य अलग-अलग है लेकिन दोनों का महत्व एक समान है।

ज्ञात हो की कथा के चौथे दिन शिव पार्वती विवाह उत्सव का आयोजन भी किया गया।

कथा में मुख्य यजमान दीपेश रविशंकर रावल, गिरीश प्रभुलाल चावड़ा, नौतम भाई चौहान, सूर्यकांत भाई चौहान, रमेश भाई चौहान, महेश बजानिया, प्रवीण चौहान, हसमुख मोहनलाल सोनी, संजय सोनी, नयन सोनी, नितेश सोनी, मुकेश पटेल, संजय पटेल, मयूर राठोड, सन्नी रावल, यमेश त्रिवेदी, लक्ष्मीकांत चावड़ा, जयेश याज्ञनिक, राजेन्द्र पारकरिया, ज्योति पारकरिया, शंकर लाल बुधिया, विनोद तुलस्यान सहित बड़ी संख्या में पुरुष और महिला श्रद्धाल भक्त मौजूद थे।

## नारी सशक्तिकरण नौ कुंडीय गायत्री महायज्ञ

### ज्ञान और विज्ञान का शक्ति स्रोत गायत्री और यज्ञ को बताया है

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख के साथ राधेश्याम कोरी की खास रिपोर्ट**

बेलतरा-बिलासपुर । ऋषियों ने ज्ञान और विज्ञान का शक्ति स्त्रोत गायत्री और यज्ञ को बताया है साथ ही भारतीय संस्कृति में नारी शक्ति को प्रधानता देते हुए "यत्र नार्यस्तु पूज्यंते रमंते तत्र देवताः" की बात कही गई है। इसी कड़ी में दिनांक 23 से 26 दिसंबर 2022 स्थान देव संस्कृति विद्यालय परिसर कर्रा रतनपुर शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है।



23 दिसंबर को भव्य कलश यात्रा से प्रारंभ हुई 24 दिसंबर को प्रातः काल देव पूजन के साथ-साथ द्रव्य यज्ञ प्रारंभ हुई संध्याकालीन में विशाल दीप यज्ञ का कार्यक्रम हुआ जिस तरह दीपक खुद तिल-तिल जलकर औरों को प्रकाश करते हैं हमारे जीवन भी एक दीप की तरह ज्ञान की आलोक से प्रकाशित और जनमानस के अंदर छाई अज्ञानता कि अंधकार को ज्ञान रूपी प्रकाशित करें जिस तरह से कोई वृक्ष अपने फल का उपयोग स्वयं नहीं करता बल्कि औरों को फल प्रदान कर उनकी तृष्णा को दूर करता है। ठीक हमारे जीवन परहित में होम दे तो मानव जीवन की गरिमा परीक्षित होती चली जाती है। सिर्फ रामचरित मानस का चौपाई ("बड़े भाग मानुष तन पावा। सुर दुर्लभ ग्रंथन्हि गावा"।।) हमें वे प्रेरणा नहीं देती जब तक हम पुरुषार्थ श्रेष्ठ कार्यों के लिए नियोजित ना करें तो मनुष्य में देवत्व का उदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण नहीं होता उसके लिए हमें अपने सामर्थ्य के अनुसार श्रेष्ठ कार्य करने के लिए अपना पुरुषार्थ आवश्यक बन पड़ता है तब इस धरती पर स्वर्ग का अवतरण होगा।

ब्रह्मवादिनी टोलीः- श्रीमती राजकुमारी शर्मा श्रीमती पूर्णिमा कश्यप श्रीमती प्रेमशिला साहू गोपी विश्वकर्मा युवराज कुमार साहू है।

उक्त कार्यक्रम में क्षेत्र के समस्त गायत्री परिवार संबंधित परिवारों की सहयोग भरपुर रहा एवं बढ़-चढ़कर भाग लिए जिसमें टिंकू बैसवाड़े सुरेश बैसवाड़े सत्रुहन कश्यप, फूल सिंह कैवर्त, जमुना कश्यप विकास कुमार जायसवाल छेदीलाल कश्यप, फूल सिंह राज युवराज कुमार रामकुमार साहू अर्जुन कश्यप, संतोष केवट, तिरीथ राम यादव, रामाधार श्रीवास सहित नगचुई लोरमी एवं करगी रोड कोटा के गायत्री परिवार संबंधित जनो की उपस्थिति भी रहा।

## कांग्रेस नेता अशोक राजवाल ने संत गुरू घासीदास जयंती समारोह मुड़पार में कहा बाबा जी के संदेश से मानव समाज में एकता समरसता स्थापित होता हैं।

**समाज जागरण संवाददाता विवेक देशमुख**

बिलासपुर । मस्तूरी विधानसभा क्षेत्र स्थित ग्राम मुड़पार ,में संत शिरोमणी गुरु घासीदास बाबा जी के जयंती समारोह में अतिथि के रूप में शामिल होकर कांग्रेस नेता अशोक राजवाल जनसभा को संबोधित करते हुए संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी के संदेश को जीवन में अपनाने के अपिल करते हुए कहा बाबा जी के संदेश से मानव समाज में एकता, समरसता स्थापित होता हैं। मुडपार और आसपास से आये भारी संख्या में लोगों को संबोधित कर आयोजन समिति को प्रोत्साहन देते हुए आभार व्यक्त किये। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पृथ्वी पाल राय, कांग्रेस नेता अशोक राजवाल, बालमुकंद राय, राहुल राय,अन्नू करियारे,आदि संमलित हुये।



## दिल्ली से रेस्क्यू हुई केंदुआडीह की बालिका सीडब्ल्यूसी ने सौंपा परिजनों को

(आर एन चौरसिया)

धनबाद, दिल्ली से रेस्क्यू हुई एक 16 वषीर्या बालिका को सीडब्ल्यूसी धनबाद ने केंदुआडीह थाना क्षेत्र के कुसुंडा खरकाबाद स्थित उसके मौसा मौसी को सौंप दिया। बालिका अपने प्रियजनों को पाकर बेहद खुश थी।



परिजनों को सौंपने से पहले सीडबल्यूसी के चेयरपर्सन उत्तम मुखर्जी व मेंबर मीरा सिन्हा ने बालिका व उसके परिजनों से बातचीत की। दिल्ली पुलिस से भी जानकारी हासिल की।

श्री मुखर्जी ने बताया कि बालिका के माता पिता का निधन हो गया है। वह अपने परिचितों के साथ अजमेर गई थी। इस क्रम में वह रास्ते में भटक गई और दिल्ली के उड़ान होम में उसे अस्थायी ठिकाना मिला। बाद में दिल्ली किंग्सवे सीडबल्यूसी ने मशक्कत शुरू की। धनबाद के डीसीपीओ साधना कुमारी ने इसमें मदद की और बालिका के स्वजनों को ढूंढ़ निकालने में सफल हुई।

दिल्ली बटालियन तीन की एक टीम, जिसमें दो महिला व दो पुरुष सदस्य थे, एस्कार्ट कर बालिका को ट्रेन से लेकर आज धनबाद पहुंचे। धनबाद सीडबल्यूसी बालिका को शिक्षा व सरकारी योजनाओं का लाभ प्रदान कराएगी। इस अवसर पर पीएलवी चंदन कुमार, निखिल मण्डल आदि उपस्थित थे।

## असम करीमगंज जिले के सोनाईछड़ा एल पी स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से कम्यूनिटी उत्सव धूम-धाम से किया।

**असम करीमगंज संवाददाता सचिंद्र शर्मा दैनिक समाज जागरण**

करीमगंज जिला के

रामकृष्ण नगर शिक्षा खण्ड के अंतर्गत शैक्षणिक कार्यक्रम में अन्य जिलों की तर्ज पर दुल्लभछड़ा के सोनाईछड़ा एल पी स्कूल में 24 दिसंबर को सामूहिक उत्सव मनाया गया. कार्यक्रम की शुरूआत सुबह 10 बजे प्रधानाध्यापक संजय सिंह ने दीप प्रज्वलित कर की। इसमें प्रबंधन संघ के अध्यक्ष राधेश्याम हरिजन और सह शिक्षक विचित्र दास ने सहयोग किया। ज्ञात हो कि स्कूल की स्थापना 1982 में स्थानीय लोगों द्वारा छात्रों के बारे में सोच कर की गई थी। उनके प्रयासों के कारण, स्कूल को आधिकारिक तौर पर 2013 में प्रांतीय मान्यता दी गई थी। लेकिन आज तक स्कूल भवन निर्माण के लिए सरकारी मदद नहीं मिलने के कारण शिक्षकों के साथ-साथ स्कूली छात्रों को जान जोखिम में डालकर पढ़ाना पड़ रहा है. बरसात के दिनों में स्कूल भवन गिर सकता है। इसके अलावा, छात्रों को स्कूल जाने के लिए टूटा पुलिया को पार करना पड़ता है। उस दिन के सामूहिक उत्सव में विद्यार्थी विद्यालय परिसर में धमैल, नित्य, गीत प्रस्तुत करते हैं। उपस्थित लोगों ने राय व्यक्त की कि सामाजिक रूप से सांस्कृतिक प्रोग्राम एक-दूसरे को जानने के अवसर के कारण बंधन मजबूत हो रहा है। दुल्लभछड़ा ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर 10 सदस्य राम भरत हरिजन, श्याम कुमार यादव, नबद्वीप सिन्हा, कृष्णा महान लोअर, सुमन दास, मौजूद रहे. उस दिन बैठक में शामिल होने वालों ने स्कूल गृह की व्यवस्था के लिए रामकृष्ण नगर शिक्षा प्रखंड के अधिकारी को निवेदन किया.

## नववर्ष को लेकर फूलीडुमर थाना परिसर में थाना अध्यक्ष की अध्यक्षता में शांति समिति की हुई बैठक

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर थाना परिसर में मंगलवार को अपराहन 2:00 बजे नववर्ष को लेकर थाना अध्यक्ष आलोक कुमार की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई बैठक को संबोधित करते हुए थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने लोगों से अपील कर कहा कि सभी लोग शांति, सौहार्द एवं भाईचारे के माहौल में नववर्ष को मनाएँ साथी लोगों से अपील कर कहा कि बिहार में शराबबंदी लागू है अगर कोई चोरी छुपे शराब बनाता या भेजता है तो उसकी सूचना थाने को दें सूचना देने वाले लोगों का नाम गुप्त रखा जाएगा आगे उन्होंने यह भी कहा कि यदि कोई शराब के नशे में पकड़े जाएंगे तो उस पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी साथ ही थाना क्षेत्र के असामाजिक तत्वों की सूचना भी थाने को देने की बात कही गई अंत में थानाध्यक्ष ने उपस्थित लोगों को नव वर्ष की शुभकामनाएं भी दी वही शांति समिति के बैठक में एएसआई बलवीर विलक्षण, एएसआई रामसेवक महतो, उपप्रमुख बेनी शंकर यादव, मुस्लिम अंसारी, लोकनाथ यादव ,तुलेश्वर यादव, कैलाश यादव, गोपाल ठाकुर, ननकू दास, बाबूलाल दास, मोहनदास, रंजन कुमार ,दिनेश कुमार साह, चुनचुन ठाकुर, मोहम्मद दिलावर अंसारी, सरपंच लड्डू सोरेन सहित दर्जनों लोग उपस्थित थे



## जिला क्रिकेट लिग के तीसरे मैच में आज सोनू एलेवन ने मनियारपुर टीम को 4 विकेट से पराजित किया

रिपोर्ट- के पी चौहान,

बाँका। बाँका जिलान्तरगत भेड़ामोड़ (बाराहाट) मैदान पर खेले जा रहे जिला क्रिकेट लिग के तीसरे मैच में आज सोनू एलेवन टीम ने मनियारपुर क्रिकेट टीम को 4 विकेट से पराजित कर दो अंक अर्जित किए।

टॉस जीतकर मनियारपुर की टीम बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। लेकिन सोनू एलेवन के गेंदबाजों ने उसके सपने को चकना-चूर करते हुए, 19वें ओवरों में ही मात्र 120 पर समेट दिया। इसमें सबसे अधिक अमन ने 3 छक्के की मदद से 25 रन बनाए। सोनू एलेवन एलेवन की ओर से अभिषेक ने 27 रन खर्च कर 4 महत्वपूर्ण विकेट चटकाए।

जबावी पारी खेलने उतरी सोनू एलेवन की टीम ने 11 वें ओवर में ही छह विकेट खोकर 121 रन बनाकर मैच जीत लिए। ओपनर बल्लेबाज अमित कुमार सिंह ने 9 चौके और तीन छक्के की मदद से शानदार 63 रन बनाया। इस पारी की बदौलत उसे मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार से नवाजा गया। मनियारपुर टीम के प्रमोद कुमार ने 23 रन खर्च कर चार विकेट लिया। मणिकांत मिश्र और सरफराज ने बेहतरीन अंपायरिंग किए।



इस अवसर पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव उत्तम कुमार राव, धनन्जु जी, महेन्द्र जी,अमन कुमार, अनवरूल जी सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे ।

## शीतलहर छुट्टी के बाद विद्यालय में पदस्थापित शिक्षक रहे उपस्थित।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

बांका डीएम के आदेश पर मंगलवार को प्रखंड के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों में शैक्षणिक ठप रहा। जबकि अधिकांश विद्यालय मे पदस्थापित शिक्षक उपस्थित पाए गए। इस संबंध में बांका के जिला शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र जारी कर कटोरिया सहित जिले के सभी शिक्षकों को निर्देश दिया है कि शीतलहर में बच्चों को छुट्टी दी गई है ।` शिक्षक विद्यालय में बने रहेंगे और विकास कार्य करते रहेंगे। बता दें कि पूरे क्षेत्र में कड़ाके की ठंड पड़ रही है इस वजह से बांका जिला अधिकारी ने 31 दिसंबर तक शैक्षणिक गतिविधि पर रोक लगा दिया है।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र फुल्लीडुमर में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के नेतृत्व में कोरोना से लड़ने हेतु तैयारी को लेकर किया गया मॉक ड्रिल

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर /बांका**

फुल्लीडुमर अस्पताल में मंगलवार को अपराहन 3:00 बजे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संजीव कुमार सिंह की अध्यक्षता में कोरोनावायरस से बचाव की तैयारी को लेकर अस्पताल के डॉक्टर एवं स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल का आयोजन किया गयो आयोजित मॉक ड्रिल में मरीज की भूमिका में डाटा ऑपरेटर प्रितम कुमार थे जबकि पीपी कीट में डॉक्टर शहबाज आलम ,एएनएम एवं स्वास्थ्य कर्मी थे मॉक ड्रिल के दौरान सायरन की आवाज में आए मरीज को एंबुलेंस से स्ट्रेचर के सहारे उतारकर इलाज हेतु कोरोना वार्ड ले जाकर उसका इलाज करने की तकनीक दिखाई गई जिसमें कोरोना से इलाज एवं जांच शामिल है`इस मॉक ड्रिल में स्वास्थ्य प्रबंधक डॉ परशुराम सिंह, बीसीएम रोहित कुमार, हेल्थ एजुकेटर मिथलेश वर्मा, राजीव कुमार, सहित दर्जनों स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया

## क्रिकेट टूर्नामेंट में दक्षिणी बारने टीम ने कुसुमजोरी टीम को 8 विकेट से किया पराजित

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

चान्दन/बांका:उच्च विद्यालय चान्दन के मैदान में खेले जा रहे स्व० राजेंद्र प्रसाद मिस्त्री मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में दक्षिणी बारने टीम ने कुसुमजोरी टीम को 8 विकेट से पराजित कर दिया।

दक्षिणी बारने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। जिससे कुसुमजोरी टीम ने पहले बैटिंग करते हुए 10 विकेट के नुकसान पर पूरी टीम सिर्फ 78 रन ही बनाकर ऑल आउट हो गये। जवाबी में दक्षिणी बारने टीम की ओर से मुकेश कुमार ने 4 विकेट, टुनटुन कुमार ने 3 विकेट, विष्णु देव ने 2 विकेट हासिल कर टीम के बल्लेबाजों ने सिर्फ 4 ओवर में 79 रन बनाकर 8 विकेट से मैच जीत लिया वहीं टीम के टुनटुन कुमार ने मात्र 18 गेंदों पर 66 रन बनाए जिससे टुनटुन कुमार को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच में अंपायर के रूप में गौतम कुमार और प्रभात कुमार ने निभाया एवं स्कोरर के रूप में प्रवेश कुमार और अर्पित कुमार ने निभाया वहीं कमेंट्री ऋषभ कुमार ने की। उपस्थित लोगों में जागेश्वर दास, लक्ष्मी मिस्त्री, भुवन यादव सहित दक्षिणी बारने तथा कुसुम जोरी को सपोर्ट करने उस पंचायत के सैकड़ों दर्शक आए थे।



बुधवार का मैच कठौन (कटोरिया) और सिलजोरी के बीच 11:00 बजे से खेला जाएगा।

## लंबी बीमारी से पीड़ित आशा कार्यकर्ता की आकस्मिक मौत

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदन:-प्रखंड क्षेत्र के चांदवारी पंचायत अंतर्गत स्वास्थ्य केंद्र भोरसार आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 154 की आशा कार्यकर्ता इंद्रावती देवी पति केशव यादव की आकस्मिक मौत हो गई । जानकारी के अनुसार मृतक आशा कार्यकर्ता लगभग डेढ़ वर्षों से हृदय गति से पीड़ित रोगी थी, परिवारिक सुत्रों से मिली जानकारी के अनुसार इनके दोनों किडनी फेल हो गई थी, जो काफी दिनों से इलाज चल रही थी। यहां तक कि बिमारी की हालत में भगवान की दुआ को लेकर तीन महीने तक बाबा बासुकी नाथ धाम में धरना पर बैठ कर भगवान शिव की आराधना में लीन रही, तदुपरांत मृतिका इंद्रावती देवी अपने पति के साथ सुल्तानगंज से दंडवत प्रणाम करते हुए देवघर बाबा धाम तक यात्रा की, लेकिन भगवान की मर्जी ही कुछ और थी, जिससे इनके लिए दवा और दुआ कोई काम नहीं आई। अंत में मंगलवार 27 दिसंबर संध्या करीब चार बजे बजे देवघर सदर अस्पताल में इलाज के दौरान इनकी मौत हो गई। इनके आकस्मिक मौत की खबर से परिजनों के साथ साथ जनप्रतिनिधियों में मातम पसर गया। घटना की जानकारी पर दक्षिणी बारने पंचायत के मुखिया तुलसी रजक सरपंच आशीष रोबि- उड, पैक्स अध्यक्ष हेमराज यादव, किसान सलाहकार सुरेश यादव, पूर्व मुखिया पप्पु दास, शंकर दास, आदि गणमान्य लोगों ने मृतक के परिजनों को संतावना देते हुए ढाढ़स बंधाया। वहीं इनके निधन की खबर से स्वास्थ्य महकमे में खलबली मच गई और दूरभाष के माध्यम से इनके मृत आत्मा को शांति प्रदान किया। इनके निधन से स्वास्थ्य विभाग को अपूर्ण क्षति हुई है, मृतिका इंद्रावती देवी बहुत ही सरल स्वभाव की थी। इन्होंने अपने पिछे चार बेटी एक बेटा आदि भरा परिवार छोड़ कर चली गई है। मां की आकस्मिक मौत पर बेटी आदि परिजन रो रो कर बुरा हाल है।



## 2 बोतल शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण ब्रजेश राठौरपं जवारा/बांका**

शराब तस्करों की धरपकड़ को लेकर चलाए गए अभियान में पंजवारा थाना पुलिस ने मंगलवार शाम दो बोतल विदेशी शराब के साथ एक युवक को पंजवारा स्थित उत्पाद विभाग चेक पोस्ट से गिरफ्तार किया है इसकी जानकारी देते हुए पंजवारा थाना अध्यक्ष अनिल कुमार साव ने बताया कि शराबियों की धरपकड़ को लेकर चेकपोस्ट पर चलाए गए अभियान में जांच के क्रम में एक युवक को दो बोतल विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया है। झारखंड के गोड्डा जिला की ओर से आ रहे इस युवक की तलाशी के दौरान उसके पास मौजूद गमछे में बंधी हुई आफ्टर डार्क ब्रांड के 375 मिली मात्रा की दो बोतल विदेशी शराब बरामद हुई।गिरफ्तार युवक की पहचान भागलपुर जिला अंतर्गत लोदीपुर थाना क्षेत्र के कोढ़ा गांव निवासी सोनू कुमार के रूप में हुई है। गिरफ्तार युवक के विरुद्ध पंजवारा थाना में बिहार मद्य निषेध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए उसे बुधवार को बांका जेल भेज दिया जाएगा।



## युवाओं का मार्गदर्शन बुद्धिजीवी वर्ग का दायित्व -नायक

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

बांका/चांदनः प्रखंड क्षेत्र के कुसुम जोरी पंचायत अंतर्गत ज्ञान भवन कड़वामारन में मंगलवार 27 दिसंबर को बिहार दलित विकास समिति एवं दलित मुक्ति मिशन के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय बुद्धिजीवी बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संस्था के निदेशक महेंद्र कुमार रौशन ने किया। कार्यक्रम में झाझा एवं चांदन प्रखंड से लगभग 55 बुद्धिजीवी सक्रिय रूप से न केवल शामिल हुए, बल्कि हाशिये पर रहने वाले समुदाय के युवाओं को आगे बढ़ाने के लिए अपना अपना राय- सुझाव दिया। शिक्षा एवं साहित्य विषय के जानकार उड़िसा राज्य निवासी श्री सिनाई सुंदर नायक अपने वक्तव्य में बताया कि वर्तमान में दलित-आदिवासी युवाओं का मार्गदर्शन का दायित्व बुद्धिजीवी वर्ग की है। उन्होंने आगे बताया कि जो भी युवा सरकारी सेवा, जनप्रतिनिधि या अन्य सेवाओं में आगे बढ़े हैं या बढ़ने का प्रयास कर रहे हैं,उन्हें समाज सुधार, समाज निर्माण, ऐतिहासिक पृष्टभूमि, समय व परिस्थिति के मूल्यांकन करने के सूत्र, सहयोगात्मक विचार आदि की कमी दिखती है। बताते चले कि आज के युवाओं में उच्च शिक्षा पाने की सोच की कमी, मोबाईल-इंटरनेट का सही उपयोग की कमी, बड़े-बुजुर्गो को सम्मान देने में कमी, अपना करियर के निर्माण हेतु लक्ष्य निर्धारण की कमी, जल्दीबादी उबाऊ निर्णय आदि अन्य कमी अगर युवाओं में देखी जा रही है, तो हम बुद्धिजीवी वर्ग भी उतनाही दोषी है जितना युवा, उक्त बातें संस्था के निदेशक श्री रौशन ने कही। इस अवसर सामाजिक कार्यकर्त्ता व नेता जयनारायण त्यागी, कुसुमजोरी पंचायत के पूर्व मुखिया व पंचायत समिति सदस्य क्रमशः वीरेन्द्र दास, रीतलाल ताती, करहरा पंचायत के विकास मित्र सोहन दास, सुनीता देवी, रानी शर्मा, बलराम दास, बालों पुझार, रामू ताती, सिकन्दर ताती, घनश्याम दास, दिपक कुमार, बाबूलाल मरांडी, आदि अन्य लोगों ने भी अपना अपना विचार व्यक्त किया।



## अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांका:- बौंसी थाना क्षेत्र के मरसा गांव में अगलगी की घटना के बाद पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे रहने को विवश है। मालूम हो कि सोमवार की देर शाम संध्या आरती के दौरान घर में आग लग गई थी। फुस के घर में इतनी तेजी से आग पकड़ी कि, देखते देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया था। जिसे संभालना काफी मुश्किल हो गया और धीरे-धीरे पूरा घर जलकर राख हो गया। अगलगी की घटना में पीड़ित आनंदी पासवान के घर का रखा हुआ सारा अनाज, बर्तन, मोटर पंप, साइकिल, नगद रुपए सहित अन्य सामान जलकर राख हो गई। बताया जाता है कि, इस घटना में करीब ₹200000 की संपत्ति का नुकसान हुआ है। मंगलवार को प्रखंड प्रमुख बिरसा सोरेन ने जनप्रतिनिधियों के साथ पहुंचकर पीड़ित परिवार को सांत्वना दी। आर्थिक सहायता के साथ-साथ प्रखंड प्रमुख ने सरकार की स्तर से मिलने वाली सहायता दिलाने का आश्वासन दिया। इस मौके पर कैरी पंचायत डॉली कुमारी सहित अन्य लोगों ने आनंद पासवान को सरकारी दिलाने की मांग की है।



## सुईयां पुलिस ने चलाया शराब एवं नशा मुक्ति अभियान

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन**

सुईयां पुलिस ने मंगलवार को शराब मुक्ति एवं नशा मुक्ति का जागरूकता अभियान चलाया। मंगलवार को आदिवासी बाहुल्य डिमाखांड़ गांव में थानाध्यक्ष द्वारा लोगों को नशा से दूर रहने के लिये जागरूक एवं उत्प्रेरित किया। नशा से होनेवाले दुष्परिणामों के बारे मे आम लोगों को बताया गया। नशा नहीं करने, सेहत-दौलत सब की दुश्मन है, नशा छोड़ो, घर को जोड़ो, बोतल तोड़ो, परिवार और समाज को करती है बर्बाद का संदेश दिया। ग्रामीणों ने नशा नहीं करने को ले लोगों को जागरूक किया। नशा के सेवन से होने वाली खतरनाक बीमारियों पर चर्चा करते हुए लोगों को नशा से बचने की अपील की। साथी इस बदनामी के कारण उनके सामाजिक और आर्थिक खनन होने से उनके भविष्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव के बारे में भी बताया गया। मौके पर महिला-पुरुषों ने शराब नहीं पीने एवं बनाने का शपथ लिया। मौके पर उप प्रमुख दिनेश सिंह मुखिया बाल किशोर सोरेन, सरपंच हेमलाल सोरेन डा. नवाब सऊनि विपिन यादव सहित महिला पुरुष एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।



## कोविड की आगाज को लेकर मॉक ड्रिल कार्यक्रम

**दैनिक समाज जागरण ब्यूरो चीफ उमाकांत साह**

बांका/चांदनः मंगलवार 27 दिसंबर 2022 को समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चांदन परिसर में प्रभारी चिकित्सक एके सिन्हा के नेतृत्व में अस्पताल की सभी स्वास्थ्य कर्मियों के साथ मॉक ड्रिल कार्यक्रम आयोजित की गई। बता दें कि देश में कोरोना संक्रमण जैसी घातक बिमारी पांव पसारने की आहट मिलते ही इससे निबटने को लेकर स्वास्थ्य विभाग तैयारी में जुट गया है। जिसे देखते हुए सिविल सर्जन बांका के निर्देश पर प्रभारी चिकित्सक डॉ ए के सिंहा के नेतृत्व में अस्पताल में कोविड से बचाव को लेकर मॉक ड्रिल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्वास्थ्य केंद्र के सभी चिकित्सक, ए एन एम, एम्बुलेंस कर्मियों सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया। मॉक ड्रिल कार्यक्रम में संभावित कोविड संक्रमित व्यक्तियों को एम्बुलेंस से लाने तथा डेमो दिखाने के साथ उन्हें लाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियां की विस्तृत जानकारी दिए, साथ संक्रमित व्यक्तियों को आक्सीजन लगाने,आक्सी मीटर से आक्सीजन लेवल, पल्स व कोविड की जांच करने के तरीके की जानकारी दी गयी।इस मौके पर डॉ आसिफ इकबाल, स्वास्थ्य प्रबंधक परशुराम सिंह, बीसीएम संजय सिंह, प्रखंड प्रसार प्रशिक्षक संजय कुमार,बी एम यूनिसेफ पंकज झा, लैब टेक्नीशियन चंदन कुमार, ए एन एम सुधा कुमारी,जी एन एम, प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी, प्रतिमा कुमारी रुपम कुमारी, स्नेहा कुमारी, शीलू कुमारी, शोभा सिंहा विद्या भारती, इ एम टी अरुण कुमार व साधु यादव, एम्बुलेंस चालक घनश्याम कुमार,अमीत कुमार आदि स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।



## कोरोना के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए रेफरल अस्पताल में कराया गया मॉक ड्रिल

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांका:- बौंसी प्रखंड स्थित रेफरल अस्पताल में मंगलवार को कोरोना के बढ़ते हुए मामले को देखते हुए मॉक ड्रिल कराया गया। मालूम हो कि चीन के हालात को देखते हुए राज्य सरकार पूरी तरह से अलर्ट मोड पर है। इसी के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। रेफरल अस्पताल में मंगलवार को मॉक ड्रिल के दरमियान दोपहर के करीब 3:00 बजे अस्पताल प्रबंधन को नगर पंचायत क्षेत्र में एक कोरोना संक्रमित मरीज मिलने की जानकारी दी गई। जिसके बाद पीपीई किट पहनकर 2 स्वास्थ्य कर्मी तेजी से एंबुलेंस पर पहुंचे। जबकि एंबुलेंस चालक पहले से ही तैयार था। सायरन बजाते हुए एंबुलेंस तेजी से अस्पताल से निकली और 2 मिनट में मरीज को लेकर वापस अस्पताल पहुंची। अस्पताल में जैसे ही जानकारी मिली कि कोरोना संक्रमित मरीज मिला है। सभी अलर्ट हो गए। स्टेचर के माध्यम से मरीज को ओपीडी लाया गया। जहां तुरंत ऑक्सीजन लगाया गया और कंप्लीट ट्रीटमेंट शुरू करने का कार्य आरंभ कर दिया गया। यह सब कुछ कुछ ही मिनटों में हो गया। मॉक ड्रिल के दरमियान इस सारी प्रक्रियाओं का अभ्यास कराया गया। मॉक ड्रिल में पीपीई किट पहनकर डॉक्टर पंकज कुमार, डॉक्टर उत्तम कुमार, डॉक्टर संजीव कुमार, आरकेएसवाई चंदन कुमार, एंबुलेंस कर्मी रोहित कुमार, मुनेश्वर मंडल सहित अन्य मौजूद थे।



## कटोरिया फेयर प्राइस के प्रखंड अध्यक्ष 6 जनवरी को पीडीएस डीलर के साथ करेंगे बैठक।

**दैनिक समाज जागरण कटोरिया से धर्मेंद्र रतन।** कटोरिया फेयर प्राइस के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव आगामी 6 जनवरी 2023 को प्रखंड के सभी डीलरों के साथ बैठक करेंगे जानकारी के अनुसार जनवरी माह के वितरण में आ रही गड़बड़ी को लेकर बैठक रखी गई है। जिसमें डीलर द्वारा खाद्यान्न वितरण में कमीशन का जिक्र नहीं किया गया है ।

इस संबंध में फेयर प्राइस डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव ने बताया कि पूर्व में चालान के समय में ही डीलर कमीशन प्राप्त हो जाता था, लेकिन नए प्रावधान के अनुसार डीलर कमीशन जिक्र नहीं करने को लेकर आगामी 6 जनवरी को बैठक किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर डीलर हड़ताल भी करेंगे। उक्त आशय की जानकारी फेयर प्राइस डीलर संघ के प्रखंड अध्यक्ष दिनेश यादव ने दी

## आनंदपुर ओपी पुलिस ने एक शराबी पीडीएस दुकानदार को किया गिरफ्तार भेजा न्यायालय

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो उमाकांत साह**

चांदनःआनंदपुर ओपी पुलिस ने एक शराबी डीलर को शराब के नशे में गिरफ्तार कर मंगलवार को बांका न्यायालय भेज दिया है। जानकारी के अनुसार गिरफ्तार शराबी बाबू लाल यादव के पुत्र संजय यादव साकीन पींड़रा वार्ड नंबर 5 निवासी शराब के नशे में धुत होकर अक्सर अपने पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। जिसकी शिकायत पर आनंदपुर ओपी अध्यक्ष जितेंद्र कुमार के नेतृत्व में एएसआई महेंद्र कुमार चौधरी व पुलिस बल द्वारा पिंडरा गांव से संजय यादव के शराबी पिता (पीडीएस दुकानदार) बाबू लाल यादव को गिरफ्तार कर लिया, जो शराब के नशे में चूर था। बताया गया कि पुलिस की भनक लगते ही संजय यादव घर से फरार हो गया। वहीं घर में मौजूद बाबू लाल यादव पिता टोपी यादव को नशे की हालत में गिरफ्तार किया गया ,जिसे ब्रेथ एनालाइजर मशीन से शराब पीने की पुष्टि करने के बाद कटोरिया रेफरल अस्पताल में मेडिकल जांच करा कर गिरफ्तार शराबी के विरुद्ध बिहार मद्द निषेध उत्पाद अधिनियम एवं सुसंगत धारा के तहत मामला दर्ज कर मंगलवार को जुमार्ना हेतु बांका न्यायालय भेज दिया है।




## संजीवनी गंगा और पीरपैंती मीडिया ग्रुप के द्वारा चौखंडी में नीम पौधा लगाया गया।

**सामाज जागरण, पीरपैंती भागलपुर/देवमुनी कुमार**

संजीवनी गंगा और पीरपैंती मीडिया ग्रुप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित नीम कॉरिडोर अभियान सह पुलिस पब्लिक,द्वारा चलाए जा रहे, शराबमुक्ति कार्यक्रम के तहत , ग्राम पंचायत परशुरामपुर स्थित साईं धाम, चोखंडी में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ चौखंडी साईं बाबा मंदिर पर पांच नीम का पौधा मंदिर समीप मध्य विद्यालय में दो नीम का पौधा लगाकर किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि,भागलपुर, के डॉक्टर पी. राम केडिया , पीरपैंती थाना प्रभारी राजकुमार प्रसाद ,पीरपैंती ,क्षेत्रीय वन प्रबंधक बी0 के0 सिंह,कहलगांव द्वारा,बोर्ड पर हस्ताक्षर संदेश लिखकर शराब जैसी नशीली चीज से बचने की अपील की।

डॉक्टर पी 0 राम केडिया ने कहा कि नीम औसिधिय गुण से भरपूर है। ये एक अस्पताल की तरह है जिसके साथ रहने पर सारी बीमारियों का इलाज संभव है। शराब मुक्ति अभियान कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से निश्चित रूप से लोगों में जागरूकता आयेगी और मैं लोगो से इस बुरी चीज से बचने की अपील करता हूं। थानाध्यक्ष राज कुमार प्रसाद ने कहा नीम का पौधा हमे सिर्फ आक्सीजन ही नहीं देता बल्कि प्रदूषित हवा को आवसोसीट भी करता है। शराब बंदी अभियान कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए लोगों से अपील करते हुए कहा कि पुलिस इस नशा को समाज से जड़ से उखड़ने की लिए संकल्पित है। कार्यक्रम के अध्यक्ष घनश्याम दास ने कहा इस अभियान के माध्यम से भागलपुर जिला को एक स्वस्थ जिला बनाना मकसद है।वन परिसर अधिकारी ने कहा कि नीम कॉरिडोर जैसे अभियान को सफल बनाने के लिए वन विभाग भागलपुर पूर्ण सहयोग देने की घोषणा करता है।



संस्था ने उनको प्रकृति रत्न 2022 प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को परशुरामपुर के मुखिया पवन यादव ,पर्यावरण प्रेमी अमित कटारुका ने भी संबोधित किया। धन्यवाद ज्ञापन अनुज कुमार सिंह ने किया।

कार्यक्रम में। साई धाम कमिटी के नीरज गुप्ता,संजय बाजोरिया,गोपाल ,राजेश कुमार,गोपाल,टिवडेवाल,जोगिंदर सिंह,अवधेश सिंह, झुन्नू सिंह,के अलावे,स्थानीय सरपंच,गोविंदपुर के पंचायत समिति पंकज कुमार, बाखरपुर के मुखिया,स्कूल के शिक्षक,और अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## कहलगांव एवं सनहौला प्रखंड के कई गांवों में पुलिस के द्वारा शराब कारोबारी एवं शराब की छापेमारी की गई।

सनौला से मुकेश कुमार की रिपोर्ट।

छापेमारी के दौरान कहलगांव डीएसपी शिवानंद सिंह एवं उसके साथ चार थाना के थाना अध्यक्ष एवं अपने अपने दल बल के साथ कई गांवों में संथाली टोला में छापेमारी की गई जिसमें लगभग एक से 2 कुंटल के महुआ कच्चा माल एवं कई गैलन को नष्ट किया गया संथाल लोग खेत में छुपा कर शराब का कच्चा माल को रखा था जिसमें सभी पुलिस दलबल ने खेत एवं घर में घूम घूम कर सघन छापेमारी की जिसमें कुछ महुआ को भी नष्ट किया गया एवं कुछ शराब को भी नष्ट किया गया इसमें देसी शराब का बनाने वाला कुछ सामग्रियां एवं कच्चा माल जो नष्ट किया एवं लगभग 12 लीटर शराब सनोखर थाना को सौंप दिया जिसमें किसी की गिरफ्तारी एवं शिनाख्त नहीं हो पाई मौके पर रसूलपुर थाना के कन्हैया कुमार, आमडंडा थाना से रवि कुमार, सनोखर थाना से रन तेज कुमार एवं कहलगांव इंस्पेक्टर एवं एक्साइज इंस्पेक्टर मौके पर अपने दल बल के साथ इस मुहिम में बढ़-चढ़कर अपना अपना कार्य किए एवं लगभग 3 से 4 घंटा छापेमारी चलीजिसमें गांव का नाम सनोखर से जफरा एवं आमडंडा से काझा एवं गोकुलपुर में छापेमारी हुए। रसलपुर के धनोरा गांव में हुई।



## दो मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी

**दैनिक समाज जागरण। निज संवाददाता बौंसी।**

बौंसी/बांका:- दो बाइक के आमने-सामने की टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना मंगलवार देर शाम की है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के चरघरा गांव निवासी गुलाबी दास का 24 वर्षीय पुत्र शेखर दास पंजवारा थाना क्षेत्र के विक्रमपुर गांव की तरफ से आ रहा था। बताया जाता है कि,बौंसी थाना क्षेत्र स्थित बंसीपुर गांव समीप तेज रफ्तार मोटरसाइकिल सवार गज्जर गांव निवासी 21 वर्षीय अजय कुमार मंडल के मोटरसाइकिल से आमने-सामने की टक्कर हो गई। आमने-सामने की टक्कर में दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से जख्मी हो गए। पुलिस के द्वारा जख्मी शेखर दास को रेफरल अस्पताल लाया गया। जबकि स्थानीय लोगों के सहयोग से दूसरा जख्मी युवक को भी रेफरल अस्पताल लाया गया जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉक्टर पंकज कुमार के द्वारा गंभीर रूप से जख्मी शेखर दास को बेहतर चिकित्सा के लिए भागलपुर रेफर कर दिया गया है। फिलहाल पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है।



## फुल्लीडुमर थाना की पुलिस रात्रि गश्ती के दौरान आमाटीकर से दो व्यक्ति को शराब के नशे में किया गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता कामेश्वर साह, फुल्लीडुमर/ बांका**

फुल्लीडुमर थाना की पुलिस गुप्त सूचना के आधार पर सोमवार को लगभग रात 8:00 बजे शराब पीकर हंगामा कर रहे आमा टीकर गांव के दो युवक सेन्टु यादव पिता जगन्नाथ यादव एवं छब्बू कुमार पिता स्वर्गीय शिल्धर यादव को आमा टीकर गांव के पास रोड पर से गिरफ्तार कर लिया गया है फुल्लीडुमर थाना के पुलिस पदाधिकारी से मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनों शराबी की गिरफ्तारी थाना अध्यक्ष आलोक कुमार, एएसआई बलवीर विलक्षण एवं सैप जवानों के सहयोग से की गई ब्रेथ एनालाइजर जांच में गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा शराब पीने की पुष्टि हुई है गिरफ्तार व्यक्ति को मंगलवार को कोविड-जांच के बाद आर्थिक जुमार्ना हेतु पुलिस अभिरक्षा में बांका कोर्ट भेज दिया गया है

## बाखरपुर बाइक सवार को संतुलन बिगड़ने से एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल।

**समाज जागरण पीरपैंती भागलपुर/देवमुनी कुमार**

पीरपैंती प्रखंड क्षेत्र के बाबूपुर पंचायत की ओर से आ रहे एक बाइक पर दो सवार व्यक्ति बाखरपुर आने के क्रम में बाबूपुर पुल के समीप अचानक बाइक के सामने सियार आ जाने के कारण बाइक की संतुलन खो दिया । जिस पर बैठे बाइक चला रहे कृष्णा यादव पिता शंकर यादव और दूसरा व्यक्ति नंदलाल यादव पिता जिच्छु यादव दोनों व्यक्ति बाइक से नीचे गिर गए उसमें कृष्णा यादव पुल के नीचे पानी में गिर गया जिससे कृष्णा को पानी में ही मृत्यु हो गई घटना की सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए बाखरपुर सहायक थाना की पुलिस संजय सिंह अपने दल बल के साथ घटनास्थल पहुंच ग्रामीणों के सहयोग से शव को पानी से निकाला वहीं गंभीर रूप से घायल नंदलाल कुमार को पीरपैंती रेफरल अस्पताल भेजा गया । उधर मृत शव को पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया गया । यह घटना शाम करीब 6:00 बजे की बताई जा रही है दोनों बाखरपुर पश्चिमी पंचायत के रहने वाले हैं ।

## रसलपुर ओ पी थाना की पुलिस रात्रि गश्ती के दौरान 200 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया

**दैनिक समाज जागरण भागलपुर से निबराज आलम की रिपोर्ट।**

भागलपुर जिला के रसलपुर ओ पी थाना क्षेत्र अंतर्गत रात्रि गश्ती के दौरान एकचारी चौदिपुर मे 200 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया युवक की पहचान रसलपुर ओ पी थाना क्षेत्र के प्रदीप कुमार एंव मदन कुमार पश्चिम टोला एकचारी के रूप मे पहचान हुई रसलपुर ओ पी थानाध्यक्ष कन्हैया कुमार ने बताया की रात्रि गश्ती के दौरान 200 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो युवक को गिरफ्तार किया गया दोनो युवक को कहलगांव अनुमंडल हास्पिटल मे कोविड-जांच करा कर न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया

### मांझी नगर पंचायत चुनाव की सभी तैयारी पूरी, मतदान आज

## 16600 मतदाता करेंगे मताधिकार का प्रयोग

**दैनिक समाज जागरण** मांझी (सारण)। बुधवार को प्रस्तावित मांझी नगर पंचायत चुनाव हेतु सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। दलन सिंह उच्च विद्यालय के प्रांगण में मंगलवार को सारण के डीसीएलआर सह निर्वाचन पदाधिकारी पुष्पेश कुमार तथा सीओ धनंजय कुमार ने मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण के पश्चात मतदान सामग्री देकर उन्हें बूथों पर रवाना कर दिया।



पदाधिकारी द्वय ने बताया कि नगर पंचायत के 15 वार्डों में मतदान के लिए कुल 22 मतदान केन्द्र बनाये गए हैं। उन्होंने बताया कि उक्त मतदान केन्द्रों पर 16 हजार छह सौ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निष्पक्ष एवम शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बूथों पर समुचित पुलिस बल को भी तैनात किया जा रहा है। बताते चलें कि उक्त चुनाव में मुख्य पार्षद पद के 18 एवम उप मुख्य पार्षद पद के 16 तथा 15 वार्डों के लिए 110 वार्ड पार्षद पद के प्रत्यासी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। उधर मंगलवार को भी प्रत्यासी डोर टू डोर जनसम्पर्क करने में जुटे रहे।

## सदाचार के नियमों का पालन करने वाला व्यक्ति कभी दुःखी नहीं रहताः हरिहरानंद जी महाराज

**दैनिक समाज जागरण** मांझी (सारण)। मांझी प्रखंड क्षेत्र के बंगरा गांव स्थित सूरदास बाबा के मठिया परिसर में नवनिर्मित भवन के उपलक्ष्य में आयोजित अखण्ड अष्टयाम में पधारे संत हरिहरानंद जी महाराज ने कहा कि धार्मिक अनुष्ठान में बाह्याडंबर हावी हो चला है। जिसका असर सामाजिक स्थिति पर भी पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सिर्फ मानव का जीवन सत्कर्म करने के लिए मिला है, सिर्फ भोग-विलास में बिताने के लिए नही। प्रत्येक व्यक्ति को अपनी आमदनी का दसवाँ हिस्सा आध्यात्मिक व जन-कल्याण के कार्यों में खर्च करना चाहिए। प्रभु का भजन व उनके नाम से हर कार्य की शुरूआत करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि सदाचार के नियमों का पालन करने वाला व्यक्ति कभी दुखी नही रहता। वहीं मंगलवार को अष्टयाम के पुणार्हुति के बाद पूजा अर्चना किया गया। वेदी पूजन का अनुष्ठान बनारस के युवा आचार्यो के द्वारा कराया गया। मौके पर दाउदपुर थानाध्यक्ष बीरेंद्र राम, जितेंद्र सिंह पूर्व मुखिया ,सुदामा सिंह ,अनिल पाण्डेय पूर्व प्रमुख समेत अनेक गणमान्य लोग मौजूद थे। इसी तरह हर्षपुरा गांव के सीमांत पर प्रति वर्ष की तरह रामकिशुन बाबा के समाधि परिसर में मंगलवार को महायज्ञ का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल थे।



## रामपुर पंचायत में मनमाने ढंग से कराया जा रहा नाला निर्माण

दैनिक समाज जागरण गड़खा (सारण)। गड़खा प्रखंड के रामपुर पंचायत के वार्ड नंबर 11 में तीन मोहानी से नदी के तरफ जाने वाली सड़क पर दोनो तरफ से नाला का निर्माण अमान्य ढंग से कराया जा रहा है।

प्राप्त जानकारी मिलने के अनुसार रामपुर पंचायत के कुछ वार्ड सदस्यों का कहना हैं कि रामपुर पंचायत के पंचायत सचिव अनिल कुमार शर्मा और मुखिया निर्मला देवी, प्रतिनिधि दिनेश कुमार राय द्वारा नाला नीचे से दस इंच के बदले पांच इंच लम्बा करके बनाया जा रहा हैं। जो कि मानक के अनुसार सही नहीं है। और वार्ड सदस्यों का ये भी कहना है कि पंचायत में कोई भी काम होता हैं तो मुखिया प्रतिनिधि और पंचायत सचिव द्वारा सही जानकारी नहीं दिया जाता है। और कॉल करने पर सचिव साहब का मोबाइल काफी समय बंद बताता है। ओ कब पंचायत भवन आते हैं और कब नहीं आते हैं इसकी जानकारी सिर्फ और सिर्फ मुखिया प्रतिनिधि जी को ही पता रहता हैं।

## शराब के नशे में दो गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण)। रसूलपुर थाना क्षेत्र के रसूलपुर चट्टी से पुलिस ने दो शराबियों को गिरफ्तार किया है। सोमवार की देर दो शराबी शराब पीकर सड़क पर हंगामा कर रहे थे। गस्ती के दौरान पुलिस नें दोनों कों गिरफ्तार कर लिया। मंगलवार कों दोनों शराबी पर थाना अध्यक्ष नें प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज दिया है। शराबियों की पहचान गोपाल प्रसाद एवं अशोक साह के रूप मे हुई है। थाना अध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने जानकारी दी।

## मारपीट में एक महिला समेत पांच लोग घायल

**दैनिक समाज जागरण**

एकमा (सारण)। एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में एक महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। घायलों में अठडीला गांव के संतोष कुमार शर्मा, लाल कुमार शर्मा, एकमा भट्ट टोली गांव के रिया कुमारी, देवेन्द्र कुमार व दाउदपुर गांव के मनजय कुमार शामिल है। घायलों का प्राथमिक उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र एकमा में किया। इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है। अबतक किसी नामजद अभियुक्त की गिरफ्तारी की खबर नहीं है।

## आवारा पशुओं से टक्कर में दो बाइक सवार घायल

दैनिक समाज जागरण कुचायकोट (गोपालगंज)। सोमवार की देर शाम कुचायकोट थाना क्षेत्र के एनएच 27 पर भोपतापुर गांव के पास एक सूअर से टकराकर दो बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया गया। जहां स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने दोनों को प्राथमिक चिकित्सा के बाद सदर अस्पताल गोपालगंज के लिए रेफर कर दिया।



मिली जानकारी के अनुसार कुचायकोट थाना क्षेत्र के बलथरी गांव निवासी दीपक शाही और निक्कू शाही उत्तर प्रदेश के तरफ से वापस लौट रहे थे। इस दौरान एनएच 27 पर भोपतापुर गांव के पास सड़क पार कर रहे एक सूअर से निक्कू शाही की बाइक टकरा गई। इसी दौरान पीछे से आ रहे दीपक शाही की बाइक भी सुअर से टकरा गई ।इस घटना में दोनों युवक सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास के लोगों ने दोनों घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुचायकोट पहुंचाया ।जहां स्थिति नाजुक देख चिकित्सकों ने प्राथमिक चिकित्सा के बाद दोनों युवकों को सदर अस्पताल गोपालगंज रेफर कर दिया।

## 48 बोतल देसी शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

कुचायकोट (गोपालगंज)। कुचायकोट पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिपाया रेलवे स्टेशन के पास 2 लोगों को 48 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया। जब्त की गई शराब गिरफ्तार किए गए अधेड़ अपनी शरीर में टेप से चिपका कर ला रहे थे। थानाध्यक्ष किरण शंकर ने बताया कि कुचायकोट पुलिस ने थाना क्षेत्र के सिपाया रेलवे स्टेशन के पास ट्रेन से उतर कर आए आ रहे दो संदिग्ध लोगों की जब तलाशी ली तो उनके शरीर में टेप से चिपका कर लाया जा रहा शराब जब्त की गई। इस क्रम में कुचायकोट गांव निवासी रामविलास मद्धेशिया के शरीर से 22 बोतल तथा इसी गांव के पुरण प्रसाद को 26 बोतल शराब के साथ गिरफ्तार किया गया ।पूछताछ में आरोपितो ने बताया कि जब्त की गई शराब वह तीन फेड़िया से लेकर आ रहे थे ।पुलिस गिरफ्तार किए गए आरोपितो से पूछताछ कर रही है।

## होम्योपैथिक दवा से रसायनिक शराब बना रहा एक व्यक्ति गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

तरैया (सारण)। थाना क्षेत्र के अफजलपुर गांव में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर एक व्यक्ति के यहां छापेमारी होम्योपैथिक दवा से रसायनिक शराब बना रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में एएसआई उमेशचंद्र सिंह ने तरैया थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। मामले की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष मोहम्मद शोएब आलम ने बताया कि गुप्त सूचना मिली कि अफजलपुर गांव में एक व्यक्ति अपनी झोपड़ी के अंदर होम्योपैथिक दवा से रसायनिक शराब बना रहा है। जिसके बाद पुलिस ने जब वहां छापेमारी की तो एक झोपड़ी के अंदर से एक काले रंग के होम्योपैथिक बोतल से आधा लीटर रसायनिक शराब एवं दो खाली बोतल बरामद किया गया है। जब पुलिस ने घर के अंदर तलाशी ली तो एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति अफजलपुर गांव का रहने वाला गणेश सिंह है। बता दें कि हाल ही के दिनों में जहरीली शराब से हुई मौत के बाद सारण एसपी संतोष कुमार ने एएसपी अंजनी कुमार सिंह के नेतृत्व में एसआईटी टीम का गठन किया था। एसआईटी टीम ने जब शराब कांड की जांच की तो अनुशंधान के क्रम में होम्योपैथिक रसायनिक शराब से मौत का मामला सामने आया। जिसके बाद टीम ने मसरख और इसुआपुर में छापेमारी कर होम्योपैथिक दवा से रसायनिक शराब बनाने वाले संलिप्त व्यक्तियों को भी गिरफ्तार किया।इसी क्रम में तरैया पुलिस ने भी अफजलपुर गांव में छापेमारी कर रसायनिक शराब के साथ गणेश सिंह को गिरफ्तार कर छपरा जेल भेज दिया।

## 7056 पीस टेट्रा पैक शराब के साथ ट्रक जब्त चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण** कुचायकोट (गोपालगंज) स्थानीय थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग वाहनों की जांच कर रही थी इसी क्रम में उल्टे लेन के तरफ से आ रही एक ट्रक को रोक कर जब तलाशी ली गई तो उसके के अंदर छुपाकर रखा 147 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद उत्पाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए। चालक को गिरफ्तार कर लिया । उत्पाद निरीक्षक प्रकाश चंद्र ने बताया उत्पाद की एक टीम बलथरी चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच कर रही थी इसी दौरान उत्तर प्रदेश की तरफ से उल्टे लेन में एक संदिग्ध ट्रक को आते हुए देखा गया। जब उसको रोक कर उसकी तलाशी ली गई तो उसमें 147 कार्टून में रखा 1756 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया। जिसके बाद उत्पाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक से पूछताछ में पता चला है कि यह शराब गोपालगंज के बबलू यादव का है।जिसे कसया से मोतिहारी के पिपराकोठी पहुंचाना था। गिरफ्तार ट्रक चालक फुलवरिया थाना के भगवानपुर गांव के निवासी मनोज कुमार पासवान बताया जा रहा है। वही शराब की खेप मंगाने वाले बबलू यादव की पहचान हो गई है । पुलिस दोनों पर उत्पाद अधिनियम तहत प्राथमिकता दर्ज कर ली गई है।वही शराब सप्लायरों को पकड़ने के लिए पुलिस अभियान में जुट गई है।

## छपरा शहर में खुलेआम गुंडागर्दी : महिला की कार को तोड़फोड़ कर दी खुली चुनौती

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा। शहर से इस समय बड़ी खबर सामने आ रही है, जहां शहर के नगर थाना अंतर्गत साधनापुरी मोहल्ले में सरेबाजार गुंडागर्दी देखने को मिली. दहशत ऐसा कि डर के मारे किसी को बोलने की हिम्मत नहीं हो रही थी. घर में अकेली महिला थी और घर के बाहर गुंडे मवाली। गुंडे उस महिला की कार को कुदाल से तोड़ फोड़ डाले

तब जाकर महिला ने फोन कर पति को बुलाया तो उसके साथ भी मारपीट की गई. जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में आप देख कर हैरान हो जाएंगे कि छपरा शहर में गुंडे मवाली भी किस कदर बेखौफ हैं। इस मामले में पीड़ित महिला रागिनी देवी के द्वारा नगर थाने में शिकायत भी की गई है।

मामला रंगदारी को लेकर विवाद का बतलाया जा रहा है। इस मामले में छपरा शहर के नगर थाना अंतर्गत साधना पुरी मोहल्ला निवासी सौरभ



श्रेयस की पत्नी रागिनी कुमारी के द्वारा नगर थाने में प्राथमिकी के लिए दिए गए आवेदन में सारण एकेडमी मोहल्ला निवासी तारकेश्वर सिंह का पुत्र राकेश कुमार सिंह को अभियुक्त बनाया है अभियुक्त राकेश सिंह द्वारा दिग्गजों नेताओं को भी अभ्द्र भाषाओं से बोछार कर दिया जिसे विडियों में साफ सुना जा सकता है अभियुक्त राकेश के साथ तीन-से चार लोग नसे में धुत्त हथियार से लैस होकर चित्रा पैलेज पर हत्या व लूट के नियत से पहुचे थे। शोरगुल होने के पश्चात आसपास के लोग जब इकट्ठा हुए तो वो लोग भाग खड़े हुए जो कि एकमा थाना क्षेत्र के भुईली गांव का मूल निवासी बताया गया है। इस वीडियो में हम आपको गुंडागर्दी की तस्वीरें और वीडियो दिखाएंगे। साथ ही पीड़ित महिला के द्वारा गुहार लगाने की कारुण आवाज भी। गुंडागर्दी ऐसी कि वह महिला के साथ पुलिस प्रशासन और मानवाधिकार आयोग तक को भला बुरा कह देख लेने की धमकी देने लगा।

ऊपर से असंसदीय भाषा का बौछार भी कर किया। वहीं पीड़ित महिला की शिकायत के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है। अब पीड़ित परिवार और सबकी निगाहें पुलिसिया कार्रवाई पर टिकी हुई है।

## जहरीली शराब कांड को लेकर पटना से पहुंची टीम, किए निरीक्षण

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)।मशरक थाना क्षेत्र के अलग अलग गांवों में जहरीली शराब से मृत हुए लोगों की जांच पड़ताल को लेकर इंटरनेशनल ह्यूमन राइट्स काउंसिल पटना की बिहार टीम मंगलवार को मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं मशरक थाना परिसर पहुंची। टीम पदाधिकारी मनीष कुमार तिवारी सहित 9 सदस्यी टीम मुख्य बिंदुओं पर जांच पड़ताल किया । इस संदर्भ में जांच टीम के पदाधिकारी प्रिंस कुमार ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दवा स्टॉक रूम से लेकर ओपीडी, जांच कक्ष को मुख्य रूप से जांच पड़ताल किया गया। जहरीली शराब के कारण इलाज के लिए पहुंचे मरीजों का विस्तृत जानकारी लिया गया, कितने मरीज को स्वास्थ्य केंद्र सदर रेफर



किया गया उसका जांच पड़ताल किया गया। जांच टीम के द्वारा मुख्य बिंदु जहरीली शराब बिहार में पहुंचा तो कैसे पहुंचा जबकि इसको लेकर जिला के हर बॉर्डर को सील किया गया, और यह भी कहा गया कि बिहार में शराबबंदी के बावजूद प्रशासनिक चुप कैसे हुई, अगर बिहार में लोग शराब नहीं पीते तो बीमार नहीं होते, स्वास्थ्य केंद्र में स्वास्थ प्रभारी से बात कर स्वास्थ विभाग संबंधित स्वास्थ सामग्री की जानकारी ली गई है। उन्होंने बताया कि इस कांड में प्राप्त जानकारी का ज्ञापन माननीय प्रधानमंत्री कार्यालय एवं सारण जिलाधिकारी को सौंपा जा चुका है। जांच संबंधीत बातों को लेकर स्वास्थ्य प्रभारी डॉक्टर गोपाल कृष्ण ने बताया कि जांच टीम के द्वारा जिस जिस बात की जानकारी दी गई, उन सभी बातों की जानकारी दे दी गई।

## पटवारी कौशल यादव और सूरज सिंह यादव ने पत्रकार को दी खबर न छापने की धमकी

**◆ अ. भा. पत्रकार सुरक्षा समिति नें की गिरफ्तारी की मांग**

**◆ पत्रकार महफूज खान ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिलकर की शिकायत**

बिलासपुर। प्रदेश मे इस समय पत्रकारों पर आफत आई हुई है जिस अधिकारी, कर्मचारी और नेता के भ्र्ष्टाचार व गलत कार्यो की खबर जिस भी पत्रकार ने लगाया उसे धमकी चमकी देना शुरू हो कर दिया जा रहा है।

ऐसा पूरे प्रदेश मे चल रहा है अभी हाल ही मे मामला अंबिकापुर के पत्रकार सुशील बखला के साथ कांग्रस नेता के द्वारा खुलेआम मोबाईल मे धमकी दे रहा था जिसके खिलाफ प्रदेश के पत्रकारों का आक्रोश अभी शांत भी नही हुआ था कि एक और मामला सामने आ गया बिलासपुर के पत्रकार महफूज खान को पटवारी कौशल यादव के साले सुरज यादव ने मोबाईल पर उनके



खिलाफ लगी। खबर पर धमकी देना शुरू कर दिया मोबाईल मे पत्रकार के साथ मेरे को नही जानते हो मैं कौन हूं। मेरे बारे मे पहले पता कर लेना था, उसके बाद खबर लगाना कह कर धमकी दे रहा है।

जिसका पत्रकार के द्वारा राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल से मिलकर शिकायत की गई है।

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति ने दोनो मामले मे गिरफ्तारी की मांग कीः

अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष ने अंबिकापुर,बिलासपुर मे पत्रकारों को दी गई । धमकी की घोर निंदा करता है और धमकी देने वालो को जल्द गिरफ्तारी करने की मांग भी करता है। अन्यथा संगठन को आंदोलन करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार।

**दैनिक समाज जागरण** मांझागढ़ (गोपालगंज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के गांवों में पुलिस ने छापेमारी कर शराब के साथ तीन को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया । बताया जाता है कि पुलिस द्वारा शराब के खिलाफ चलाई जा रही छापेमारी अभियान के तहत मंगलवार को माझा थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के भैसही, कोइनी तथा सिपाहखास गांव में छापेमारी कर शराब के साथ तीन आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। वहीं गिरफ्तार आरोपितों के पास से पुलिस ने 19 लीटर चुराई शराब तथा 80 पीस टेट्रा पैक शराब एवं एक अपाची गाड़ी बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपितों में भैसही गांव के ललन चौधरी,सिपाहखास गांव के लढ़न तथा कोइनी गांव से बरौली थाना क्षेत्र के कन्हैया कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कन्हैया कुमार के पास से पुलिस ने अपाची गाड़ी बरामद किया है।पुलिस उत्पाद अधिनियम के तहत एफ आई आर कर गिरफ्तार तीनों आरोपितो को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## स्वर्गीय राम अयोध्या सिंह की 15वीं पुण्यतिथि मनी

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। सदर प्रखंड जनता दल यूनाइटेड के अध्यक्ष सत्यनारायण सिंह के पिता स्वर्गीय राम अयोध्या सिंह की 15वीं पुण्यतिथि उनके निवास स्थान रसलपुरा में मनाई गई । सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर चिरान्द पैक्स अध्यक्ष विश्वजीत कुमार सिंह, रामनाथ सिंह परुषोत्तम सिंह, सुशील कुमार , पूर्व मुखिया रामचंद्र राम, सुधीर सिंह, श्रीराम सिंह, ललित सिंह, गंभीरा मांझी , अकबर अली सहित काफी संख्या में गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## यूरिया के लिए विजयीपुर के किसान परेशान, कृषि पदाधिकारी का आडियो हुआ वायरल

**दैनिक समाज जागरण**

गोपालगंज। विजयीपुर में यूरिया खाद नहीं मिलने से विजयीपुर के किसान परेशान हैं,जब पीड़ित किसान टेलिफोन से प्रखंड कृषि पदाधिकारी से कारण पूछा तो कृषि पदाधिकारी भड़क गए और उल्टे किसान को अनाप शनाप बोलने लगे,कृषि पदाधिकारी पर अपने कार्यालय से अक्सर गायब रहने का भी आरोप लगाया गया है किसानों द्वारा, आरोप भी सही है, विजयीपुर के किसानों को सुचना मिलते ही छः किलोमीटर दूर मुसेहरी बाजार के मुन्ना राय के दुकान पर लाइन में लग गए कृषि पदाधिकारी 10:30 बजे पहुंचे जहां कुछ आपत्तिजनक परिस्थिति देव लोगों ने समझ लिया कि यहां लेनदेन किया जा रहा है लोगों के अनुसार लेनदेन के पश्चात यूरिया का वितरण शुरू हुआ जबकि इस दौरान काउंटर पर केवल पास मशीन पर आधार को ही अपडेट किया जा रहा था लेकिन किसी भी किसान को पाश मशीन से यूरिया खरीदारी की रसीद या बिल नहीं दिया गया साथ ही साथ दुकान छोड़ अन्यत्र यूरिया का वितरण किया



गया है इसलिए लोगों का आरोप था कि कृषि पदाधिकारी रजिस्टर देखकर बिना यूरिया की स्टाक देखकर वितरण कराएं इसी सवाल पर जब किसी किसान ने प्रश्न किया तो कृषि पदाधिकारी भड़क गए लोगों का कहना था कि 2022 में माननीय प्रधानमंत्री किसानों की आय दोगुना करते-करते नोट बंदी की तरह यूरिया बंदी भी कर दिए नोटबंदी में ग्रामीण क्षेत्रों में लोग जिस तरीके से कतार वध हुए थे उसी तरह यूरिया के लिए 2022 में लोग कतार बंद हो गए हैं, किसी दुकान में यूरिया के साथ जबरन अन्य सामग्री देकर450 लूटा जा रहा है तो कहीं 480 लिया जा रहा हैं लेकिन बिना खरीदारी रसीद के और लोगों को मैसेज दिया जा रहा है एक बदले 4 बोरी का, लोगों का आरोप था कि कृषि पदाधिकारी की धन उगाही के कारण विजयीपुर में यूरिया मिलना असंभव हो गया है दबे जुबान से कई अधिकृत विक्रेता धन उगाही की बात स्वीकार करते हैं लेकिन सामने आने में डरते हैं,आखिर कब तक यह तानाशाह अधिकारी अपने पद का दुरुपयोग करते रहेंगे।

## विजयीपुर मे प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता संपन्न

**दैनिक समाज जागरण** विजयीपुर (गोपालगंज)। नेहरू युवा केंद्र गोपालगंज द्वारा विजयीपुर प्रखंड के सहयोगी उच्च इंटर कालेज के खेल प्रांगण मे आयोजित प्रखंड स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता का फाइनल प्रतियोगिता का उद्घाटन विजयीपुर प्रखंड के अंचल पदाधिकारी श्री भाग्य नारायण राय ने फीता काट कर किए विजयीपुर प्रखंड के राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमित यादव ने मुख्य अतिथि को मोमेंटो देकर सम्मानित किए ,इसके बाद अतिथियों ने प्रतियोगिता मे भाग लेने वाली सभी टीमों से परिचय प्राप्त किया प्रतियोगिता मे चार खेलो का फाइनल मुकाबला खेला गया जिसमे 1वालीबाल मे हरिहरपुर ने 2पाइंट



से जजवलिया को हारा कर विजेता हुई इसी प्रकार .कबड्डी मे विजेता टीम विजयीपुर और उपविजेता रसूलपुर रही तथा रस्सा खीच मे विजेता टीम विजयीपुर और उपविजेता नवतन रही एवं 400 मीटर पुरुष दौड़ मे प्रथम स्थान नीतीश गोड़ द्वितीय संदीप बैठा तृतीय स्थान दिलीप राम प्राप्त किये अंत मे सभी टीमों और खिलाड़ियों को को बेलवा पंचायत के मुखिया संदीप यादव के हाथो शील्ड और मेडल देकर सम्मानित किया गया राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक अमित यादव ने बताया की सभी प्रतियोगिता मे भाग लिए सभी खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट दिया जाऐगा और विजेता खिलाड़ियों को अब जिला स्तर पर खेलने के लिए भेजा जाएगा।

## छात्रों को मिला टेस्ट देने का मौका – हौसला मेलोड्रामा

### निःशुल्क मेगा टेस्ट सिरिज हौसला के तहत प्रतिभा खोज परीक्षा

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। मेलोड्रामा वेलफेयर सोसायटी नई दिल्ली व युवा क्रांति रोटी बैंक द्वारा बिहार बोर्ड की मुख्य परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए निःशुल्क मेगा टेस्ट सिरिज "हौसला"- २०२२ के तहत " प्रतिभा खोज परीक्षा" के रुप में सरकारी स्कूलों के बच्चों के लिए शहरी एंव ग्रामीण क्षेत्रों आयोजित किया गया। अब तक हजारों छात्रों ने इस प्रीपरीक्षा में शामिल होकर अपना मुल्यांकन कर चुके हैं और यह सिलसिला जनवरी के दुसरे सप्ताह तक जारी रहेगा। आज शहर के राईफ इंटरनेशनल स्कूल को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। जानकारी देते हुए परीक्षा नियंत्रक ई. विजय राज ने बताया कि मैट्रिक और इंटर के अब तब 6 हजार से अधिक



विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। प्रोग्राम क्वाडिनेटर मेलोड्रामा वेल्फेयर सोसाइटी के अर्जुन सिंह ने कहा कि परीक्षा में शामिल बच्चे काफी उतसाहित दिखे, ये मुख्य परीक्षा को लेकर छात्रों का मनोबल बढ़ाने का काम करेगा यह मेगा टेस्ट सिरिज।

यहाँ ये बता दे की मेलोड्रामा वेल्फेयर सोसाइटी " Hausla- द्वारा प्रतिभा रत्न अवार्ड 2023 प्रोग्राम करने जा रही है जिसमे बोर्ड टोपर्स को समानित किया जायेगा।

इस परिक्षा के संचालन के लिए प्रो. डॉ. नाजिया अब्बास, आशीष सर, राकेश सर, सुबोध सर को अलग-अलग सेंटरों का परीक्षा नियंत्रक नियुक्त किया गया था।और संकलन कर्ता नसिम अख्तर थे। परीक्षा को सफल बनाने में नितीश कुमार, अभिषेक कुमार साह, प्रीति कुमारी,अमन सिंह का सहयोग प्राप्त हुआ।

## मशरक में नगर पंचायत चुनाव आज, बूथों के लिए ईवीएम के साथ चुनाव कर्मी रवाना

**दैनिक समाज जागरण**

छपरा (सारण)। मशरक नगर पंचायत चुनाव को लेकर प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली है। आज बुधवार को हैं चुनाव में 19832 मतदाता मतदान कर अपनी पसंद का उम्मीदवार चुनेंगे। मतदान के लिए 16 वार्ड में 29 मतदान केंद्र बनाएं गये हैं। सभी बूथों पर सुरक्षाकर्मी और पोलिंग पार्टी रवाना कर दिए गए थें वही मंगलवार को बूथों के लिए ईवीएम भी भेज दिए गए। मौके पर



चुनाव प्रेक्षक विपिन कुमार, चुनाव निवार्ची पदाधिकारी सह भूमी सुधार उप समाहर्ता रवि शंकर शर्मा, बीडीओ मो आसिफ,सीओ रविशंकर पांडेय समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। मौके पर चुनाव निवार्ची पदाधिकारी सह भूमी सुधार उप समाहर्ता रवि शंकर शर्मा ने बताया कि बूथों पर पोलिंग पार्टी को भेज दिया गया है सभी मतदान केंद्र पर प्रयाप्त संख्या में में फोर्स और मजिस्ट्रेट की तैनाती कर दी गई है कही भी किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पेट्रोलिंग मजिस्ट्रेट तैनात हैं।

## 7056 पीस टेट्रा पैक शराब के साथ ट्रक जब्त, चालक गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण**

कुचायकोट (गोपालगंज)। स्थानीय थाना क्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट पर उत्पाद विभाग वाहनों की जांच कर रही थी इसी क्रम में उल्टे लेन के तरफ से आ रही एक ट्रक को रोक कर जब तलाशी ली गई तो उसके के अंदर छुपाकर रखा 147 कार्टून विदेशी शराब बरामद हुआ। जिसके बाद उत्पाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए। चालक को गिरफ्तार कर लिया । उत्पाद निरीक्षक प्रकाश चंद्र ने बताया उत्पाद की एक टीम बलथरी चेक पोस्ट पर वाहनों की जांच कर रही थी इसी दौरान उत्तर प्रदेश की तरफ से उल्टे लेन में एक संदिग्ध ट्रक को आते हुए देखा गया। जब उसको रोक कर उसकी तलाशी



ली गई तो उसमें 147 कार्टून में रखा 1756 पीस टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया। जिसके बाद उत्पाद पुलिस ने ट्रक को जब्त करते हुए चालक को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार चालक से पूछताछ में पता चला है कि यह शराब गोपालगंज के बबलू यादव का है।जिसे कसया से मोतिहारी के पिपराकोठी पहुंचाना था। गिरफ्तार ट्रक चालक फुलवरिया थाना के भगवानपुर गांव के निवासी मनोज कुमार पासवान बताया जा रहा है। वही शराब की खेप मंगाने वाले बबलू यादव की पहचान हो गई है। पुलिस दोनों पर उत्पाद अधिनियम तहत प्राथमिकता दर्ज कर ली गई है।वही शराब सप्लायरों को पकड़ने के लिए पुलिस अभियान में जुट गई है।

## छपरा में अपराधियों के हौसले बुलंद, एटीएम से लाखों की चोरी

**दैनिक सामाज जागरण**

सारण (अर्जुन सिंह)। छपरा में अपराधियों के बुलंद हौसले ने एक बार फिर पुलिस प्रशासन को मात देते हुए चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया। सेन्ट्रल बैंक आफ इंडिया के एटीएम से चोरों ने 8 लाख 75 हजार की चोरी की घटना को अंजाम दिया है। इस घटना की जानकारी सुबह लोगों को लगी है तब प्रशासन हरकत में आया है। बैंक अधिकारी यहां पहुंचे हैं और उन्होंने इसकी जानकारी स्थानीय पुलिस को दी है। स्थानीय लोगों में इस बात का भी काफी आक्रोश है कि ओवर ब्रिज के ऊपर जलने वाली लाइटें पिछले कई वर्ष से नहीं जल रही है और इस




अंधेरे का लाभ उठाकर चोरों ने आसानी से इस घटना को अंजाम दिया है। इतनी व्यस्त आबादी के बीच से चोरों ने हौसला दिखाते हुए एटीएम को गैस कटर से काटकर इतनी बड़ी राशि को गायब कर दिया और आराम से फरार हो गए हैं। स्थानीय लोगों को भी इसकी भनक सुबह के लगभग 10:00 बजे हुई। जब इस एटीएम की सफाई करने के लिए यहां पर सफाई कर्मचारी पहुंचा तो देखा कि कैमरा लाइट और सभी चीजों को चोरों ने पूरी तरह से ध्वस्त करने के बाद आराम से इस घटना को अंजाम दिया। बैंक के हेड कैशियर गणेश सिंह ने बताया कि इस एटीएम पर गार्ड भी तैनात नही था।

## कार पर कूदी नीलगाय, उप मुखिया घायल

दैनिक समाज जागरण छपरा (सारण)। मशरक सिवान शीतलपुर राम जानकी पथ पर मशरक थाना क्षेत्र के देवरिया गांव में मंगलवार को पटना से बहरौली जा रहे उप मुखिया के कार पर नीलगाय कूद पड़ी जिसमें कार सवार बहरौली मुखिया अमित सिंह घायल हो गए वही कार बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। मामले में उप मुखिया अमीत सिंह ने बताया कि वे पटना में कार में सवार होकर अपने गांव बहरौली आ रहें थे कि देवरिया गांव में सड़क पार कर रहीं नीलगाय कार के उपर ही कूद पड़ी जिसमें वे घायल हो गए वही कार क्षतिग्रस्त हो गई।

## पैन से आधार कार्ड लिंक जरूरी नहीं तो हो जाएंगे निष्क्रिय.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़/आधार से पैन कार्ड लिंक होना बहुत जरूरी है। इसकी जानकारी आयकर विभाग ने पहले ही दी है। इसकी जानकारी देते हुए पाकुड़ के वरिष्ठ इनकम टैक्स एडवोकेट प्रमोद कुमार सिन्हा बताते हैं कि आयकर विभाग ने शनिवार को परामर्श जारी करते हुए कहा है कि अगले साल मार्च तक आधार क्रमांक यदि पैन काट कार्ड से नहीं जोड़ा जाता है तो स्थाई खाता संख्या को निष्क्रिय घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आयकर विभाग की परामर्श में फैसला लिया गया है कि आयकर अधिनियम 1961 के अनुसार छूट वाली श्रेणी में आने वाले लोगों को छोड़कर सभी को पैन धारकों के लिए 31 मार्च 2023 के पहले अपने पैन को आधार से जोड़ लेना अनिवार्य होगा। यदि पैन कार्ड को आधार से लिंक नहीं किया जाता है तो ऐसे में एक अप्रैल 2023 से पैन संख्या को निष्क्रिय कर दिया जाएगा, उन्होंने कहा कि आयकर विभाग ने सभी करदाताओं से अनुरोध किया है वह अपना पैन आधार से लिंक करा लें, एक बार यदि पैन निष्क्रिय हो जाता है तो कोई व्यक्ति आयकर अधिनियम के तहत इससे होने वाले हानि या नतीजों का स्वयं जिम्मेदार होता है। उन्हें कई तरह के जोखिम या परिणाम का सामना करना पड़ सकता है। निष्क्रिय पैन का इस्तेमाल करके आयकर रिटर्न दाखिल नहीं किया जा सकता, आईकर रिटर्न दाखिल करने के लिए उन्हें सक्रिय पैन संख्या की आवश्यकता होगी।



## जिले के दुगार्पुर डैम सैलानियों के लिए रहा है आकर्षण का केंद्र, वन भोज करने पहुंचते हैं लोग

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत**

पाकुड़ जिला मुख्यालय से लगभग 41 किलोमीटर दूर दुगार्पुर डैम सैलानियों के लिए रोमांचित स्थल है |यहां पांव पढ़ते ही लोग रोमांचित हो उठते हैं। चारों ओर गगनचुंबी पहाड़ियों और मनोरम दृश्यों से भरपूर दुगार्पुर डैम आकर्षक अस्थल रहा है, दूरदराज से लोग यहां घूमने एवं पिकनिक मनाने आते हैं, नए वर्ष के मौके में हजारों सैलानियों का यहां आना जाना लगा रहता है। दुगार्पुर प्रखंड मुख्यालय से 21 किलोमीटर दूर तलवा दुगार्पुर रोड पर स्थित यह डैम 2000 मीटर तक साफ पानी की झील का नजारा आप देख सकते हैं |कहते हैं कि हजारों किलोमीटर दूर से यहां साइबेरियन क्रेन लालसर रंग-बिरंगे बबूल बगुला नीलकंठ टिटहरी पिपरा बुलबुल उड़न तरी हंसों का झुंड इन झीलों में आकर्षण का केंद्र रहा है, बड़ी पुरानी मछलियां इस झील में पाए जाते हैं, सालों से आकर्षक रहा यह स्थल अब तक पर्यटक स्थल के रूप में विकसित



नहीं हुआ है और ना ही पर्यटक स्थल का दर्जा प्राप्त है |बावजूद हर वर्ष यहां पिकनिक मनाने बंगाल झारखंड के कई जिलों से लोग आते हैं |और छिछला झील का आनंद उठाते हैं। यदि आप इस झील का आनंद उठाना चाहते हैं तो आपको पकड़िया जाने की जरूरत नहीं है उस रास्ते पर तलवा होकर आगे बढ़ना है, वहां से लगभग 11 किलोमीटर की दूरी पर दुगार्पुर डैम देखने को मिल जाएगी। किंतु इस डेम में सावधानी बरतनी अति आवश्यकता है। डैम के कई और काफी गहरे पानी है और इस पर उतरना खतरनाक साबित हो सकता है। अतः आप इस पर आनंद ले किंतु नहाने की कोशिश ना करें और अकेले झील पर ना उतरे |कुल मिलाकर देखा जाए तो दुगार्पुर डैम देखने और दिखाने लायक है। नव वर्ष के मौके पर यहां काफी गुलजार रहता है।

## दिन के उजाले में बाइक की हुई चोरी, थाने में की गई शिकायत

फतेहपुर मे बढ़ने लगा चोरो का उपद्रव।

दैनिक समाज जागरण संवाद दाता फतेहपुर विपुल गोस्वामी // बताते चलें कि फतेहपुर थाना क्षेत्र के फतेहपुर ग्राम के हाई स्कूल के निकट ऊपरपाड़ा टोला में मृत्युंजय मंडल के घर के सामने से मंगलवार को दिन 2:30 बजे के आसपास एक हीरो हौंडा पैशन प्रो गाड़ी की चोरी हो गई! बता दें कि बाइक की संख्या जेएच 15 डी 9169 है! वही पीड़ित मृत्युंजय मंडल ने बाइक चोरी होने की सूचना फतेहपुर थाना में आवेदन देकर शिकायत की

## रेल लाइन के पास वृद्ध व्यक्ति का शव मिलने से इलाके में फैली सनसनी.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ नगरनबी रेल फाटक के पास रेल लाइन से सटे एक अज्ञात वृद्ध व्यक्ति का शव पड़ा मिला है, वृद्ध व्यक्ति के सिर में काफी चोटें लगी हुई है,और खून से लथपथ हैं शव की पहचान नहीं हो पा रही है,आस पास के ग्रामीणों से भी पूछा गया, लेकिन मृतक व्यक्ति की पहचान नही हो सकी हैं। घटना स्थल पर रेल आरपीएफ टीम ने पहुंच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज



दिया है। जब मृतक व्यक्ति की तलाशी ली गई उसके पास से ऐसा कोई पहचान पत्र या रेल टिकट नहीं मिल सका जिससे की मृतक व्यक्ति की शिनाख्त हो सके। फिलहाल रेल आरपीएफ पुलिस जांच में जुट गई है कि क्या यह रेलवे से संबंधित दुर्घटना है या फिर कोई बाहरी दुर्घटना को अंजाम दिया गया है।

## पाकुड़ शहर के प्रमुख चौक चौराहों पर नगर परिषद द्वारा अलाव की व्यवस्था की गई.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ में ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से मंगलवार शाम से जिला मुख्यालय के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था की गई है।शहर विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव जलाकर व्यवस्था होने से लोगों को ठंड से राहत मिलने क उम्मीद है मालूम हो कि जिले का तापमान लगातार गिर रहा है। तापमान गिरने से ठंड बढ़ गई है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर अलाव की व्यवस्था नहीं होने से रात में यात्रा करने वाले लोगों के अलावा रिक्शा और ऑटो चालकों को राहत



मिलेगी। नगर परिषद कार्यपालक कॉशलेश यादव और नगर परिषद के कर्मचारी ने बढ़ती ठंड को देखते हुए नगर परिषद की ओर से सार्वजनिक स्थलों पर अलाव की व्यवस्थ शुरू कर दी गई है। उसकी शुरूआत नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी कॉशलेश यादव कुमार ने संयुक्त रूप से की। उसके साथ ही अलाव की व्यवस्था शहर के अत्यधिक व्यस्त गांधी चौक, रेलवे फाटक, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, कालकापुर, ताजिया चौक, हॉट पाड़ा, भगत पाड़ा मैं व्यवस्था की गई है।

## वाहन जांच अभियान में 14 वाहनों को लगाया गया अर्थदंड.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ मुफ्फसिल थाना के निकट चेकपोस्ट पर मंगलवार को पाकुड़ डीटीओ के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी सुनील कुमार गर्ग के आदेश पर वाहन जांच अभियान चलाया गया। सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला परिवहन कार्यालय के कर्मचारी द्वारा 53 वाहनों को जांच किया गया वाहन जांच चलाते हुए 14 वाहनों को जब्त कर 53000अर्थदंड वसूला गया। टैक्स डिफॉल्टर्स, ओवरलोडेड, पॉल्यूशन, परमिट और दो पहिया वाहनों के हेलमेट, तीन सवारी एवं अन्य वाहन संबंधी कागजातों की जांच की. इस दौरान जो भी वाहन मालिक नियमों को ताक पर रखकर वाहन चला रहे थे, उनसे तुरंत ही जुमार्ना वसूला गया



और चेतावनी दी गई कि आगे से यातायात नियमों का उल्लंघन ना करें.

इस अभियान से बाइक चालकों में हड़कंप देखी गई। कुछ बाइक चालकों को सड़क सुरक्षा का अनुपालन करने की हिदायत देते हुए छोड़ा गया। इस मौके पर स्थानीय मुफस्सिल थाना पुलिस के सशस्त्र बल के जवान उपस्थित थे।

## बढ़ती ठंड को देखते हुए अंचल अधिकारी महेशपुर ने कराई अलाव की व्यवस्था

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड में कड़ाके की ठंड को देखते हुए महेशपुर अंचल



अधिकारी रितेश जायसवाल ने करवाई है अलाव की व्यवस्था, अंचाल अधिकारी ने अपने कर्मियों के साथ मिलकर सोमवार देर शाम को महेशपुर के चाक चौराहे पर ठंड से बचने के लकड़ियों की व्यवस्था कराई गई है। अंचल अधिकारी ने बताया कि इस बढ़ते ठंड को देखते हुए डाकबंगला चौक, अंबेडकर चौक सहित महेशपुर प्रखंड के सभी जगहों पर अलाव की व्यवस्था की गई। जिस से गरीब लोग ठंड से बच सके।

## पाकुड़ में कोविड महामारी के संभावित खतरे के विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट पंकज भगत**

पाकुड़ में होटल मुस्कान मैं कार्यक्रम के प्रारंभ में जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी के द्वारा कार्यशाला में उपस्थित सभी अतिथियों को फल का पौधा देकर सम्मानित किया गया कार्यक्रम के प्रारंभिक चरण में एक्शन एंड एसोसिएशन के रीजनल मैनेजर, झारखण्ड एवं बिहार के द्वारा कोविड महामारी में संभावित खतरे, संस्था द्वारा समुदाय स्तर पर किए जा रहे हैं। जागरूकता एवं टीकाकरण, सर्वे कार्य एवं अन्य क्रियाकलापों के बारे में विस्तार से बताया गया। संस्था के अन्य अधिकारी अनिरुद्ध सरकार एवं पंकज कुमार द्वारा कोविड महामारी को लेकर सिचुएशन एनालिसिस, सर्व कार्य एवं ग्रामीण स्तर पर वालिंटियर्स द्वारा किए गए कार्यों के बारे में विस्तार से बताया गया। कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद्, पाकुड़ की सदस्य मंजूला हांसदा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी एवं अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी द्वारा विस्तृत रूप से कोविड महामारी के लक्षण, बचाव एवं समुदाय स्तर पर हितधारकों की भूमिका के संबंध में विशेष रूप से प्रकाश डाला गया जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन ने कहा कि जिस प्रकार हम सबने पहली, दूसरी लहर और तीसरी लहर में विजय प्राप्त की है। मुझे आशा है कि इस बार भी हमसब विजयी होंगे। इसके लिए विशेष कर स्वास्थ्य कर्मियों को



और कड़ी मेहनत करनी पड़ेगी। उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मास्क, सैनिटाइजर एवं सामाजिक दूरी का पालन करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान एसीएमओ पाकुड़ डॉ अरविंद द्वारा बताया गया कि जिलास्तर पर कोविड के संभावित खतरे से लेकर पूरी तरह से तैयारी कर ली गई है। कोविड संबंधी किसी प्रकार की परेशानी आने पर स्वास्थ्य विभाग से संपर्क करने, लोगों को बचाव के उपाय आदि के संबंध में विस्तृत रूप से जानकारी दी गई। वहीं जिला समाज कल्याण पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि प्रत्येक परियोजना स्तर पर सेविका, महिला पर्यवेक्षिका के द्वारा कोविड महामारी के संभावित खतरे से लेकर समुदाय के बीच जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई, तेजस्विनी परियोजना के कर्मी, सभी परियोजना के महिला पर्यवेक्षिका, चाइल्डलाइन सर्विस के प्रतिनिधि, अन्य स्वयं सेवी संस्था के सदस्य, पंचायत प्रतिनिधि एवं मीडिया कर्मी भी शामिल थे।कार्यक्रम संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, पाकुड़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम के आयोजन में जिला समन्वयक एक्शन ऐड के अनिरुद्ध सरकार, सौरभ कुमार, रिजनल मैनेजर एवं पंकज कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## सरकारी अस्पतालों में मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया.

**दैनिक समाज जागरण संवाददाता अभिषेक तिवारी**

पाकुड़ जिले के सभी सरकारी अस्पतालों में एक साथ कोविड संक्रमित मरीज के भर्ती/ उपचार को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। कोविड के नए वेरिएंट इऋ7 को लेकर किसी भी स्तर पर चूक न रहे सबकी यहीं कोशिश है। मॉकड्रिल के माध्यम से कोरोना संक्रमित मरीजों को किस प्रकार से इलाज करना है इसकी प्रैक्टिस भी की गई। कोविड के बेहतर इलाज एवं प्रबंधन को लेकर मंगलवार को रिंची डेडीकेटेड कोविड सेंटर लिट्टीपाड़ा, सदर अस्पताल सहित सभी सीएचसी में एक साथ मॉक ड्रील का आयोजन हुआ। कोरोना संक्रमित मरीज का सूचना प्राप्त होते ही एंबुलेंस से उसके घर से लाने से लेकर डेडीकेटेड कोविड सेंटर में एसओपी के आलोक में बेहतर इलाज की सभी व्यवस्थाओं का सभी सीएचसी में भी कोविड प्रबंधन को लेकर इसी तरह से मॉक ड्रील हुआ। संक्रमित मरीज का ऑक्सीजन



लेबल का आकलन कर उसे किस मात्रा में कितनी देर तक ऑक्सीजन स्पोर्ट देना है तथा प्रतिनियुक्त डाक्टर एवं नर्सिंग स्टाफ को अपनी-अपनी सुरक्षा मानकों का पालन को लेकर पूर्वाभ्यास किया गया। ताकि जब ऐसी आपात स्थिति होगी तब कोविड संक्रमित व्यक्तियों का ससमय बेहतर इलाज कैसे हो सकेगा। सदर अस्पताल में एक गंभीर कोविड रोगी को लाना एवं उसे आईसीयू में वेंटिलेटर स्पोर्ट देना उन तमाम प्रक्रियाओं का पूर्वाभ्यास किया गया। भी पूर्वाभ्यास किया गया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ मंटू कुमार टेकरीवाल, कार्यपालक दंडाधिकारी आशुतोष, जिला योजना पदाधिकारी अनूप कुजूर, उपाधीक्षक, सदर अस्पताल एस.के.झा, डॉ अमित कुमार समेत अन्य चिकित्सा कर्मी उपस्थित थे।

## कोरोना जांच के लिए मंगलवार को स्वास्थ्यकर्मियों को मार्कड्रिल कराया गया.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया में कोरोना की फिर से शुरू हुई लहर को देखते हुए



सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में कोरोना जांच के लिए मंगलवार को स्वास्थ्यकर्मियों को मार्कड्रिल कराया गया, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अभय कुमार यादव के नेतृत्व में मार्कड्रील संपन्न हुआ, मार्कड्रिल में पीटीएस जोन का रजिस्ट्रेशन, लैब का जांच,आइसोलेशन वार्ड, एसपीओ 2 जांच, ईलाज शुरू करने की जानकारी दी गई, मार्कड्रिल में स्वास्थ्यकर्मी अलख निरंजन,अटल बिहारी रविंद्र,योगेश सिंह,प्रभात दास,दीपक गुप्ता,शिव शंकर सहित अन्य सभी स्वास्थ्य कर्मियों ने भाग लिया।

## प्रखंड विकास पदाधिकारी की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट मृत्युंजय कुमार**

पाकुड़/पाकुड़िया प्रखंड सभागार पाकुड़िया में मंगलवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी मनोज कुमार की अध्यक्षता में विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र में चल रहे विकास योजनाओं की पंचायतवार समीक्षा की गई। मौके पर बीडीओ ने प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में अपूर्ण प्रधानमंत्री आवास की समीक्षा कर तत्काल रिपोर्ट कार्यालय को उपलब्ध करवाने का निर्देश दिया। वहीं उपस्थित सभी सचिवों से मनरेगा,15 वें वित्त आयोग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन जमा लिया गया। प्रखंड के अपूर्ण आंगनबाड़ी



भवनों को दो सप्ताह के अंदर पूर्ण करने , मनरेगा कार्यों में महिला भागीदारी बढ़ाने ,अभिषरण के तहत शॉक पिट , नाडेफ , रेन वाटर हार्वेस्टिंग आदि अन्य योजनाओं का चयन कर क्रियान्वित करने दीदी बाड़ी योजनाओं में एमआर जेनरेट करने , सभी योजनाओं के तीनों चरणों का जीओ टेग करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायतों के मुखिया, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक सहित एवं सभी अभियंता उपस्थित थे।

## प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में हुआ साप्ताहिक बैठक.

**दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट धीरेन साहा**

पाकुड़/महेशपुर प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार भवन में मंगलवार को बीडीओ



उमेश मंडल की अध्यक्षता में साप्ताहिक समीक्षा बैठक की गई। इस अवसर पर बीपीआरओ प्रसेनजित मंडल, बीपीओ रिजवान फारूकी, प्रखंड आवास समन्यवक हरि प्रसाद साह, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक उपस्थित थे। समीक्षा बैठक में पीएम आवास अंतर्गत सभी अधूरे आवास की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली गयी।

## कोविड-19 से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से है तैयार

### मॉक ड्रिल कराकर तैयारियों का लिया जायजा

(आर एन चौरसिया, वरिष्ठ पत्रकार) धनबाद, कॉविड 19 की बढ़ती आशंका के मद्देनजर जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त , संदीप सिंह के निर्देश पर सिविल सर्जन डॉ0आलोक विश्वकर्मा ने आज शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल एसएनएमएमसीएच, रेलवे अस्पताल तथा गोविंदपुर स्थित हिलमैक अस्पताल में मॉक ड्रिल कराकर तैयारियों का जायजा लिया। इस संबंध में उपायुक्त ने बताया कि कोरोना के बढ़ते संक्रमण को लेकर धनबाद जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। मॉक ड्रिल के माध्यम से कोविड-19 प्रबंधन पर प्रशिक्षित स्वास्थ्य पेशेवरों की उपलब्धता, एंबुलेंस की उपलब्धता और परीक्षण क्षमता, रसद उपलब्धता, आवश्यक दवाओं, वेंटिलेटर और मेडिकल ऑक्सीजन की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा है।

सिविल सर्जन ने बताया कि कोरोना के तीसरी लहर को तेजी से बढ़ता देखकर उपायुक्त के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग ने तैयारी तेज कर दी है। कोरोना के इलाज को लेकर किए गए इंतजाम का आज मॉक ड्रिल किया। जिले के करीब करीब सभी



अस्पतालों में मॉक ड्रिल कर कोरोना से बचाव का अभ्यास किया गया।

उन्होंने कहा कोविड-19 की चुनौतियों से लड़ने के लिए स्वास्थ्य विभाग पूरी तरह से तैयार है। जिले में 425 साधारण, 465 ऑक्सीजन सपोर्टेड, 137 आईसीयू तथा 47 वेंटिलेटर मरीजों के उपचार के लिए तैयार हैं।

उन्होंने कहा आज अस्पतालों में मॉक ड्रिल किया गया। साथ ही सारे एक्यूमेंट की जांच की गई। एक डमी कोविड मरीज के साथ कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए शुरू से लेकर उसको अस्पताल में बेड उपलब्ध कराने और ट्रीटमेंट देने तक की सभी प्रक्रिया को पूरा किया गया।

मॉक ड्रिल के अवसर पर हर बेड और मेडिकल इक्विपमेंट की जांच की गई। साथ ही पीएसए ऑक्सीजन प्लांट की भी जांच की गई। सभी व्यवस्थाएं सुचारु रुप से संचालित होने में सक्षम है।

मॉक ड्रिल के अवसर पर सभी चिकित्सक, पारामेडिकल कर्मी, आयुष चिकित्सक, फ्रंटलाइन वर्कर्स, सहिया, आंगनबाड़ी सेविका व अन्य लोग मौजूद थे।

## जनता दरबार में धनबाद उपायुक्त ने सुनी लोगों की समस्याये ।

### समाधान करने के लिए पदाधिकारी को दिया निर्देश

(आर एन चौरसिया, ब्यूरों चीफ) धनबाद, जिला दंडाधिकारी सह उपायुक्त , संदीप सिंह के कार्यालय कक्ष में मंगलवार को आयोजित जनता दरबार में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। समस्याओं को सुनने के बाद उपायुक्त ने संबंधित पदाधिकारियों को उसका निष्पादन करने के लिए निर्देशित किया।

जनता दरबार में बलियापुर से आए एक परिवार ने बताया कि उन्होंने जमीन खरीदी है। जमीन की दाखिल खारिज हो गई और 2023 तक की लगान रसीद जमा की है। परंतु उनकी जमीन पर कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है और जबरन वहां डोजरिंग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि अपनी जमीन पर जाने से उनको रोका जाता है और विभिन्न प्रकार की धमकियां दी जाती है। साथ ही बताया कि जमीन की मापी करने के लिए उन्होंने ऑनलाइन रकम का भी भुगतान किया। परंतु दबंगों ने उसको भी रद्द करवा दिया।

एक महिला ने बताया कि बीसीसीएल में उनके पति के स्थान पर किसी अन्य ने नौकरी ले ली है। इसके लिए



उन्होंने बीसीसीएल के सीएमडी सहित अन्य पदाधिकारियों को आवेदन दिया है। परंतु अब तक उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई है।

पुराना बाजार के दुकानदारों ने बताया कि उन्होंने जिला परिषद से दुकानें ली है ,परंतु रेलवे ने 10 दिन में दुकान खाली करने का नोटिस दिया है।

इसके अलावा जीटी रोड से अंबोना स्टेशन तक जर्जर सड़क की मरम्मत कराने, जीपीएफ का भुगतान कराने, खतियान में सुधार कराने, शिक्षा के लिए योजना का लाभ प्रदान करने, अवैध नियुक्ति रोकने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## चासनाला के 375 शहीदों की याद में छलकीं आंखें

(आर एन चौरसिया)

झरिया, सेल की चासनाला डीप माइन खदान में वर्ष 1975 की 27 दिसंबर शनिवार को हुई खान दुर्घटना में 375 खनिकों की जल समाधि हो गई थी। मंगलवार को इन शहीद खनिकों को याद कर शहीद स्मारक पर श्रद्धा सुमन अर्पित किये गये। दिन भर श्रद्धासुमन अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। लोगों की आंखें इन शहीदों की याद में छलकतीं रहीं जिन्होंने देश के लिये कोयला उत्पादन को अपनी जान दे दी, 47 वें बरसी पर चासनाला कोयला खदान के प्रवेश द्वार के पास मृतकों की याद में स्थापित स्मारक पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, श्रीमती रागनी सिंह,सिंदरी विधायक, इंद्रजीत महतो की धर्मपत्नी श्रीमती तारा देवी, सेल महाप्रबंधक मोहम्मद अदनान, सेल अधिकारियों, यूनियन नेताओं, श्रमिकों, आमजनों व शहीदों के परिजनों ने श्रद्धा सुमन अर्पित किये। मंगलवार को दोपहर 1.35 पर आपातकालीन सायरन बजा। हर ओर सन्नाटा छा गया। निजी सुरक्षा जवानों ने शस्त्र के साथ सलामी दी। दो मिनट का मौन रख शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई।

## गरीब मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा लड़ने वाले आज भी लाखों लोगों के दिलों में अपनी एक अलग छवि है, रागिनी सिंह

झरिया के कतरास मोड़ में स्व. सूर्यदेव सिंह 83 वीं जयंती मनाया।

(आर एन चौरसिया) धनबाद, झरिया, कोयला मजदूर मसीहा की बात करे तो हर एक के मुंह में एक ही नाम आता है सूर्यदेव सिंह का। गरीब मजदूरों के हितों की रक्षा के लिए हमेशा लड़ने वाले आज भी लाखों लोगों के दिलों में अपनी एक अलग छवि है। एक किसान परिवार में जन्में सूर्यदेव सिंह मजदूरों के दिलों पर राज करने लगे। पिछले 83 वर्षों से उनकी जयंती मजदूरों के लिए किसी न किसी विशेष दिवस के रूप से कम नही, 27 दिसंबर मंगलवार को सूर्यदेव सिंह की 83वीं जयंती झरिया के कतरास मोड़ स्थित सुर्यदेव सिंह चौक पर सैकड़ों लोगों की उपस्थिति के बीच मनाई गई। सुबह से ही कतरास मोड़ चौक पर स्वर्गीय सुर्यदेव सिंह के समर्थक कतरास मोड़ चौक पर जमा थे। सिंह मेंसन परिवार की बहू सह भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, रागनी सिंह ने सुर्यदेव सिंह के आदमकद प्रतिमा पर फूल माला और पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। ज्ञात हो की उत्तर प्रदेश के बलिया गोनिया छपरा का एक सामान्य दिखने वाला युवक कोयलांचल की धरती पर मजदूरों का एकमात्र मसीहा कहलाएगा, यह किसी ने कल्पना तक नहीं किया था। लेकिन कड़ी मेहनत, संघर्ष, लग्न और सूझबूझ के बदौलत स्वर्गीय सुर्यदेव सिंह आज तक मजदूरों के दिलों में राज करते आ रहे है। शैक्षणिक योग्यता अधिक नहीं होने के बावजूद कोलियरी में वर्षों तक काम कर किसी तरह कोयलांचल की धरती मे अपने पांव जमाया। जिसके बाद मजदूर नेता बीपी सिन्हा के यहां रहे। वर्ष 1964 से 1974 तक विभिन्न मजदूर संगठनों में रहे। जयप्रकाश आंदोलन में सूर्यदेव ने भागीदारी निभाई। वर्ष 1977 में उस वक्त के बड़े श्रमिक नेता एसके राय को जनता पार्टी के टिकट पर झरिया विधानसभा से चुनाव हराकर विधायक बने।

## उत्पाद विभाग ने बाग डेहरी में की छापेमारी दर्जनों लीटर शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

(जामतारा) कुंडहित सोमवार को उत्पाद विभाग द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर कुंडहित प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत बागदेहरी में छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान कुल 20 लीटर विदेशी 7 लीटर देसी तथा 4 लीटर बियर बरामद करते हुए बागदेहरी के रहने वाले 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है इस बाबत जानकारी देते हुए उत्पाद विभाग के अवर निरीक्षक किशोर कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि बागदेहरी में कुछ लोग बंगाल से देशी और विदेशी शराब मंगाकर अवैध रूप से



खरीद बिक्री कर रहे हैं सूचना सत्यापित किए जाने के बाद सोमवार को स्थानीय बगदरी पुलिस के सहयोग से छापेमारी की गई छापेमारी के दौरान बद्री के रहने वाले बामाचारण मंडल प्रकाश मंडल तथा दीनानाथ मंडल को गिरफ्तार किया गया है वहीं इन तीनों लोगों के घरों से 20 लीटर विदेशी 7 लीटर देसी तथा 4 लीटर बीयर बरामद किया गया है गिरफ्तार किए गए तीनों लोगों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया है

## जामताड़ा जिला के अंतर्गत कुंड़हीत प्रखंड के खाजुरी में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने किया जल मिनार। का शिलान्यास किया

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

जामताड़ा जिला के अंतर्गत कुंड़हित प्रखंड के खाजुरी में झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने किया जल मिनार। का शिलान्यास किया

झारखंड विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने कुंड़हित प्रखंड के अंतर्गत खाजुरी में जल मिनार निर्माण कार्य का शिलान्यास विधिवत रूप से नारियल फोड़कर,फीता काटकर तथा सिलापट का अनावरण कर किया।इस अवसर पर कार्यक्रम स्थल पर उनके आगमन होते ही स्थानीय लोगों तथा कार्यकर्ताओं के द्वारा फूल माला बुके देकर उनका हार्दिक अभिनंदन किया गया साथ ही जिन्दाबाद आदि के नारे भी लगाए। मालूम हो कि इस अवसर पर कार्यक्रम स्थानीय लोगों ने भी संबोधित किया। झारखंड विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि हमेंत सरकार के कार्यकाल में अभूतपूर्व विकास कार्य हुआ है। उन्होंने कहा कि 3 साल के अंदर हेमंत सरकार क्षेत्र का विकास काफी हद तक किया है। उन्होंने भाजपा द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन



लोटस के बारे में भी आलोचना की। उन्होंने यह भी कहा कि पिछले 20 साल से भाजपा ने शासन किया परंतु क्षेत्र का विकास नहीं के बराबर किया जो भी योजनाएं क्रियान्वित हुई कागजों की फाइलों पर ही बनी। वैसे वैसे योजनाओं को किया गया जो उपयोगिताहीन रही` आदि कार्यकर्ता मौजूद थे।

## विभागीय निदेर्शानुसार आज मंगलवार को बेअरफूट टेक्निशियंस का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

विभागीय निदेर्शानुसार आज मंगलवार को बेअरफूट टेक्निशियंस का चार



दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम (27.12.2022 से 30.12. 2022) का शुभारंभ कार्यपालक दंडाधिकारी प्रधान मांझी के द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

बेअरफूट टेक्निशियंस को मनरेगा योजना से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। मनरेगा योजना में किस तरह से फील्ड में काम करना है और लोगों को काम उपलब्ध कराया जाना है साथ ही इत्यादि के बारे में विस्तृत से जानकारी दी गई।

कार्यशाला में परियोजना पदाधिकारी मनरेगा श्रीमती पूनम कुमारी, संतोष कुमार सिन्हा सहायक, निखिल चंद्र शाह सहायक अभियंता, निशांत मरांडी कनीय अभियंता, विपुल सिन्हा सहायक एवं सभी प्रखंडों के बेअरफूट टेक्नीशियन उपस्थित थे।

## अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा संजय पांडेय एवं सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र की मौजूदगी में सदर अस्पताल जामताड़ा में कोविड 19 को लेकर ऑपरेशनल रेडिनेस हेतु किया गया मॉक ड्रिल

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा संजय पांडेय एवं सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र की मौजूदगी में सदर अस्पताल जामताड़ा में कोविड 19 को लेकर ऑपरेशनल रेडिनेस हेतु किया गया मॉक ड्रिल

कोरोना से बचाव की तैयारियों की समीक्षा हेतु किया गया मॉक ड्रिल रहा सफल

जिला अंतर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में किया गया मॉक ड्रिल

आज मंगलवार को सदर अस्पताल जामताड़ा में अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय एवं सिविल सर्जन डॉ एस के मिश्र की मौजूदगी में कोरोना से बचाव की तैयारियों की समीक्षा की गई। वहीं स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता, आइसोलेशन बेड कैपेसिटी, ऑक्सीजन फैसिलिटी वाले बेड, आईसीयू बेड और वेंटिलेटर बेड, मैन पावर आदि जरूरी चीजों की उपलब्धता का अवलोकन मॉक ड्रिल के जरिए किया गया।

इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम, डॉक्टर एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी के द्वारा कोविड- 19 अन्तर्गत दिए



गए दिशानिदेर्शों के अनुसार अस्पताल में क्षमता के अनरूप बेड की उपलब्धता, ऑक्सीजन सपोर्टेड बेड सहित, लॉजिस्टिक रिक्वायरमेंट में ह्यूमन रिसोर्स, इक्विपमेंट, चिकित्सा उपकरणों का जैसे ऑक्सीजन सिलेंडर, फ्लॉमीटर, ऑक्सीजन कंसंट्रेटर, वेंटिलेटर, एलएमओ, पीएसए प्लांट, ऑक्सीजन पाइप लाइन इत्यादि की व्यवस्थित तरीके से काम कर रहे हैं, इसकी जांच की गई।

वहीं जिला अन्तर्गत सभी स्वास्थ्य केंद्रों में कोविड-19 के प्रबंधन के लिए ऑपरेशनल रेडिनेस हेतु मॉक ड्रील आयोजित किया गया।

इस मौके पर अनुमंडल पदाधिकारी श्री संजय पांडेय ने कहा कि कोविड 19 के बढ़ते खतरे के मद्देनजर एहतियात के तौर पर जिले में आज स्वास्थ्य सुविधाओं का मॉक ड्रिल कर जांच किया गया है। उन्होंने जिले वासियों से अपील किया कि कोविड के संभावित पुनः प्रसार को देखते हुए भीड़ भाड़ वाले स्थानों में जाने से बचें। कोविड से घबराने की आवश्यकता नहीं है लेकिन जागरूकता एवं बचाव बेहद जरूरी है।

इस मौके पर उपरोक्त के अलावा स्वास्थ्य विभाग की पूरी टीम मौजूद थी।

## कुंडहित में प्राथमिक विद्यालय बारहमसिया के बच्चों ने बुजुर्गों के संग किया संवाद एवं मस्ती

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा फैज अक अहमद मुमताज के निर्देश पर एल्डर्स क्लब कुंडहित में प्राथमिक विद्यालय बारहमसिया के बच्चों ने बुजुर्गों के संग किया संवाद एवं मस्ती

उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी जामताड़ा फैज अक अहमद मुमताज के पहल एवं निर्देश पर विगत माह से सभी एल्डर्स क्लब में महीना का एक दिन बच्चे बुजुर्गों के सान्निध्य में क्लब में जाकर बीता रहे हैं।

इसी कड़ी में आज मंगलवार को कुंडहित एल्डर्स क्लब में प्राथमिक विद्यालय बारहमसिया के बच्चे बच्चियों का भ्रमण कराया गया जहां बच्चों ने बुजुर्गों के सान्निध्य में खूब मस्ती की एवं ज्ञानवर्धक बातें भी सीखा।




इस दौरान बुजुर्गों के संग बच्चों ने कई गेम जैसे टेनिस, कैरमबोर्ड, लूडो, शतरंज, वॉलीबॉल आदि खेला। इस दौरान पढ़ाई के बारे में खूब सारे बातें की। बुजुर्गों ने बच्चो से कई सारे प्रश्न पूछे एवं नई नई जानकारियों के साथ रोचक प्रेरक प्रसंग एवं कविताएं भी सुनाई।

इस मौके पर बुजुर्गों ने बच्चों को अपने जीवन में अच्छी आदतों को अपनाने, साफ सफाई रखने, मन लगाकर पढ़ने, बड़े बुजुर्गों का सम्मान करने एवं उनकी आज्ञा मानने, आपस में मिलजुलकर रहने सहित कई चीजों की जानकारी दी।

इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी श्रीमान मरांडी सहित बुजुर्ग व्यक्ति एवं बच्चे मौजूद थे

## पदाधिकारी, जामताड़ा ने संबंधित बीडीओ, सीओ एवं थाना प्रभारी से पत्राचार कर दिया निर्देश

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

बराकर नदी स्थित बीरगाँव-श्यामपुर नदी घाट में बिना लाईव जैकेट एवं अन्य सुरक्षा बचाव संसाधनों के नाव परिचालन पर रोक लगाने हेतु अनुमंडल बिना लाइफ जैकेट के नाव परिचालन मिलने की सूचना पर अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा दिया गया निर्देश

अनुमंडल पदाधिकारी जामताड़ा संजय पांडेय ने बताया कि विभिन्न माध्यमों से यह सूचना प्राप्त हो रहा है कि बराकर नदी स्थित बीरगॉव श्यामपुर नदी घाट में बिना लाईव जैकेट के नाव परिचालन किया जा रहा है, जिससे की कभी भी दुर्घटना होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता। विदित हो कि दिनांक 24.02.2022 को बीरगाँव श्यामपुर घाट में नाव दुर्घटना होने से कई व्यक्तियों का आकस्मिक निधन हो गया था, जिससे ग्रामीणों के बीच काफी आक्रोश था तथा विधि-व्यवस्था के संबंध में अत्यन्त गंभीर समस्या उत्पन्न हो गयी थी। जिसे बाद में प्रशासनिक हस्तक्षेप के पश्चात शांत कराया गया। ऐसी परिस्थिति में बिना लाईव जैकेट एवं अन्य सुरक्षा बचाव संसाधनों के बिना नाव का परिचालन करने से दुर्घटना कभी भी घटित होने की संभावना बनती है। इस आलोक में वर्णित तथ्यों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने बराकर नदी स्थित बीरगाँव-श्यामपुर नदी घाट में बिना लाइफ जैकेट एवं अन्य सुरक्षा बचाव संसाधनों के नाव परिचालन पर रोक के संबंध में प्रखंड विकास पदाधिकारी, जामताड़ा, अंचल अधिकारी जामताड़ा एवं थाना प्रभारी जामताड़ा को निदेश दिया गया है कि यदि किसी व्यक्ति / नाव संचालक के द्वारा बिना लाईव जैकेट एवं अन्य सुरक्षा बचाव संसाधनों के बिना नाव का परिचालन करते हुए पाये जाते है तो उसे अविलंब बन्द कराया जाय। साथ ही संबंधित पंचायत के मुखिया / ग्राम पंचायत सचिव आदि को इसकी जिम्मेवारी/ जबावदेही हेतु पत्र प्रसारित करें तथा यदि परिचालन आवश्यकता हो तो लाईव जैकेट एवं अन्य सुरक्षा बचाव संसाधनों की व्यवस्था के साथ परिचालन सुनिश्चित की जाय ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटना घटित न हो। इसे अत्यावश्यक समझें। वहीं इस संबंध में जिला मत्स्य पदाधिकारी पदाधिकारी को भी आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

## झारखंड के लोहरदगा जिले में फिर से हैवानियत की घटना

लोहरदगा. झारखंड के लोहरदगा जिले में फिर से हैवानियत की घटना आई सामने है. जिले के कुडू थाना क्षेत्र से सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां मंगेतर के साथ घूमने निकली युवती के साथ गैंगरेप किया गया.आरोपियों ने लड़की का मुंह बांध कर दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. आरोपियों की संख्या 12 के करीब बताई जा रही है. हालांकि, इनमें से 5-6 युवकों ने गैंगरेप किया है. घटना केबाद से आरोपी फरार हैं. पुलिस उनकी तलाश कर रही है.

जानकारी के अनुसार, घटना कुडू थाना क्षेत्र के कोलसिमरी की है. रविवार देर शाम को एक युवती अपने मंगेतर के साथ खेत तरफ निकली थी. अचानक 12 के संख्या में नकाबपोस युवक पहुंचे और मंगेतर को मारपीट कर भगा दिया. इसके बाद युवती के साथ बारी बारी से 5-6 युवकों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया. जब युवती शोर मचाने लगी तो युवकों वहा से भाग निकले. इस वजह से कुछ युवक युवती से दुष्कर्म करने में नाकाम रहे,

## विधानसभा अध्यक्ष ने इंटर एवं डिग्री कॉलेज का लिया जायजा।

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

मंगलवार को नाला विधानसभा के विधायक सह विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो ने भगवत झा आजाद इंटर एवं डिग्री कॉलेज का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने दोनों कॉलेज के प्राचार्य को दीया आवश्यक दिशा निर्देश। मौके पर उन्होंने कहा कि हम अक्सर क्षेत्र के भ्रमण के दौरान कॉलेज का भी जायजा लिया करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्राचार्य लोग छात्र -छात्राओं को किस प्रकार का शिक्षा दे रहे हैं, शिक्षा गुणवत्तापूर्ण है या नहीं तमाम विषयों के बारे में जानकारी लेते हैं। साथ ही कॉलेज में क्या सुविधा और असुविधा है इन विषय पर भी चर्चा



किया गया। उन्होंने कहा कि जो भी विषय में हमारे संज्ञान में आता है हम लोग प्रयास करते हैं कि सरकारी स्तर पर इस समस्या को समाधान हो।कहा कि फिलहाल यहा की जो समस्या डिग्री और इंटर कॉलेज को लेकर है वह आधारभूत संरचना के विभाजन के बारे में बातें चल रहा है हमको उम्मीद है की दोनों संस्था के प्राचार्य एक साथ बैठकर इस समस्या का समाधान कर लेंगे। दोनों संस्थाएं अपना स्वतंत्र रूप से संचालित रहेंगे और आने वाले समय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं अच्छे रूप से पठन पाठन पूर्ण कर सकते हैं। मौके पर भगवान झा आजाद कॉलेज डिग्री के प्राचार्य जगदीश कर, इंटर कॉलेज के प्राचार्य प्रदीप कुमार महतो के अलावे कॉलेज कर्मी गण उपस्थित थे।

## भ्रूणहत्या से बढ़कर हत्या, बाल विवाह कराना है --बुद्धिजीवियों की राय है।

### घटकार माफिया(शादी-ब्याह )के ऊपर प्रशासन की नजर रखना होगा ।नहीं तो नारी की अस्तित्व होगी खतरे में ।

**संवाद दाता विपुल गोस्वामी ।।**

मानव समाज कब तक सुधरेगी, ये जाति गत समस्या नहीं है बल्कि व्यक्ति



गत समस्या है।बाल विवाह के परिणाम चौक चौराह मे मांग मे सिन्दूर औरत की परिधान से सुसज्जित होकर भ्रमण करती नन्हा परि नजर के घेरे में। नयी नवेली दुल्हन, जैसे तितली फंख फैलाते हुए इधर-उधर प्रकृति का सौंदर्य का उपभोग करती हो। चर्चा का दौर की ओर नजर क्या जाए तो यह उभर कर सामने आता है कि कल तक ये बच्चियां पठन-पाठन की बोझ लिए स्कूल जाती थी।मांग मे सिन्दूर लिए घूमते हुए दिखाई दे रही है।फूल पूर्ण रूप से खिला ही नही और मुरझाने की दौर का आहट शूरू हो गई ।पर उस कलि को पता ही नहीं कल क्या होगा, उसके साथ ।बुद्धिजीवियों का कहना है ,मानव समाज चाहे किसी जाति धर्म क्यों ना हो जबतक पूर्ण नही हुआ है तब तक बेटी काशादी-ब्याह ,परिणय सुत्र मे बांधना उचित नही है।अल्प और तत्कालीन बोझ से निजात पाने के लिए मासूम बेटी का हाथ पिला करते चले है।बेटी आज के युग मे किसी भी दृष्टिकोण मे कम नही है।बेटा छलांग दे सकता है, तो बेटी उड़ान भर सकती है। मानव समाज को विवेक की दृष्टिकोण से आकलन करना होगा ,झांकना होगा।नहीं तो परिणाम आच्छा नहीं होगा।सूक्ष्म दृष्टिकोण की पारखी नजर से देखा जाय तो ऐसे बाल विवाह प्रथा के बाहक घटकार, शादी-ब्याह माफिया है। जो चन्द रुपये के लालच मे भ्रूण हत्या से बढ़कर काम को सुनियोजित तरीके से अन्जाम तक पहुंचाते है।बाल विवाह कानून को खुलेआम धज्जियां उड़ाई जा रही है।ऐसे घटकार के प्रति प्रशासन को नजर जमा के रखना चाहिए। अन्यथा एक दिन भयावह स्थिती होगा।पुरूष ही रहेगा ।नारी की अस्तित्व खतरे मे आ जाएगी।

## उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन तथा व्यापार की रोकथाम हेतु जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स आहूत बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्यूरो गौतम ठाकुर**

जामताड़ा

किसी भी सूरत में जिले में अवैध खनन नहीं होनी चाहिए, सुनिश्चित करें सभी संबंधित पदाधिकारी- उपायुक्त

खनन क्षेत्रों में नियमित तौर पर छापामारी अभियान चलाएं; पकड़े जाने वाले संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कर जिला बदर करने का मिला निर्देश

अवैध खनन के फलस्वरूप बने सभी गड्ढों की शीघ्र करें भराई; अवैध खनन को रोकने हेतु सभी जरूरी कदम उठाएं- उपायुक्त

आज मंगलवार को उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी फैज अक अहमद मुमताज की अध्यक्षता में अवैध खनन एवं अवैध खनिज परिवहन तथा व्यापार की रोकथाम हेतु गठित जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक आहूत की गई।

बैठक में उपायुक्त द्वारा अवैध कोयला खनन के फलस्वरूप बने गड्ढे भरने, लगातार जांच अभियान चलाने, अवैध खनन में संलिप्त व्यक्तियो के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने, जिला बदर करने, चेक पोस्ट के एक्जिट प्वाइंट पर दंडाधिकारी प्रतिनियुक्ति करने सहित अन्य बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिया।

बैठक में समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने नाला थाना क्षेत्र अंतर्गत पांडेश्वर क्षेत्र, सर्वश्री ईसीएल के बंद पड़े खदानों में अवैध कोयला खनन के फलस्वरूप बने गड्ढों की अविलंब भराई करने का निर्देश दिया, उन्होंने गढ्ढे भरने में हो रहे विलंब को लेकर नाराजगी जाहिर की।

जिले में अवैध खनन किसी भी हालत में न हो पाए इसके लिए नियमित तौर पर छापामारी करने, खनन क्षेत्रों में गश्त तेज करने हेतु उपायुक्त ने संबंधित को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अवैध खनन में संलिप्त लोगों को चिन्हित करते हुए उसके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा जिला बदर करने का निर्देश दिया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारी से अवैध खनन रोकने हेतु माइक्रोप्लान बनाने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने एक्जिट प्वाइंट में एक चेकपोस्ट बनाते हुए पुलिस बल के साथ एक मजिस्ट्रेट की प्रतिनियुक्ति करने का निर्देश दिया एवं लगातार अभियान चलाकर जांच करने का निर्देश दिया।

बैठक में समीक्षा क्रम में बताया गया कि नाला थाना के वन प्रक्षेत्र अंतर्गत पलास्थली, खरमाटी एवं अन्य में पुराने बंद पड़े कोलियरी के कुल 52 अवैध कोयला खनन के फलस्वरूप बने गड्ढों की भराई की गई। वहीं उपायुक्त ने इस पर वन प्रमंडल पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि अवैध कोयला खनन क्षेत्र में ट्रेंच काटकर वृक्षारोपण का कार्य करें




जिससे उन क्षेत्रों में अवैध कोयला की निकासी में अंकुश लगेगी।

बैठक में जानकारी दी गई कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिनांक 26 दिसंबर तक कोयला के अवैध खनन, अवैध खनिज परिवहन एवं व्यापार की रोकथाम से संबंधित कुल 28 मामले सामने आए, जिसमे कुल 26 मामलों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वहीं पत्थर के अवैध खनन परिवहन एवं व्यापार की रोकथाम हेतु कुल 30 मामले सामने आए जिसमें 23 मामलों में 31 वाहनों से खनिज मूल्य की दुगुनी राशि वसूल की गई तथा 6 मामलों में 9 वाहनों पर संबंधित थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई।

बालू खनिज के अवैध परिवहन, भंडारण हेतु कुल 30 मामले प्रकाश में आए जिसमें जिसमे 12 मामलों में प्राथमिकी तथा 19 मामलों में खनिज मूल्य की दुगुनी राशि वसूल किया गया।

उक्त बैठक में ऑनलाइन माध्यम से पुलिस अधीक्षक मनोज स्वर्गियारी वन प्रमंडल पदाधिकारी बनकर अजिंक्य देवीदास, अनुमंडल पदाधिकारी संजय पांडेय, जिला खनन पदाधिकारी दिलीप कुमार, पुलिस उपाधीक्षक जगदीश प्रसाद, महाप्रबंधक ईसीएल पांडेश्वर, एसपी माइंस चितरा प्रतिनिधि, सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी जुड़े

## राज्य सरकार के निदेर्शानुसार कोरोना संक्रमण के रोकथाम व तैयारियों को लेकर जिला व प्रखण्ड स्तर पर किया गया मॉकड्रील

### अस्पतालों में बेड की उपलब्धता, ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों को लेकर किया गया मॉकड्रील

**दैनिक समाज जागरण जिला ब्युरो गौतम ठाकुर**

देवघर

अस्पतालों में बेड की उपलब्धता, ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति एवं आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की तैयारियों को लेकर किया गया मॉकड्रील

जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में की गयी मॉकड्रील- उपायुक्त

राज्य सरकार के निदेर्शानुसार आज मंगलवार को कोरोना वायरस (कोविड-19) के नये वेरियंट इऋ7 के रोकथाम व तैयारियों को लेकर सदर अस्पताल देवघर के साथ-साथ सभी सीएससी केन्द्रों में मॉकड्रील किया गया एवं इसके माध्यम से कोरोना से निबटने की तैयारियों को परखा गया। इस दौरान सिविल सर्जन डॉ0 युगल किशोर चौधरी की उपस्थिति में प्रशिक्षित चिकित्सकों की टीम एवं संबंधित अधिकारियों की टीम द्वारा ऑक्सीजन प्लांट की स्थिति, कोरोना वायरस के संक्रमित मरीजों को आईसोलेट करने एवं उनका ईलाज करने व बेड की उपलब्धता आदि का मॉकड्रील किया गया। साथ हीं वहां के आसपास के क्षेत्रों में संभावित और चिन्हित मरीज के मद्देनजर विभिन्न तैयारियों और व्यवस्थाओं को लेकर पूर्वाभ्यास भी किया गया। इस दौरान मॉक ड्रील के माध्यम से जाना गया कि कोरोना वायरस के संक्रमित मरीज पाए जाने पर मरीज को उसके घर अथवा अस्पताल से किस प्रकार कोरोना से संबंधित इलाज हेतु आईसोलेशन सेंटर ले जाकर आइसोलेट किया जाय एवं उसका ईलाज प्रारंभ किया जाय। इसमें क्या-क्या सावधानी बरतनी है, इसकी भी विस्तृत जानकारी दी गयी। साथ हीं सैनीटाइज करने, मास्क, टोपी आदि से एहतियात



बरतने की जानकारी भी स्वास्थ्य कर्मियों को दी गयी।

इसके अलावा चिकित्सकों व स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा मॉक ड्रिल के माध्यम से आवश्यक तैयारियों के अलावा किस तरह से वह संदिग्ध मरीजों को रिसीव कर वार्डों में ले जाएंगे। वार्ड में भर्ती मरीजों को भोजन, दवा देने व परीक्षण में क्या एहतियात बरतना होगा। इतना ही नहीं बीमार लोगों का नमूना लेने, उसे पैक करने और भेजने आदि की भी जानकारी दी गयी। साथ हीं कोरोना टीम व वार्डों में प्रतिनियुक्त लोगों को कौन-कौन से कपड़े पहनेंगे, कपड़ों को स्टेप वाइज कैसे उतारेंगे और किस तरह उसे नष्ट करेंगे आदि के बारे में भी बतलाया गया। साथ ही जिले में यदि कोई भी संक्रमित मरीज से संबंधित मामला सामने आता है तो किसी भी परिस्थिति में संक्रमित व्यक्ति के त्वरित उपचार हेतु सभी आवश्यक तैयारियों का मॉकड्रील किया गया, ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी प्रकार की कठिनाईयों का सामना न करना पड़े। ज्ञात हो कि मॉक ड्रिल मात्र कोरोना संक्रमण से उपजी संभावित परिस्थितियों को लेकर तैयारियों से संबंधित था। इसके लिए भयाक्रान्त होने जैसी कोई बात नहीं है। वहीं मॉकड्रील का प्रदर्शन कर चिकित्सकों व मेडिकल स्टाफ को बतलाया गया कि कोरोना संक्रमित मरीज का किस तरह इलाज करना है एवं इसके लिए क्या-क्या आवश्यक तैयारियां की जानी है।

इसके अलावा सिविल सर्जन डॉ. युगल किशोर चौधरी द्वारा स्वास्थ्य कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए स्वास्थ्य सुरक्षा व बचाव की भी जानकारी दी गयी एवं निदेशित किया गया कि किसी भी कोरोना वायरस के संक्रमित अथवा संदिग्ध मरीज के ईलाज प्रारंभ करने के पूर्व चिकित्सकों की टीम द्वारा सभी एहतियाती उपाय बरतते हुए ईलाज प्रारंभ किया जाय, ताकि मरीज का ईलाज करने वाले चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मी कोरोना वायरस के चपेट में न आयें और इससे स्वयं को सुरक्षित रखते हुए मरीजो का ईलाज कर सके।

## उपायुक्त ने सरकारी मदरसों में हुए नियुक्ति का दिया जांच का आदेश.

दैनिक समाज जागरण रिपोर्ट राजकुमार भगत

पाकुड़/ वर्ष 2022 में हुए मदरसों में नियुक्ति संदेह के घेरे में है। जिसे लेकर उपायुक्त पाकुड़ ने सरकारी मदरसों में किए गए नियुक्तियों की जांच करने का आदेश जारी किया है।जांच टीम में उप विकास आयुक्त डॉक्टर शाहिद अख्तर एवं जिला शिक्षा अधीक्षक मुकुल राज को शामिल किया गया है। बताया जाता है कि उपायुक्त पाकुड़ को शिकायत मिल रही थी की कुछ मदरसों के नियुक्तियों अनियमितता बरती गई है और योग व्यक्तियों की बहाली नहीं की गई है। शिकायतों के मद्देनजर उपायुक्त पाकुड़ ने इसे नए सिरे से सावधानीपूर्वक जांच करने का आदेश दिया है। जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी पाकुड़ द्वारा अपने कार्यालय पत्र के द्वारा 29 अक्टूबर 2022 से मदरसा मजहरूल उलूम मदनमोहनपुर में रिक्त पद पर नियुक्ति हेतु संपन्न परीक्षा को रद्द करने की अनुशंसा मदरसा प्रबंधन समिति एवं झारखंड अधिविध परिषद रांची से किया था। उपयुक्त ने जांच दल को मदरसा मजहरूल उलूम मदनमोहनपुर में अपनाई गई नियुक्ति प्रक्रिया एवं परीक्षा के संचालन नियुक्ति से संबंधित जांच प्रतिवेदन मंतब्य के साथ 15 दिनों के अंदर उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि जिला अंतर्गत संचालित सभी मदरसों में इस वर्ष संपन्न नियुक्तियों की भी जांच करते हुए जांच प्रतिवेदन समर्पित करे।